राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-275
लखनऊ, शनिवार 25 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



धर्म के आधार पर आरक्षण देने वालों को बेनकाब करना आवश्यक : सीएम योगी 03

पांच चरण में मोदी को मिल चुकी हैं 310 सीट : अमित शाह 12

# छठा चरण : 58 सीटों पर मतदान आज

## आठ राज्यों की 58 लोकसभा सीटों पर 11.13 करोड़ वोटर्स करेंगे मताधिकार का प्रयोग

### ओडिशा में 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी होगा मतदान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर शनिवार (25 मई) को मतदान होगा। चुनाव आयोग कल होने वाले मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस चरण में कुल 889 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी साथ-साथ मतदान होगा।

छठे चरण के लिए 8.93 लाख से अधिक पंजीकृत 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 100 वर्ष से अधिक आयु के 23,659 मतदाता और 9.58 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही जबरदस्त प्रशंसा और प्रतिक्रिया मिल रही है। सुरक्षाकर्मियों को आने-जाने के लिए 20 विशेष रेलगाड़ियां तैनात की गई हैं। 184 पर्यवेक्षक (66 सामान्य पर्यवेक्षक, 35 पुलिस पर्यवेक्षक, 83 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक सतर्कता बरती जा सके। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को भी तैनात किया गया है। मतदाताओं को दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती और तेजी से निपटने के लिए कुल 2222 उड़न दस्ते, 2295 स्थैतिक निगरानी दल, 819 वीडियो निगरानी दल और 569 वीडियो अवलोकन दल चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं। कुल 257 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 927 अंतर-राज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकद राशि और मुफ्त उपहारों के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। इसके साथ-साथ समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गई है। पानी, शेड, शौचालय, रैम्प, स्वयंसेवक, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित और न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता बड़ी आसानी से अपना वोट डाल सके। छठे चरण में दिल्ली की सभी सात सीटों- चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिणी दिल्ली, हरियाणा की सभी 10 सीटों- अंबाला, कुरुक्षेत्र, सिरसा, हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुड़गांव और फ़रीदाबाद, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों- सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही, पश्चिम बंगाल की आठ सीटों- तमलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा और बिष्णुपुर, झारखंड की चार सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर, बिहार की आठ सीटों वाल्मीकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान एवं महाराजगंज, जम्मू-कश्मीर की एक सीट अनंतनाग-राजौरी और ओडिशा की छह सीटों भुवनेश्वर, पुरी, ढेंकनाल, क्योंझर (एससी), कटक और संबलपुर पर मतदान होगा।




### इन सीटों पर होगा मतदान

चुनाव आयोग के अनुसार, 58 संसदीय सीटों में 49 सामान्य, 2 एसटी और 7 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राज्यवार उम्मीदवारों की बात करें तो इस चरण में बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उधर, ओडिशा विधानसभा की 42 विधानसभा सीटों में 31 सामान्य, 5 एसटी और 6 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। आयोग के अनुसार इस चरण में लगभग 11.4 लाख मतदान अधिकारी 1.14 लाख मतदान केंद्रों पर 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। कुल 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5120 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

### भारत-नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी, सीमा पूरी तरह बंद

**बेतिया।** 25 मई यानि शनिवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की ओर से कड़ी चौकसी की गयी है। एसएसबी 47वीं बटालियन में इनरवा में तैनात असिस्टेंट कमांडेंट गुलाब चौधरी और इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर 23 मई की 5 बजे शाम से ही सीमा कंप्लीट रूप से सील हैजो चुनाव के दिन शनिवार यानी 25 मई की शाम 5 बजे तक भारत नेपाल सीमा सील रहेगा। किसी को भी आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोई वाहन को भी आने जाने की अनुमति नहीं है। बेहद खास परिस्थिति में ही जांचोपरांत आने जाने दिया जा रहा है। हालांकि जवानों के निर्देश दिया गया है कि नेपाल और भारत से 25 मई के शाम 5 बजे तक किसी को भी नहीं आने जाने दिया जाये।

# शेष बची यूपी की सभी 27 सीटें जीत रहा है इंडिया : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि छठे और सातवें चरण के चुनाव में इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश में लोकसभा की सभी 27 सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा है। छठे चरण का मतदान कल शनिवार को है, जबकि सातवें चरण का मतदान एक जून को है। अंतिम चरण के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा क्षेत्र वाराणसी भी शामिल है। सपा कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक अखिलेश ने कहा, लोकसभा चुनाव-2024 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की विदाई तय है। लगातार पांच चरणों के मतदान में भाजपा कमजोर हुयी है। पूर्वांचल से भारतीय जनता पार्टी का पूरी तरह से सफाया होगा।

समाजवादी पीडीए परिवार 'इंडिया' गठबंधन के साथ जिस तरीके से मिलकर भाजपा का सफाया कर रहा है, उससे साफ जाहिर है कि छठे और सातवें चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन लोकसभा की 27 की 27 सीटें जीतकर इतिहास रचने जा रहा है। यादव ने कहा, ''भाजपा ने जनता से जितने झूठे वादे किए उससे व्यापक आक्रोश है। लोगों को अब भाजपा नेतृत्व के वादों और गारंटी पर तनिक भी विश्वास नहीं हो रहा है। भाजपा ने लोगों को टीका लगवाकर उनका जीवन संकट में डाल दिया।''

सपा प्रमुख ने कहा कि खेतीबाड़ी से जुड़े लोग जानते हैं कि 10 साल में किसान सबसे ज्यादा परेशान रहा है। किसान की आय दुगनी तो हुई नहीं उत्पादन लागत बढ़ा दी गई। बिजली, खाद, कीटनाशक, डीजल, पेट्रोल सब महंगा कर दिया। किसान लगातार घाटे में जा रहा है। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है, तब से दिल्ली और लखनऊ के डबल इंजन आपस में टकराने लगे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू, नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्जवल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्री का भी इस संबंध में एक बयान आया है। उन्होंने कहा है कि प्रज्जवल रेवन्ना का पासपोर्ट अभी रद्द नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से इस संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ था। मंत्रालय नियमों के तहत कार्रवाई कर रहा है। कर्नाटक की हासन सीट से सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को जनता दल (सेक्यूलर) से कथित 'यौन उत्पीड़न' मामले में निष्कासित किया जा चुका है। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी के टिकट पर वे इसी सीट से चुनावी मैदान में भी हैं। 26 अप्रैल को सीट पर मतदान हुआ था, जिसके एक दिन पहले रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। मामले में कार्रवाई से पहले ही वे विदेश भाग गए। प्रज्जवल रेवन्ना के वीडियो वायरल होने के बाद से ही तरह-तरह के आरोप सामने आ रहे हैं।

### पुणे हिट एंड रन केस : छह को 14 दिन की न्यायिक कस्टडी

**मुंबई।** पुणे हिट एंड रन मामले में आरोपित नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल सहित छह आरोपितों को शुक्रवार को शिवाजी नगर सेशन कोर्ट ने 14 दिन तक न्यायिक कस्टडी में भेज दिया है। पुणे पुलिस की टीम ने आज इन सभी को पुलिस कस्टडी खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया था। सेशन कोर्ट में सरकारी वकील ने कहा कि इस मामले में आरोपितों के मोबाइल काल, अकाउंट की छानबीन करनी है, इसलिए पुलिस कस्टडी 7 दिन और बढ़ाई जानी चाहिए। आरोपितों के वकील ने कहा कि पुलिस जिन कारणों को बताकर पुलिस कस्टडी बढ़ाने की मांग कर रही है, वह जांच न्यायिक कस्टडी में भी की जा सकती है। इसके बाद कोर्ट ने छह आरोपितों को 14 दिनों तक न्यायिक कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है। कोर्ट के इस फैसले से विशाल अग्रवाल की जमानत का रास्ता साफ हो गया है।

### बीएसएफ ने सीमा पर पकड़ा 85 लाख का सोना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के छठे चरण से पहले, दक्षिण बंगाल सीमान्त के अंतर्गत सीमा चौकी घोजाडांगा पर बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर 24 परगना की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी सफलता हासिल की है। बीएसएफ जवानों ने सोने की तस्करी के प्रयास को विफल कर एक भारतीय तस्कर को सोने के 11 बड़े और चार छोटे टुकड़ों के साथ गिरफ्तार किया। जब्त किए गए सोने के टुकड़ों का कुल वजन 1166.48 ग्राम है और अनुमानित बाजार मूल्य 85 लाख 15 हजार 304 रुपये है।

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दो विधायकों को एक माह की सजा

समृद्धि न्यूज

**बागपत।** जिले की स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को वर्तमान विधायक और एक पूर्व विधायक को एक माह की सजा सुनाई है। वर्ष 2007 में विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा करने पर चुनाव आयोग ने मुकदमा दर्ज कराया था। वर्ष 2007 में विधानसभा चुनाव के दौरान बिनोली में बिना अनुमति के सभा का आयोजन किया गया था।

चुनावी सभा के चुनाव आयोग ने पूरे मामले को संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसकी सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। शुकवार को मामले में सजा का ऐलान किया गया है, जिसमें भाजपा के विधायक योगेश धामा, राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व विधायक वीरपाल राठी, राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठीना, राजू तोमर सिरसली, पूर्व प्रधान अखिलेश और पूर्व प्रधान रामपाल यादव को दोषी करार माना गया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन भगत सिंह की कोर्ट ने सभी को दोषी मानते हुए एक माह की सजा और 100 रुपये का अर्थ दंड लगाया है। कोर्ट में न पहुंचने पर पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, पूर्व विधायक सतेंद्र सोलंकी के खिलाफ भी गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। भाजपा के विधायक योगेश धामा का कहना है कि हमारे खिलाफ कोई भी गवाह नहीं है।

# देश को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस व इंडी गठबंधन ने पहुंचाई

▸ सीएम योगी ने फरेंदा विस में जनसभा को किया संबोधित

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को सबसे ज्यादा क्षति कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने पहुंचायी है। इन्होंने सत्ता के लिए पहले देश का विभाजन किया, फिर देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया। ये कहते हैं कि हम संविधान बदलकर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी कर मुसलमानों को दे देंगे।

ये देश के खिलाफ गहरी साजिश रच रहे हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इसी के



तहत पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमान को दे दिया था। कोलकाता हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में मुसलमान आरक्षण पाने के अधिकारी नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि संविधान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और मंडल कमीशन के तहत ओबीसी जातियों को ही आरक्षण पाने का अधिकार है। यह आरक्षण धार्मिक आधार पर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण देश के विभाजन की नींव डालने जैसा है। वर्ष 1947 में भारत का विभाजन हो चुका है, अब दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज लोकसभा क्षेत्र की फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज अयोध्या में रामलला अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हैं। यह डबल इंजन की सरकार की वजह से साकार हो सका है।

### समान नागरिक संहिता लागू करना मेरा संकल्प : मोदी



**मंडी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। पांच चरणों के चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका है। अब हिमाचल की चारों सीटें जीत कर सोने पे सुहागा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चार शून्य की हैट्रिक लगने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पांच सौ साल के संघर्षों के बाद हुआ है। इस बीच कई पीढ़ियां संघर्ष करते हुए खप गईं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि है। क्योंकि वर्ष 1989 में पालमपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जो निर्णय हुआ था, उसने इतिहास रचा है। पालमपुर में ही अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाए जाने का संकल्प लिया गया था। जो अब बन कर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान पत्नी तंजीम व बेटे को हाईकोर्ट ने दी जमानत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में जमानत दे दी है।



कोर्ट ने आरोपों की प्रकृति और रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों पर विचार करते हुए कहा कि आजम खान का मामला डॉ. तंजीन फातिमा और मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के मामले से अलग है। अतः आजम खान की सजा का फैसला और आदेश उनके आपराधिक संशोधन के लंबित रहने के दौरान स्थगित रहेगा, जबकि उनकी पत्नी और बेटे की सजा के फैसले और आदेश पर रोक लगाने की प्रार्थना खारिज कर दी गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी माना कि याचियों के खिलाफ गठित अपराध कोई जघन्य अपराध नहीं है। उन्होंने ट्रायल के दौरान मिली जमानत का दुरुपयोग नहीं किया है, साथ ही तीनों ने मिली सजा में से पहले ही एक से दो वर्ष तक की सजा काट ली है। उक्त पृष्ठभूमि पर न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने आजम खान व उनके परिवार को संबंधित न्यायालय की संतुष्टि के लिए एक व्यक्तिगत बांड और समान राशि के दो विश्वसनीय जमानतदार प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि आजम खान अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि उन्हें एक अन्य मामले में भी सजा हुई है जबकि तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम जेल से बाहर आ जाएंगे।

### मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद की अगली सुनवाई 27 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल सिविल वादों की सुनवाई जारी है। अगली सुनवाई 27 मई को होगी। शुक्रवार को हिंदू पक्ष ने बहस की कि देवता शाश्वत नाबालिग होते हैं इसलिए सीपीसी के आदेश 32 के प्रावधान इस मामले में भी लागू होगा। कहा गया कि भगवान श्री कृष्ण विराजमान कटरा केशव देव द्वारा मित्र के माध्यम से सिविल वाद दायर किए गए हैं, जिसमें अपनी जमीन से मस्जिद का अवैध कब्जा हटाकर वापस सौंपने की मांग की गई है। यह केस विधि सम्मत है। कहा गया कि मुक़दमों की ग्राह्यता का निर्णय वाद बिंदु तय करने और पक्षों से साक्ष्य लेने के बाद किया जा सकता है।

## उच्च न्यायालय में अफजाल अंसारी की अपील पर सुनवाई 27 तक टली

समृद्धि न्यूज

▸ अंसारी ने दोषसिद्धि व चार साल की सजा को दी है चुनौती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई 27 मई तक के लिए टाल दी। अंसारी ने गाजीपुर की एक अदालत द्वारा गैंगस्टर कानून के एक मामले में दोषसिद्धि एवं चार साल की सजा को चुनौती दी है।

वर्ष 2005 में भारतीय जनता पार्टी के विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के बाद गैंगस्टर कानून के तहत अफजाल पर यह मामला दर्ज किया गया था। उच्च न्यायालय का निर्णय गाजीपुर लोकसभा सीट से अफजाल की उम्मीदवारी को प्रभावित कर सकता है जहां से वह समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। यदि उच्च न्यायालय निचली अदालत के फैसले को सही ठहराता है तो अफजाल चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाएंगे। गाजीपुर में एक जून को मतदान है। मौजूदा अपील के साथ ही यह अदालत इसी मामले में अफजाल की सजा बढ़ाने की राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय की याचिका पर भी सुनवाई कर रही है। बृहस्पतिवार को अभियोजन पक्ष की तरफ से राज्य सरकार के वकीलों और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष राय के वकीलों ने अपनी बहस पूरी की।

### मालीवाल केस : आरोपी बिभव को कोर्ट ने चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट ने चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बीती 18 मई को दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कथित स्वाति मालीवाल हमला मामले में शुक्रवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तीस हजारी अदालत के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने पांच दिन की पुलिस रिमांड की समाप्ति पर कुमार को अदालत में पेश किए जाने के बाद आदेश पारित किया। कुमार को अब 28 मई को अदालत में पेश किया जाएगा

## मांग : चुनाव आयोग ईवीएम का डेटा तीन साल तक रखे सुरक्षित

एजेंसी

▸ कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से की अपील

**नई दिल्ली।** कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत से अपील की है कि चुनाव आयोग को ईवीएम का डेटा तीन साल तक सुरक्षित रखने के निर्देश दें। उन्होंने दावा किया कि इससे मतदान से जुड़ी कई जानकारियां पता चलेंगी। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि चुनाव आयोग को ईवीएम के डेटा को कम से कम दो या तीन साल के लिए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए जाएं।

सिब्बल ने शीर्ष अदालत से यह अनुरोध भी किया है कि आयोग को मतगणना से पहले प्रत्येक चरण के मतदान के रिकॉर्ड की घोषणा करने के भी निर्देश दिए जाएं। ताकि कोई भी सदस्य अवैध रूप से निर्वाचित न हो। सिब्बल ने कहा कि अगर चुनाव आयोग द्वारा फॉर्म 17 सी (दर्ज किए गए वोटों का खाता) अपलोड नहीं किया जा सकता तो राज्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह जिम्मेदारी ली जा सकती है। ईवीएम का डेटा सुरक्षित रखने से यह पता चलेगा कि मतदान किस समय पर संपन्न हुआ और कितने वोट अवैध हैं। इससे यह भी पता चलेगा कि वोट किस समय डाले गए थे। इसलिए डेटा को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। सिब्बल ने दावा किया कि चुनाव आयोग आमतौर पर इस डेटा को 30 दिन के लिए सुरक्षित रखता है।

**नया नियम** — नगर आयुक्त के निर्देशानुसार बड़ा मंगल सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी

# बड़े मंगल के भंडारे के लिए अब पंजीकरण कराना अनिवार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार पूर्व की भांति इस वर्ष भी जीरो वेस्ट बड़ा मंगल सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

इस वर्ष भी जेष्ठ माह में कराए जाने वाले बड़े मंगल के भंडारे का लिए सर्वप्रथम शहरवासियों को नगर निगम के पोर्टल या वन एप पर या नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बरों पर कॉल करके पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। जिससे कि उक्त स्थल पर साफ -सफाई सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित कराई जा सकें। सनद रहे कि लखनऊ में 28 मई से बड़ा मंगल





उत्सव की शुरुआत होगी, जो लगभग एक महीने तक चलेगा। यह यूपी की राजधानी का एक खास उत्सव है, इसलिए नगर निगम द्वारा पूर्व की भांति इस वर्ष भी इसे सफल बनाने हेतु लोगों को सहूलियत प्रदान करने के खास इंतजाम किये गए हैं। पंजीकरण करवाने से उक्त भंडारे स्थल पर भंडारे से पूर्व व पश्चात साफ-सफाई करवाये जाने के साथ ही एक बैनर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

नगर निगम में पंजीकरण कराने के लिए सर्वप्रथम भंडारा आयोजक को एलएमसी पोर्टल अथवा लखनऊ वन एप अथवा नियंत्रण कक्ष के टोल फ्री नम्बरों-1533, 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902614 पर कॉल करके अपना नाम, नम्बर, स्थान एवं लोगों की अनुमानित संख्या इत्यादि पंजीकृत करवानी होगी, उसके बाद ही वे भंडारे को सफल रूप से सम्पन्न करवा सकेंगे। बड़े मंगल को जीरो वेस्ट एवं स्वच्छता के साथ संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा इसे प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लोगों से अपील की गई है।साथ ही भंडारे स्थल पर आयोजन के बाद उसी प्रकार साफसफाई करवाई जाएगी जैसे भंडारे से पूर्व में होगी। इसी के साथ भंडारे का पश्चात कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण एवं उठान इत्यादि के साथ अन्य तमाम व्यवस्थाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी, इसलिए नगर आयुक्त द्वारा सभी शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करवाए जाने और बड़े मंगल के उत्सव को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# अय्याशी में रोड़ा बन रही पत्नी की गला घोटकर हत्या

- पति समेत 4 के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद खीरी के पढुआ थाना क्षेत्र के भैरमपुर बैरिया गांव में एक बेरहम पति ने अय्याशी में रोड़ा बनी अपनी पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। मृतका के मायके वालों ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाया है। वारदात की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं हत्यारोपी पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिजनों ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

जिला लखीमपुर खीरी के पढुआ थाना क्षेत्र के भैरमपुर बैरिया गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह की 25 वर्षीय पत्नी हरप्रीत कौर का शव उसके घर में ही संदिग्ध हालात में बरामद हुआ है। मृतका के गले पर चोट के निशान थे। वहीं जमीन पर चूड़ियों के टुकड़े गिरे पड़े थे। मृतका के


मृतका का फाइल फोटो

ससुरालियों का कहना है कि अचानक ही तबियत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई है, जबकि उसके मायके वालों का आरोप है कि मृतका के पति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उसकी गला घोंट कर हत्या की है। वारदात की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पढुआ पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के भाई शमशेर सिंह ने बताया कि उसका बहनोई धर्मेंद्र सिंह अय्याश किस्म का व्यक्ति है। उसके अपनी भाभी समेत अन्य कई महिलाओं से अवैध संबंध है, उसकी बहन हरप्रीत ने धर्मेंद्र सिंह को कई बार अपनी भाभी के साथ आपत्तिजनक हालत में रंगे हाथ पकड़ा था। कुछ समय पहले उसका बहनोई धर्मेंद्र सिंह एक महिला को भगाकर घर में ले आया था, जिसका विरोध करने पर धर्मेंद्र सिंह ने उसकी बहन हरप्रीत कौर को पीटा भी था। धर्मेंद्र सिंह की इन्हीं हरकतों के चलते उनकी बहन मायके आ गई थी, लेकिन रिश्तेदारों के समझाने बुझाने पर तथा दोबारा ऐसा न करने के वादे पर उसकी बहन हरप्रीत करीब एक हफ़्ता पहले अपनी ससुराल वापस चलीं गईं थीं।

लेकिन बहनोई धर्मेंद्र ने फिर से उसे तंग करना शुरू कर दिया था। हरप्रीत कौर धर्मेंद्र सिंह की अय्याशी की राह में रोड़ा बन रही थी, जिसके चलते बीती रात उसके बहनोई धर्मेंद्र सिंह ने अपने परिवार के साथ मिलकर उसकी बहन हरप्रीत कौर की गला घोंट कर हत्या कर दी है। इस बाबत पढुआ थानाध्यक्ष हरिकेश राय ने बताया कि मृतका के पिता जगजीत सिंह ने दामाद धर्मेंद्र सिंह, ससुर गुरपाल सिंह, जेठ जसविंदर सिंह व जेठानी रमनदीप कौर के खिलाफ नामजद तहरीर दी है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## धार्मिक उन्माद भड़काने वालों पर कार्रवाई की मांग

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में महारानी सूरत कुमारी रोड स्थित श्री रामलीला मेला कमेटी के धर्मशाला में सीसीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि भगवान श्रीराम के फोटो पर धार्मिक उन्माद भड़काने के लिए लफंगा व्यक्ति के द्वारा अश्लील हरकत की गई है। घटना का वीडियो पड़ोस में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया है। श्री रामलीला मेला समिति के पदाधिकारी ने पुलिस को अपने लेटर पैड पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

शुक्रवार को कस्बे की श्रीराम लीला मेला समिति के धर्मशाला में सीडीओ पर रखे रामलाल के फोटो पर एक लफंगे युवक ने धार्मिक उन्माद भड़काने के लिए चित्र के साथ अश्लील हरकत कर दी। मामला पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। श्री रामलीला मेला समिति के पदाधिकारी प्रवीण कुमार शाह अनुराग शुक्ला एवं नृयराज सह ने अपने लेटर पैड पर मनचले युवक के द्वारा की गई हरकत के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर सिंगाही पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है।

## खबरें एक नजर में

### खराब विद्युत मीटर में हो रहे बदलाव

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भयंकर गर्मी व तपिश को देखते हुए विद्युत उपभोक्ताओं को तमाम असुविधाओ से बचाने के लिये जैदपुर विघुत वितरण उपकेन्द्र जैदपुर मे मेगा कैम्प लगाकर घरेलू कमर्शियल पावर लूम के बकाया बिल जमा कराने के साथ साथ तमाम खराब मीटर भी बदले गये। जानकारी के मुताबिक एसडीओ संदीप सिंह व जेई शमसुल लका अंसारी के नेतृत्व मे शुक्रवार को सुबह से ही विद्युत उपकेंद्र जैदपुर मे मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें घरेलू,कमर्शियल,पावरलूम उपभोक्ताओ के तमाम बिल जमा करने के साथ साथ खराब विद्युत बिलो को सही करने व खराब मीटर को बदलने का कार्य किया गया।इस मौके पर समय पर एसडीओ संदीप सिंह ने बताया सभी उपभोक्ता अपना विद्युत बिल समय पर जमा करें व विद्युत विच्छेदन की अप्रिय कार्यवाही से बचें। किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत होने पर तुरन्त जैदपुर उपकेंद्र पर सम्पर्क करे।मेगा कैम्प के आयोजन? की सूचना लगातार दो दिनो से क्षेत्र मे हमारे कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओ को लाउडस्पीकर से सुचित करने पर आज कैम्प भारी संख्या मे लोगो ने बकाया बिल जमा हुये है। इस अवसर पर सुपरवाइजर वकार मेंहदी,फिरोज रिजवी, सुरेंद्र,मो वसी फुरकान,आशिफ,इरशाद अंसारी,चांद बाबू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### दो गांवो से चार भैंसे हुई चोरी, संदिग्ध हिरासत में

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में चोर बीती रात दो गांवों से चार भैंस चोरी कर फरार हो गए। भैंस चोरी कीघटनी घटना तहसील मुख्यालय से लगभग 3 किलोमीटर दूरी स्थित बबुरिहा गांव में घटित हुई गाँव निवासी रामेश्वर की तीन भैंसें घर के बाहर बंधी थीं रात एक बजे रामेश्वर की पत्नी लधुशंका के लिए घर से बाहर निकली तो देखा सभी भैंस गायब है। पूरे घर को जगाया घर वालों की गुहार पर गांव के लोग मौके पर आ गए।ग्रामीणों ने रात में ही आस पास के क्षेत्रों में खोजबीन शुरू कर दी। मौके पर पीआरवी पुलिस भी आई रात भर खोजने के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। दूसरी घटना रीठी सिकन्दरपुर गांव में हुई।यहां के निवासी साहेब प्रसाद मौर्य शुक्रवार की भोर लगभग 3 बजे जगने के बाद घर के बाहर आए तो देखा कि लपक व्यक्ति छोटा हाथी वाहन पर उनकी भैंस को लाद रहा है।उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए चोरी से भैंस वाहन में लाद रहे चोर को अकेला समझ पकड़ लिया लेकिन इसी समय दो अन्य साथियों ने आकर उसके सिर पर चाकू से हमला कर दिया। साहेब प्रसाद के जमीन में गिरते ही बदमाश भैंस को वाहन पर लादकर फरार हो गए घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजकर कई स्थानों पर छापामार कर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### अनियंत्रित होकर मोपेड खंबे से टकराई, एक की मौत

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** मोपेड खंबे से टकराने पर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, एक की हुई इलाज के दौरान मौत हो गई। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव इब्राहिमपुर में 24 मई की सुबह लगभग 8:00 बजे एक मोपेड खंबे से टकरा गई। हादसे में मोपेड पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। गांव कलवारी निवासी मुस्तकीम रजा पुत्र असगर अली गांव में ही परचून की दुकान चलाता है दुकान का सामान लेने के लिए वह सुबह गांव के ही अरबाज पुत्र सज्जन अली के साथ इब्राहिमपुर जा रहा था। इब्राहिमपुर पहुंचते ही उसकी मोपेड अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और पीछे बैठा अरबाज भी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा उन दोनों को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया जिसमें गंभीर रूप से घायल मुस्तकीम की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि अरबाज की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। मृतक मुस्तकीम चार भाइयों में सबसे छोटा है दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है।

परिजनों के मुताबिक अभी डेढ़ महीने पहले ही मृतक मुस्तकीम के बड़े भाई की गंभीर बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। 2 महीने के अंदर दो भाइयों की मौत से परिवार सदमे में है।

## युवक का गला काट कर हत्या करने का किया प्रयास, जांच शुरू

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम ललहोआ के मजरा अल्लीपुर में खेत बचाने गए युवक का दबंगो द्वारा गला काट कर हत्या करने की कोशिश करने की घटना प्रकाश में आई है। अल्ली पुर निवासी विनोद कुमार द्वारा थाना मितौली में दी गई तहरीर के अनुसार गत इक्कीस मई को विनोद कुमार व उसका पुत्र अंकित कुमार अपना गन्ना बचाने गए हुए थे उसी समय गोविद उर्फ ट्रेक्टर धर्मवीर पुत्रगण रामखेलावन तथा रामखेलावन रामभजन एक राय होकर खेत पर जाकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर विपक्षियों द्वारा अंकित को पकड़ कर बाके से गले पर गंभीर रूप से प्रहार करने लगे। शोर मचाने पर विपक्षी भाग गए। अंकित को गंभीर अवस्था में परिजनो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल होने पर जिला चिकित्सालय को रेफर किया गया। जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया जहां उसका इलाज संचालित है। अंकित के पिता विनोद कुमार द्वारा मितौली थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया मितौली पुलिस ने घटना को पंजीकृत करने के उपरांत अपराधियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई है।

## नई पहल : एमएचसीपी के तहत चयनित स्टाफ नर्सों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

- 21 महिला स्टाफ नर्सों को जिला महिला चिकित्सालय में बैचवार दिया गया प्रशिक्षण
- सीएमएस के निर्देशन में सिखाया जा रही सुरक्षित प्रसव की बारीकियां



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों के सफल संचालन और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के उद्देश्य से

जिले में एमएचसीपी कार्यक्रम के लिए चयनित 21 महिला स्टाफ नर्सों को जिला महिला चिकित्सालय में बैचवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को लेकर पाँच-पाँच स्टाफ नर्सों के चार बैच बनाए गए है। इस सभी बैचों को 15-15 दिन का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें से पहले बैच का प्रशिक्षण जिला महिला चिकित्सालय के प्रसव कक्ष में सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा की देखरेख में शुरू भी हो चुका है।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर होने वाले घरेलू प्रसवों को संस्थागत प्रसव के रूप में परिवर्तित कर मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में नवजात, शिशु, गर्भवती, धात्री व बच्चों की देखभाल के साथ टीकाकरण, जांच, संस्थागत प्रसव, शिशु मृत्यु दर कम करने व अन्य सहायता के लिए स्टाफ नर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस प्रशिक्षण से निश्चित रूप से सभी नव नियुक्त स्टाफ नर्सों को लाभ होगा, साथ ही जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और भी सुदृढ़ होंगी। सीएमएस डॉ. ज्योति मल्होत्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य, प्रसव के समय होने वाली कठिनाइयों और दुर्घटनाओं से बचने का तरीकों और उपचार की विधियों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी जानकारी दी जा रही है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता लल्ला सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिशु मृत्यु दर को कम करने में काफी मदद मिलेगी साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जा सकेगा।उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सभी स्टाफ नर्सों को अपने कर्तव्यों के प्रति वचनबद्ध होकर कार्य करने की सलाह दी है। जिससे कि लाभार्थियों को किसी तरह की कोई समस्या न होने पाए।

## ओदरहना गांव में डेढ़ लाख की नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

के फरधान थाना क्षेत्र के ओदरहना गांव में बीतीरात को चोरो ने एक घर से एक लाख चौवन हजार आठ सौ रूपये की नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया लेकिन अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

घटना फरधान थाना क्षेत्र के गांव ओदरहना की है। गांव निवासी कमलेश वर्मा और दीपक वर्मा दोनों भाई एक ही मकान में संयुक्त परिवार के रूप में रहते है। गुरुवार की रात को दोनों भाई अपने परिवार सहित छत पर सोये हुए थे। कमलेश वर्मा सुबह करीब तीन बजे सोकर उठने के बाद नीचे आये तो दो कमरो के दरवाजे खुले देख दंग रह गए। कमरे के अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था। बक्सो और अलमारी के ताला टूटे हुए मिले। अलमारी में रखी एक लाख चौवन हजार आठ सौ रूपये की नगदी और सोने का हार, झुमकी, कुण्डल, अंगूठी और पायल समेत करीब चार लाख रूपये के जेवर चोरी हो गए। कमलेश ने बताया चोर पीछे की पक्की दीवार के सहारे घर में प्रवेश किया है। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। एसओ कौशल किशोर ने बताया चोरी की जानकारी होने पर हल्का दरोगा प्रवीण यादव को मौके पर भेजा था। तहरीर मिल गयी है उचित कार्यवाही की जाएगी।

### मासूम के साथ किशोर ने किया दुराचार, मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस अभिरक्षा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** घर की छत पर जानवरो को चारा खिलाते समय मे कस्बे के एक मोहल्ले के एक नाबालिग लड़के ने एक छ- साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया।पीड़ित मासूम के पिता ने जैदपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर मोहल्ले के ही एक पंद्रह वर्षीय बालक पर दुराचार करने का आरोप लगाया है।पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।मामला नगर पंचायत जैदपुर के कस्बे के एक मोहल्ले का है।जहां दो दिन पूर्व शाम चार बजे परिवार के सभी लोग घर में नीचे मौजूद थे और छत पर जानवरो को चरा खिलाते समय एक पंद्रह वर्षीय बालक ने अपने घर के सामने रहने वाली एक छ- वर्षीय मासूम को बहलाकर अपनी छत पर बुलाकर जबरन उसके के साथ दुराचार किया।जिसके चलते मासूम की हालत बिगड़ी देख परिवार के लोग उसे बाराबंकी उपचार हेतु ले गये।जहां मामले की पूरी तरह जानकारी हुई।जिसकी शिकायत पिता द्वारा जैदपुर थाने मे करने पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे अभिरक्षा मे ले लिया है।इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया मामला संज्ञान में है। आरोपी को अभिरक्षा मे लेकर कर मुकदमा दर्ज किया गया है।जांच पड़ताल जारी है।

## नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, एसपी से लगाई गुहार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत एक गाँव की नाबालिक लड़की को थाना लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्र के एक गाँव निवासी लड़के के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामले सामने आया है। मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़िता विधवा महिला ने 17 मई 24 को थाना खीरी पुलिस को शिकायत पत्र दिया था लेकिन पुलिस पीड़िता से नाबालिक होने का प्रमाण मांग रही थी और अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।इस सम्बन्ध में 24 मई 2024 को पीड़िता विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा से मिलकर शिकायत पत्र सौंपा है और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है वहीं एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना खीरी पुलिस को मामले में जांच के आदेश दिए हैं। पीड़िता का कहना है कि एफआईआर दर्ज कराने के लिए पहले वह खीरी पुलिस के पास दौड़ लगाती रही लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है इसलिए वह पुलिस अधीक्षक से मिली है और एफआईआर दर्ज करा कर कार्रवाई की मांग की है। थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत एक विधवा महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर बताया है कि उसकी नाबालिक पुत्री जिसकी उम्र करीब 16 वर्ष की है जो 17 मई 24 को सीतापुर रोड पर आकर एक लड़के के साथ चली गई है जिसको भगाने में गाँव के ही एक व्यक्ति का हांथ है। पीड़िता का कहना है कि लड़की जिस गाँव में गई है वहां पहले से ही उसकी बड़ी लड़की की ससुराल है जहां उसकी छोटी लड़की जाती रहती थी और वहीं गाँव के एक लड़के की जान पहचान हो गई थी। पीड़िता का आरोप है कि उसकी लड़की उसी गाँव के लड़के के साथ गई है और अपने सभी कागज, आधार कार्ड साथ ले गई है। पीड़िता का कहना है कि मेरी लड़की बाहर रहकर काम करने गई थी वहीं पर अपना आधार कार्ड संशोधन करा लिया और उसके अनुसार वह बालिक है जबकि स्कूल में अभी दर्ज अभिलेख में नाबालिक है। इस समय स्कूल बंद हैं इसलिए वहां से कोई दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं। फिलहाल पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलकर मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की है।

## महाराजा ढाबा पर फिर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित महाराजा ढाबा संचालक की लचर व्यवस्था के कारण आये दिन होने वाली घटनाएँ से सुर्खियों मे बने ढाबे पर बीती रात्रि खाना खाने आये लोगो मे जमकर मारपीट हुई सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने तीन उपद्रियों को हिरासत मे लेते हुए ढाबा संचालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है

बताते चले की थाना मुख्यालय से मात्र 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित महाराजा ढाबे पर आये दिन कोई न कोई घटनाएँ होती रहती है गुरुवार की देर रात्रि खाना खाने आये लोगो के



बीच जमकर मारपीट हुई इस दौरान ढाबे की कई कुर्सियां एव टेबल क्षतिग्रस्त हो गयी।

गालियों के बीच हो रही मारपीट का वीडियो वायरल जमकर वायरल हो रहा है बहरहाल ढाबा संचालक रामचंद्र पुत्र देशराज की तहरीर पर उपद्रव करने वाले पंकज कपाड़िया, राजू कपाड़िया एव श्रीपाल उर्फ़ पिंटू कपाड़िया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर हिरासत मे ले लिया है।

### सुर्खियों मे है महाराजा ढाबा

सुर्खियों मे बने महाराजा ढाबे पर बीते एक महीने मे ढाबे पर काम करने वाले दो युवकों ने रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर चुके है बड़ी हैरान करने वाली यह बात है कि दोनो मृतक फांसी लगाने से पहले ढाबा संचालक को फोन कर अपनी मर्जी से फांसी लगाने की बात करके ही फांसी लगाते है। गत 5 मार्च को ढाबे पर वेटर का काम करने वाले रामपुर खरगी निवासी कन्हैया पुत्र नौमीलाल, व 10 अप्रैल को मसुदामऊ निवासी राम सजीवन पुत्र बाबू ने ढाबे से थोड़ी दूरी पर पेड़ मे रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर चुके है ताजूब तो इस बात की है कि ढाबा संचालक को फोन करने के बाद ही वेटरओ ने फांसी लगाई है।

### एसडीएम ने अवैध प्लॉटिंग की बिक्री रोकने के दिए निर्देश

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को एसडीएम ने अवैध प्लाटिंग पर मौके पर बगैर अनुमति के चल रहे अवैध प्लाटिंग की जांच कर खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। ज्ञात हो कि पिछले लगभग 1 महीने से सज्जन सिटी के नाम से हो रही अवैध प्लाटिंग के कोई भी लीगल कागजात नहीं है। राजस्व अभिलेखों में उक्त जमीन संचित गर्ग के नाम से है। जिस पर बिना धारा 80 के प्लाटिंग हो रही है। इस संबंध में जानकारी लेने पर एसडीएम मोहम्मदी अवनीश कुमार ने बताया है कि मौके पर जाकर निरीक्षण किया प्लाटिंग कर रहे लोगों से जमीन के कागज मांगे जिस पर उन्होंने दो दिन का समय मांगा है। अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल को आदेश दिया है कि जमीन की निष्पक्ष रूप से पैमाइश की जाए।

## अधेड़ को बाइक सवार ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तीन दिन पहले सब्जी बेचकर घर लौट रहे अधेड़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में घायल अधेड़ को लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान गुरुवार रात अधेड़ ने दम तोड़ दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत ग्राम घघसी निवासी मोहम्मद खालिक (45) प्रतिदिन ठेले पर सब्जी लेकर गवाई



गांव में बेचने जाता था। सब्ज़ी बेचकर वह परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को भी वह ठेला लेकर सब्जी बेचने गया था जहां से देर शाम घर लौट रहा था तभी बेलहरा-महमूदाबाद मार्ग पर स्थित जैन कोल्ड स्टोर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में खालिक गंभीर रूप से घायल हो गया था।परिजनों ने घायल को इलाज हेतु सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया जहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां से डाक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए वहां इलाज के दौरान गुरुवार रात खालिक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सीतापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण गंवाई गांव में ठेले पर सब्ज़ी बेचकर परिवार चलाता था। दुर्घटना में मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## राही लिखी 'विश्व की महान महिलाएं' पुस्तक महिलाओं के लिए बनेगी प्रेरणास्रोत : अम्बर

- डॉ. अम्बरीश अम्बर ने किया समीक्षा, इकबाल ए राही का सार्थक होगा प्रयास

**बाराबंकी, समद्धि न्यूज।** भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों के अनुसार जीवन जीने वाले वरिष्ठ साहित्यकार अकबाल बहादुर 'राही' संक्षेप में ए राही ने अपनी सद्य: प्रकाशित पुस्तक 'विश्व की महान महिलाएं' आलोचना एवं समीक्षा लिखने हेतु भेंट की। पुस्तक का प्रकाशन उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रकाशन अनुदान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में हुआ है। अवध भारती प्रकाशन, नरौली, बाराबंकी इसकी प्रकाशक संस्था है तथा पुस्तक की सहयोग राशि 350 रुपए है। प्रथम दृष्टया पुस्तक का कलेवर व मुद्रण आकर्षक है। प्रस्तुत पुस्तक 'विश्व की महान महिलाए' में विश्व की अट्ठाइस महान महिलाओं का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बड़ी मेहनत से एक स्थान पर अच्छी भाषा में दिया गया है जो न केवल भारत बल्कि विश्व साहित्य को भी समृद्ध करता है।

नारी का स्थान आदि काल क्या आदिम युग से शीर्ष पर न रहकर हाशिए पर रहा है। यह पुस्तक नारी को मुख्य धारा में लाते हुए शीर्ष की ओर ले जाती हुई दिखाई देती है ।

न अरि- इति नारी अर्थात् जिसका कोई शत्रु न हो । यह भी शाश्वत सत्य है कि शत्रु उसी व्यक्ति के होते हैं जो किसी का अहित सोचता या करता है। नारी स्वभावत- किसी का अहित न चाहती है और न करती है। इससे सिद्ध होता है कि नारी जन्मजात सर्व शुभेच्छुणी होती है । उसे सृष्टि की निर्मात्री व प्रलय की कारिका कहा गया है ।

समृद्ध इतिहास व महान संस्कृति के कारण ही भारत का पूरी दुनिया में विशेष महत्व रहा है, आज भी है और आगे भी रहेगा । हमारी संस्कृति एक जीवंत संस्कृति है। सिंधु घाटी सभ्यता विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है जो अपने समय में सबसे विकसित थी और




डॉ0 अम्बरीष 'अम्बर'

आज भी सर्वाधिक आदर्श एवं नेतृत्वकारी है।

नारी हमेशा हर संस्कृति के केंद्र में रहते हुए भी केंद्र से दूर रही है। सिमोन द बाउवार ने एक स्थान पर लिखा -

'स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बनाई जाती है ।'

विश्व का हर समाज स्त्री को अपने अनुसार ढालता आया है। उसके सोचने से लेकर उसके जीवन जीने के ढंग को पुरुष अभी तक नियंत्रित ही करता आया है और आज भी वैसा ही करने की कोशिश में लगा रहता है।

आर्ष काव्य अर्थात् ऋषि प्रणीत काव्य 'रामायण' में कन्या को माता पिता के लिए पुण्य का साधन वर्णित किया गया है। विवाह में कन्या दान करने से पृथ्वी दान का पुण्य मिलता है। रामायण में धर्म युक्त काम को ही अधिक महत्व दिया गया है। 'धर्म रति:' अर्थात् रति धर्म से युक्त होनी चाहिए।

बाइबिल के पुराने नियम के अनुसार स्त्री को परमेश्वर की सृष्टि माना जाता है। अदन वाटिका की घटना के बाद स्त्री को पुरुष के अधीन रहने की व्यवस्था दे दी गई । बाइबिल के नये नियम के अनुसार प्रारम्भिक चर्च में नेतृत्व के पदों पर महिलाओं के नाम हैं। इस बदले दृष्टिकोण से कला और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन दृष्टिगोचर हुए हैं।

कुरआन पाक में बहुत सुंदर उल्लेख है कि मां के प्रति कृतज्ञ होने का मतलब मेरे खुदा के प्रति कृतज्ञ होना है।

पुस्तक में स्थान देने के लिए महान महिलाओं का चयन लेखक ने बड़ी संजीदगी से किया है। भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भाव से भक्ति करने वाली मीराबाई, भारत की प्रथम महिला शासक रजिया सुल्तान, दक्षिण भारत के केलाडी राज्य में लगातार पच्चीस साल शासन करने वाली रानी चेनम्मा, प्रथम स्वाधीनता संग्राम की अमर सेनानी बेगम हजरत महल, महान समाज सुधारक ज्योतिबा फूले, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, महान कैथोलिक शासक इसाबेला थोबर्न, भारत को अपना घर समझकर राजनीतिक चेतना जगाने वाली एनी बेसेंट, महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली लेडी अबाला बोस , स्वामी विवेकानंद से दीक्षा लेकर अंग्रेजियत छोड़ने वाली बहन निवेदिता, महात्मा गांधी के हर संघर्ष में छाया की भांति साथ निभाने वाली कस्तूरबा गांधी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मैडम भीकाजी कामा, अमेरिका में रिफार्म्ड चर्च की भारत में तीसरी पीढ़ी की अमेरिकी चिकित्सा मिशनरी इडा सोफिया स्कडर तथा साहित्यिक व राजनीतिक नेता भारत कोकिला सरोजिनी नायडू-इन सभी के राष्ट्रवादी चरित्रों को नई पीढ़ी तक विस्तार से पहुंचाने का लेखक का यह कार्य स्तुत्य है।

इसके अतिरिक्त अद्भुत संयमी संत माता आनंदमयी , राष्ट्रीय आंदोलनों में अति सक्रिय रहने वाली तथा लगातार तीस वर्ष तक महाविद्यालय की रहीं प्राचार्या कुमारी लज्जावती, राष्ट्रीय चेतना की सजग कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान, हिंदी के विशाल मंदिर की सरस्वती महादेवी वर्मा, स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों की प्रमुख सहयोगी दुर्गा भाभी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दुर्गा बाई देशमुख , भारत छोड़ो आंदोलन की सक्रिय कार्यकर्ता अरुणा आसफ अली, नोबेल शांति पुरस्कार से समलंकृत भारत रत्न मदर टेरेसा, देशहित में शहीद हुईं श्रीमती इंदिरा गांधी, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ऊषा मेहता, अभिनेत्री से कहीं ज्यादा रहीं समाज सेविका नरगिस दत्त , सौंदर्य में अप्रतिम किंतु आदर्श चरित्र की निर्वाहिका अभिनेत्री मधुबाला, भारतीय पुलिस सेवा की प्रथम महिला अधिकारी व राज्यपाल किरण बेदी एवं उड़न परी पी टी उषा जैसे चरित्रों पर चिंतन,मनन व लेखन करके लेखक की लेखनी ने शांति व आनंद की अनुभूति की है। समस्त जीवनियां विषय वस्तु,शिल्प, संक्षिप्तता तथा प्रकाशन स्तर की दृष्टि से अच्छी हैं । महापुरुषों का चरित्र जन जन पहुंचना चाहिए । साहित्य सृजन का यह सबसे बड़ा उद्देश्य होता है जिसे पुस्तक प्रणेता ने तटस्थ भाव से पूरा किया है। कई स्थानों पर वर्तनी- अशुद्धियां भी हैं जो प्रूफ रीडिंग की कमी का परिणाम है। लोक कल्याणकारी कार्य करने हेतु समादृत लेखक अकबाल बहादुर 'ए राही' जी को बार-बार नमन- धन्यवाद ।

### सैकड़ों लोगों का हुवा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम केलहनुआ स्थित जय हॉस्पिटल पर आज निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ो लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और दवाई वितरित की गई। चिकित्सा शिविर के आयोजक डॉ विष्णु सोनी ने बताया कि इस निशुल्क चिकित्सा सिविल में जनरल फिजिशियन हड्डी रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित कई अन्य डॉक्टरों की टीम ने शिविर में आए सैकड़ो लोगों की निशुल्क जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी डॉ विष्णु सोनी डॉक्टर कुलदीप सोनी डॉक्टर विनम्र पांडे युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी राजकुमार सोनी हनुमान प्रसाद श्यामू अभय सिंह राजेंद्र गायत्री करन आदि मौजूद रहे।

# आज से शुरु हो रहा नौपता, पड़ेगी और ज्यादा भीषण गर्मी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर भारत बुरी तरह से तप रहा है। ज्येष्ठ मास की गर्मी से एक तरफ हाहाकार मचा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ 25 मई से नौपता का प्रकोप भी सामने खड़ा नजर आ रहा है। बता दें हर साल ज्येष्ठ माह में नौ दिन ऐसे होते हैं, जिसमें भीषण गर्मी पड़ती है, इन्हें नौतपा के नाम से जाना जाता है।

ज्योतिषियों के अनुसार, 25 मई से नौतपा शुरू होंगे और दो जून तक रहेंगे। गर्मी के लिहाज से ये नौ दिन बेहद खतरनाक होते हैं। ज्येष्ठ महीने की शुरुआत में सूर्य देव कृतिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, इसके साथ ही नौतपा शुरू हो जाता है। इस बार सूर्यदेव 25 मई को सुबह 3 बजकर 16 बजे पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और उसके बाद दो जून को सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नौतपा की अवधि 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक रहेगी। नौतपा में सूर्य से धरती तपने लगती है, सूर्य आग उगलते प्रतीत होते हैं और जल स्वतः खौलने लगता है। ज्योतिषी पंचांग नौतपा के दौरान इस बार भीषण गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। यदि नौतपा के सभी दिन पूरे रहे तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है।

ज्योतिष शास्त्र कहता है सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में आने का प्रभाव ज्योतिष गणना के मुताबिक शनि की वक्री चाल के चलते नौतपा खूब तपेगा। हालांकि नौतपा के आखिरी दो दिनों के भीतर आंधी तूफान व बारिश होने की संभावना रहेगी। जयोतिष शास्त्र के साथ वैज्ञानिकों के मुताबिक भी मई के आखिरी सप्ताह में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी सबसे कम हो जाती है। उस दौरान सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं, इसलिए गर्मी इन दिनों में सबसे ज्यादा गर्मी होती है। नौतपा के दौरान पेड़-पौधे लगाने से बहुत पुण्य मिलता है। पेड़-पौधे लगाने के साथ ही इसकी सिंचाई भी करें। इन दिनों में पेड़-पौधों में जल डालने से पितृ प्रसन्न होते हैं और इससे पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

### दो दिन बाद फिर चार डिग्री तक बढ़ेगा पारा

**लखनऊ।** लखनऊ में पिछले दिनों पड़ी उमस और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अब तापमान 40 डिग्री से नीचे है। आज अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया जाएगा। सुबह से 20 से 30 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि, तेज हवा से धूप की राहत मिली है। दो दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद तापमान फ़िर से कुछ दिनों तक 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया जाएगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक दर्ज होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में अगले 5 दिन बाद लू का रेड अलर्ट जारी किया है। यूपी में गर्मी अभी और बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी जिलों में दिन ही नहीं बल्कि रातें भी तपेंगी। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई के दौरान पश्चिमी यूपी में हीट वेव पड़ने का रेड अलर्ट जारी किया है। अगले 48 घंटों के बाद प्रदेश के विभिन्न अंचलों में दिन के तापमान में दो से चार डिग्री बढ़ने का अनुमान है। वहीं, 24 और 25 मई के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी जिलों के लिए गर्मी का आरेंज अलर्ट जारी हुआ है। दिन का तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है, लेकिन रात का तापमान भी लखनऊ में 30 डिग्री तक दर्ज हो रहा है।

# तेज प्रताप सिंह, दक्ष गोपाल, अनुज गौतम और जितेंद्र प्रताप सिंह बने सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** तेज प्रताप सिंह, दक्ष गोपाल, अनुज गौतम और जितेंद्र प्रताप सिंह ने लखनऊ जिला बाक्सिंग टूर्नामेंट ने रिंग में शानदार प्रदर्शन से सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज की ट्रॉफी जीत ली।

दूसरी ओर महिला वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम की सनाया पाल, काजल पाण्डेय, वैष्णवी पाल, आयुषी द्विवेदी और अंजली यादव ने स्वर्ण पदक व सुरभि कश्यप, सलोनी गुप्ता, सुजीता कुमारी, श्रेया सिंह ने रजत पदक जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित बाक्सिंग हाल में बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ व क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय लखनऊ के समन्वय से आयोजित प्रतियोगिता में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के मुक्केबाजों ने कुल 16 स्वर्ण व 11 रजत अपने नाम किए। सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज मिनी बालक वर्ग में केडी सिंह के तेज प्रताप सिंह, सब जूनियर में सीबीए के दक्ष गोपाल, जूनियर में जोश बाक्सिंग अकादमी के अनुज गौतम और सीनियर में केडी सिंह के जितेंद्र प्रताप सिंह चुने गए।

**▸ मुक्केबाजों ने कुल 16 स्वर्ण व 11 रजत अपने नाम किए**

समापन समारोह में मुख्य अतिथि भगवती सिंह (संयुक्त शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश) और विशिष्ट अतिथिगण उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय और उत्तर प्रदेश एमेच्योर बाक्सिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। समापन समारोह की अध्यक्षता बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री ने की जबकि सचिव सहदेव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खबरें एक नजर में

### आम के बाग में मिला नवजात का शव, फुटेज खंगाल रही पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में एक नवजात शिशु का शव आम के बगीचे में पड़ा मिला है। उसकी नाभि में नाल लगी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने शव को सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के कनकहा स्थित दौलत खेड़ा गांव की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी ने जन्म के तुरंत बाद बच्चे को बाग में फेंका है या फ़िर मृतक पैदा होने पर फेंका होगा।

### ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-बनारस रेलवे लाइन में शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना मोहनलालगंज के डलौना गांव की है। हरकंश गढ़ी पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी है। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी संजय वर्मा ने शव को रेल लाइन से हटवा दिया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई है। मामला हादसा जैसा लग रहा है। आशंका है कि रेल लाइन पार करने के दौरान महिला ट्रेन की चपेट में आने या फ़िर चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई है। हालांकि महिला की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीण मानसिक स्थिति सही नहीं होने की आशंका जता रहे हैं।

### संतोष गंगवार की पत्नी का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की बरेली लोकसभा सीट से 8 बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की धर्मपत्नी के निधन पर शोक जताते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सांसद संतोष गंगवार की धर्मपत्नी का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। ऊं. शांति। संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती काफ़ी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उन्होंने सुबह पांच बजे अपने घर भारत सेवा ट्रस्ट में अंतिम सांस ली।

### 950 ग्राम सोने के साथ एयरपोर्ट पर तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विदेश से तस्करी कर लाए 950 ग्राम सोने के साथ डायरेक्टोरेट आफरेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गुरुवार रात डीआरआई ने कार्रवाई की है। शारजाह से आने वाली फ्लाइट से आरोपी सोना लेकर फ्लाइट नंबर 6ई-1424 से लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरा था। विमान से उतरा व्यक्ति संदिग्ध नजर आया। डीआरआई ने उसकी तलाशी ली तो उस व्यक्ति के पास से 950 ग्राम सोना मिला। इसकी कीमत लगभग 60 लाख रुपए बताई जा रही है। सोने को छुपाने के लिए इसे उसने पेस्ट के रूप में बदल लिया था। सोने को जब्त करने के साथ ही उसे कस्टम्स एक्ट 1962 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। डीआरआई पता लगा रही है कि यह व्यक्ति किस गिरोह के लिए कोरियर का काम करता है। मामले में सूचना देने वाले को डीआरआई ने इनाम देने की बात कही है।

### 49 लाख से अधिक रुपए का मादक पदार्थ, नकदी जब्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आदर्श आचार संहिता का उत्तर प्रदेश में सख्ती से पालन किया जा रहा है। इसी के तहत 23 मई तक 49 लाख से अधिक रुपये का मादक पदार्थ, नकदी समेत अन्य चीजें बरामद हुई हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को बताया कि 23 मई को कुल 207.24 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, नकदी समेत अन्य चीजें जब्त की हैं। प्रमुख जब्ती में जनपद वाराणसी की वाराणसी कैन्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1.47 करोड़ रुपये कीमत की 2006.01 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गयी। उन्होंने बताया कि 23 मई तक कुल 49,527,39 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त हुई है। इसमें 9182.78 लाख रुपये, 5542.28 लाख रुपये की शराब, 23865.20 लाख रुपये की ड्रग, 2559.03 लाख रुपये की बहुमूल्य धातुएं, 5567.16 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 2810.95 लाख रुपये की अन्य सामग्री शामिल है। इस कार्रवाई में आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग के साथ एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियां काम कर रही है।

### माध्यमिक शिक्षक संघ का ग्रीष्मकालीन सम्मेलन 22 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का ग्रीष्मकालीन राज्य सम्मेलन एवं शैक्षिक विचार गोष्ठी का आयोजन 22 जून, 2024 को गान्धी भवन प्रेक्षागृह, लखनऊ में किया जा रहा है। सम्मेलन एवं गोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व एम0एल0सी0 करेंगे। सम्मेलन मे शिक्षा जगत के आज के ज्वलन्त मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श होगा और भावी संघर्ष कार्यक्रम निर्धारित किए जाएगें। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा आर0पी0 मिश्र ने बताया कि शासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा मनमाने तरीके से नियमों के विपरीत आदेश निर्गत किए जा रहे है। शिक्षकों को दिया जाने वाला ग्रीष्मकालीन अवकाश कर्मचारियों को दिय जाने वाले अवकाश के बराबर ही है किन्तु इसी अवधि में समर कैम्प, पर्यावरण दिवस एवं योगा दिवस आदि आयोजित किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। जिसका शिक्षकों द्वारा विरोध किया जा रहा है।


# धर्म के आधार पर आरक्षण देने वालों को बेनकाब करना आवश्यक : सीएम योगी

समृद्धि न्यूज

**▸ इंडी गठबंधन ने देश की कीमत पर राजनीति की**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी-मुस्लिम आरक्षण को लेकर आए कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने राजनीतिक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर चलते हुए 2010 में 118 मुस्लिम जातियों को जबरन ओबीसी में डाल कर य आरक्षण दिया था। इंडी गठबंधन द्वारा देश की कीमत पर राजनीति की जो ये नीति चल रही है, इस होड़ को खारिज और बेनकाब किया जाना चाहिए। सीएम योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ओबीसी का हक जबरदस्ती हड़प रही



थीं। इसी असंवैधानिक कृत्य पर माननीय उच्च न्यायालय ने टीएमसी सरकार के फैसले को पलटा है और एक जोरदार तमाचा मारा है। यह कार्य असंवैधानिक था, इसे अनुमति नहीं दी जा सकती है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान सभा में इसे बार बार कहा था। उन्होंने बताया कि भारत में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए और मंडल कमीशन के बाद ओबीसी की सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत भारत का संविधान कभी नहीं देता।

### कोरोना काल में गायब हो गए थे कांग्रेस और सपा के लोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब कोरोना कालखंड में देश परेशान था तब कांग्रेस और सपा के लोग जनता की मदद करने की जगह गायब हो गये थे। खोपार में कुशीनगर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा ''कोरोना काल के समय यूपी के दो लड़कों में से एक इंग्लैंड तो दूसरा इटली भाग गया था। कांग्रेस और सपा के शासन में गरीब मुसहर भूखों मरता था, तब हम सब सड़क पर उतर कर उनके हक की लड़ाई लड़ते थे। आज पीएम के नेतृत्व में हमने मुसहर जाति के परिवार को एक-एक आवास, जमीन का पट्टा और राशन कार्ड प्रदान किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। हमारे लिए देश पहले है। कोरोना कालखंड में हमारे प्रधानमंत्री ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को सेवा ही संगठन का नारा दिया था। फ्री में टेस्ट, फ्री में उपचार और फ्री में वैक्सीन के साथ ही 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन दिया देने का कार्य मोदी जी के कार्यकाल में किया गया। वहीं दूसरी तरफयही राशन सपा और कांग्रेस के समय में सत्ता के दलाल खा जाते थे। बीते 10 साल में देश का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है, हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद नेस्तनाबूद हुआ है।

# लिफ्ट के बहाने कार में महिला को बैठाया, तमंचे के दम पर रेप

समृद्धि न्यूज

**▸ कमता चौराहा में नीलकंठ रेस्टोरेंट के पास हुई घटना**

**लखनऊ।** लखनऊ के चिनहट में लिफ्ट देने के बहाने रात भर तमंचे के बल पर महिला से कार में रेप का मामला सामने आया है। घटना 1 अप्रैल की है। मामला ढेड़ महीने बाद शुक्रवार को सामने आया है। पीड़िता का कहना है कि 1 अप्रैल की रात रेप करने के बाद दबंग सुबह सुनसान जगह पर फेंक कर फरार हो गए थे।

एसएचओ अवनीश कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि शिकायत मिली है। बयान के लिए महिला को बुलाया गया है। उसके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मैं बहराइच की रहने वाली हूं। लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में हमारे रिश्तेदार रहते हैं। यहां रिश्तेदार के घर आई थी। देर रात बहराइच के लिए निकली। तभी बदमाशों ने अगवा कर वारदात को अंजाम दिया है। घटना 1 अप्रैल 2024 की रात करीब 10 बजे की है। बहराइच जाने के लिए कमता चौराहा में नीलकंठ रेस्टोरेंट के पास खड़ी थी। यहां गाड़ी का इंतजार कर रही थी। काफी देर तक गाड़ी नहीं मिली इतने में एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो आई। उसमें 2 लोग बैठे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कहां जाना है, हमने कहा बहराइच। तब उसने बोला मैं भी बहराइच जा रहा हूं। चलो छोड़ दूंगा। कमता से आगे मटियारी चौराहे पर पहुंचा तो गाड़ी देवा रोड की तरफ घुमा दिया। हमने विरोध किया तो कट्टा निकाल लिया। इसके बाद डराने धमकाने लगा। बोला जो कह रहा हूं वह करती जाओ, वरना जान से मार दूंगा। कट्टा देख मैं घबरा गई। आरोपी ने सूनसान इलाके लेजकर गाड़ी रोक दिया। सिर पर कट्टा अड़ा दिया, फिर रेप किया। इस दौरान आरोपी का आधार कार्ड गाड़ी गिर गया। हमने देखा तो तो उसमें भारत राय पुत्र राम प्रकाश राय मकसूदपुर सोहावल, गाजीपुर का पता लिखा था। गाड़ी ड्राइवर को आरोपी संजीव नाम से पुकार रहा था। रात भर गाड़ी में रेप करने के बाद आरोपियों ने सुबह टेल्को के पास फेंक दिया। गंभीर स्थिति में मैं महिला चौकी गई तो यहां से भी भगा दिया गया।

### अरविन्द राजभर को जिताकर जातिवाद पर करें प्रहार : शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने गृह जनपद दौरे की शुरुआत एनडीए प्रत्याशी डॉ अरविंद राजभर के समर्थन में कोपागंज में जनसंपर्क अभियान से की। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना के चिरैयाकोट, रायपुर, सिरसा, कमथरी चट्टी, रानीपुर, खिरिया, काझा पश्चिम पोखरा, प्रभुतण्डा आदि में आयोजित जन-चौपाल को सम्बोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जो जातिवाद का ग्रहण लग चुका है, उसे हम सबको मिलकर हटाना है। पिछले लोकसभा चुनाव में आप सबने जाति को देखते हुए एक ऐसे प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा भेजा, जिसका पूरा कार्यकाल जेल में ही बीत गया। इसीलिए इस चुनाव में जातिवाद में न पड़ते हुए हमें एनडीए के प्रत्याशी डॉ अरविंद राजभर को छड़ी चुनाव निशान का बटन दबाकर भारी मतों से जिताना है और घोसी लोकसभा में कमल खिलाकर डबल इंजन सरकार का लाभ उठाना है। मैं आपके गाँव का ही बेटा हूं, मुझसे इतने कम समय में इस क्षेत्र का जितना विकास हो पाया है, मैंने किया है और इस बात का विश्वास दिलाता हूं कि आगे भी निरंतर आपके लिए, अपने जिले के लिए और इस प्रदेश के लिए हमेशा आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य करता रहूँगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का विकास तभी संभव हो पाया है जब केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी की डबल इंजन की सरकार है। श्री शर्मा ने कह कि इस चुनाव में हमें जातिवाद में नहीं पड़ना है। इसके पहले के चुनाव में आपने अपनी ही जाती को वोट देकर जिताया था। उन्होंने कहा कि छड़ी का निशान विजई होने जा रहा है और बाकी दो प्रत्याशी जो लड़ रहे हैं। वो तो सिर्फदुसरे और तीसरे नंबर पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# भविष्य में बहुत बड़े स्तर पर होगा 67 यूपी बटालियन एनसीसी का विस्तार

**▸ 67 यूपी वाहिनी एनसीसी का वार्षिक प्रशासनिक निरीक्षण संपन्न**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** शुक्रवार को 67 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ का वार्षिक प्रशासनिक निरीक्षण ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ के द्वारा सम्पन्न हुआ। 67 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल जे पी मिश्र तथा सूबेदार मेजर रंजीत कुमार ने सुबह 10 बजे सर्वप्रथम ग्रुप कमांडर का बटालियन के मुख्य द्वार पर स्वागत किया तथा पायलट मार्च के साथ क्वार्टर गार्ड पर ले गए।

तत्पश्चात 67 यूपी वाहिनी एनसीसी की अनुशासित गार्ड ऑफ ऑनर से उन्हें सम्मानित किया। इसके पश्चात बटालियन के एएनओ, जेसीओ, एनसीओ व सिविल कर्मचारियों से निरीक्षण अधिकारी का परिचय कमान अधिकारी ने करवाया। इसके बाद बटालियन के टैनिंग एनसीओ हवलदार शोभनाथ के द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम की ब्रीफिंग बोर्ड की मदद से की गई, फिर बटालियन के कमान अधिकारी ने ग्रुप कमांडर महोदय को बटालियन की उपलब्धियां और आगामी गतिविधयों से अपने ऑफिस के ब्रिफिंग में रूबरू कराया। तत्पश्चात मुख्य कार्यालय, स्टोर, शस्त्रागार, पीआई लाइन एरिया का भी दौरा करवाया। उसके बाद ग्रुप कमांडर ने सभी पीआई, जेसीओ, एएनओ को एड्रेस किया और उन्होने बताया की लखनऊ ग्रुप की सभी बटालियनो में 67 बटालियन सबसे उच्च और बेहतरीन बटालियन है। फिर ग्रुप कमांडर के साथ सामूहिक ग्रुप फोटो ग्राफ किया गया। उसके बाद बटालियन में सहायक एनसीसी अधिकारियों का ग्रुप कमांडर के साथ कॉन्फ्रेंस भी आयोजित किया, इसमें ब्रिगेडियर ने एनसीसी अधिकारियों से संवाद वार्ता की जिसके तहत अग्रिम प्रशिक्षण गतिविधयों, कैडेट की उपलब्धियां और एनसीसी एक वैकल्पिक विषय को लेकर चर्चा की। कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने निरीक्षण अधिकारी को एसएसबी के स्टूडेंट और बटालियन में सराहनीय कार्य करने वाले कैडेट्स से परिचय कराया और उनको सम्मानित करवाया। कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी वर्ष में 67 यूपी बटालियन एनसीसी का विस्तार बहुत बड़े स्तर पर होने वाला है। जिससे आस-पास के विद्यार्थी एनसीसी से जुड़कर सैन्य और सिविल सेवाओं में अपना कैरियर बना सकेंगे।



नगर निगम मुख्यालय पर लगे गृहकर शिविर में जनता की समस्याएं सुनते नगर आयुक्त

### लुलु फैशन वीक 2024 की शुरुआत




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लुलु फैशन वीक 2024 लुलु मॉल लखनऊ में एक शानदार शुरुआत के साथ शुरू हुआ। पेपे जीन्स लंदन द्वारा प्रस्तुत, Amukti और पीटर इंग्लैंड द्वारा संचालित और Louis Philippe, Croydon UK, व SIN Denim के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम शहर के सोशल कैलेंडर का एक आकर्षण बन गया है। महक चहल की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में ग्लैमर जोड़ दिया, जिससे शानदार फैशन शो की एक श्रृंखला के लिए मंच तैयार हो गया। यह कार्यक्रम अगले दो दिनों तक चलेगा, जिसमें सेलेब्रिटी उपस्थिति और फैशन शो शामिल होंगे, और इसका समापन फैशन उद्योग की प्रतिभाओं का जश्न मनाने वाली फैशन अवॉर्ड नाइट में होगा।

### हटाए जा रहे पोस्टर बैनर व प्रचार सामग्री, 148 एफआईआर

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,77,32,939 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,09,55,307 तथा निजी स्थानों से 67,77,632 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 12,50,690, पोस्टर के 49,48,001, बैनर के 30,24,822 एवं अन्य 17,31,794 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 9,69,486, पोस्टर के 31,45,596, बैनर के 17,15,763 एवं अन्य 9,46,787 मामलों में कार्यवाही हुई।

**संकट** — मीटिंग, ट्रेनिंग निरस्त कर युद्धस्तर पर रोका जाए ब्रेकडाउन

# ताबड़तोड़ बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जानलेवा गर्मी के बीच ब्रेकडाउन के चलते उपभोक्ता हालाकान है। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अनुसार लगातार ब्रेकडाउन के कारण बिजली कटौती की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तत्काल पावर कारपोरेशन प्रबंधन को अभियंताओं को मीटिंग और ट्रेनिंग से मुक्त कर कम से कम समय में ब्रेकडाउन रोकने की पहल शुरू करनी चाहिए।

उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वे जरूरत भर के विद्युत सयंत्रों का प्रयोग कर बिजली बचाने में मदद करें। उपभोक्ता परिषद के अनुसार जल्द ही पर्याप्त बिजली उत्पादन शुरू होते ही किल्लत दूर हो जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के खास तौर पर शहरी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वर्तमान में भीषण गर्मी और विषम परिस्थिति को देखते हुए शहरी विद्युत उपभोक्ता आवश्यकता के अनुसार अपने न्यूनतम विद्युत संयंत्र का इस्तेमाल करें। जिससे कहीं ना कहीं उस बिजली का इस्तेमाल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता कर सके। उधर ललितपुर की 660 मेगावाट की एक इकाई ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज की वजह से बंद थी आज उसमें उत्पादन शुरू होते ही बॉयलर ट्यूब लीकेज हो गया और उत्पादन ठप हो गया। अनपरा की यूनिट सात 500 मेगावाट की एक इकाई भी ब्वॉयलर ट्यूब लीकेज की वजह से आज बंद हुई। ओबरा की 200 मेगावाट की एक इकाई पहले से ही बंद चली आ रही है। इस प्रकार अनपरा की एक इकाई बंद होने से एकाएक 500 मेगावाट की कमी हो गई। वैसे प्रदेश की बिजली कंपनियां आज भी 27000 मेगावाट से 28000 मेगावाट के बीच विद्युत आपूर्ति देने में सफल रहेगी। क्योंकि वह इंतजाम में जुटी है। इसके बावजूद ब्रेकडाउन व रोस्टिंग के चलते जो विद्युत व्यवधान लगातार चल रहा है उसमें कोई खास कमी नहीं आएगी। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में खासतौर पर जो हमारे शहरी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता है उन्हें अपनी आवश्यकता का न्यूनतम उपभोग करना चाहिए। जिससे जो भी बिजली की बचत हो इसका लाभ हमारे दूसरे ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को मिल पाए। वर्तमान संकट के दौर में हम सभी विद्युत उपभोक्ताओं का भी यह फर्ज बनता है कि जैसे भी हो जिस प्रकार से भी हो एक दूसरे की मदद कर सके।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने पावर कारपोरेशन पबंधन से भी मांग की है कि ब्रेकडाउन को मिनिमम समय में अटेंड करने के लिए योजना बनाई जाए वर्तमान में जिस प्रकार की परिस्थितियों प्रदेश के उपभोक्ताओं के सामने आ रही है उसमें उचित होगा जितने ट्रेनिंग है मीटिंग है सब फ़िलहाल निरस्त रखी जाए जिससे सभी अभियंता अपने कार्य स्थल पर मौजूद रहकर प्रदेश के उपभोक्ताओं की सेवा कर सके और विद्युत व्यवधान को सा समय ठीक कर सके।

# युवती की लाश मिलने से फैली सनसनी

- मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने किया निरीक्षण, भिजवाया पोस्टमार्टम



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद गोंडा के कोतवाली मनकापुर अंतर्गत शुक्रवार की दोपहर रामगढ़ टिकरी जंगल में अज्ञात युवती की जंगल में लगे पेड़ की डाली से लटकती हुई लाश मिलने से हड़कंप मच गया।वन विभाग के वाचर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी अनुसार कोतवाली मनकापुर के टिकरी रामगढ़ जंगल में मनकापुर नवाबगंज मार्ग से 100 मीटर अंदर बुटहा जाने वाले कच्चे रास्ते के बगल जंगल में पेड़ की डाली से दुपट्टे के फंदे से एक लटकती हुई युवती की लाश दिखने से हड़कंप मच गया। लाश की सूचना टिकरी रेंज मनकापुर के वन रक्षक इंद्रप्रकाश मिश्रा ने स्थानीय कोतवाली पुलिस के दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकार तथा प्रभारी निरीक्षक मनकापुर संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि दुपट्टे के फंदे से लटकती हुई एक 22 वर्षीय महिला की लाश पाई गई है। जिसको देखने से प्रतीत होता है की लास दो-तीन दिन पुरानी है। तथा दाहिने हाथ पर गोदने से खुशबू लिखा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया की लाश को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तथा पहचान करवाने के लिए काफी प्रयास किया गया लेकिन अभी तक लाश की पहचान नहीं हो पाई है।

वही घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर आरके सिंह ने बताया कि लगभग 22... 23 वर्ष की उम्र की अज्ञात युवती की लाश पाई गई है। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक को जांच कर लाश पहचान करवाने के लिए निर्देश दिया गया है।अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सड़क हादसे में पत्रकार दंपत्ति घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गोनवा (सूबेदार पुरवा) निवासी पत्रकार अंग्रेज उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र हजारीलाल गुरूवार की रात अपनी पत्नी के साथ किसी कार्यवश बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान कर्नलगंज क्षेत्र के कादीपुर स्थित धर्म कांटा के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई,जिससे दोनों लोग चोटिल होकर गिर गए। दुर्घटना में पति- पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए,जिन्हें घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों लोगो को बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि इस दुर्घटना में अंग्रेज का हाथ फ्रेक्चर हो गया है और उनके सिर पर काफी चोटें आई हैं वहीं उनकी पत्नी के पैर का शनिवार को आपरेशन किया जायेगा।

# श्रीमद् भागवत कथा में झूम उठे श्रोता

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

भक्त की रक्षा के लिए प्रभु दौड़ कर चले आते हैं जब कोई दिन हीन होकर प्रभु पर आश्रित हो जाता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी भगवान स्वयं ले लेते हैं उक्त कथा बहराइच रोड डॉक्टर परमानंद के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य मुकेश शुक्ला ने बताया उन्होंने कहा कि भगवान का हृदय बहुत विशाल है यदि भक्ति में कोई गलती हो जाए और वह गलती मानते हुए उसका दोहरावा ना करे तो प्रभु उसका भला कर देते हो वही श्री कृष्णा के वर्णन करते हुए कहा कि श्री कृष्ण जी का जन्म जेल में हुआ था फिर भी श्री कृष्णा इतने दयालु थे कि इनका वर्णन करना सबके बस की बात नहीं है जो व्यक्ति भगवान के



शरण में रहता है उसका कोई बाल बांका नहीं कर सकता है उन्होंने महाराज की कथा कहते हुए कहा कि जो व्यक्ति धर्म के रास्ते पर चलते हुए अपने आप को समर्पित कर देता है भगवान उसको उच्च स्थान दिलाते हैं भगवान ने तो अजामिल को विस्तार दिया वह जीवन भर पाप ही करता था प्रभु भक्ति के अधीन होते हैं जो व्यक्ति जीवन में संयमित होकर धर्म कार्य में जुटा रहता है भगवान उसकी रक्षा स्वयं करते हैं राम जन्म की कथा करते हुए आचार्य ने कहा कि जब प्रभु राम की प्रगति होते हैं तो पूरे अयोध्या में उल्लास तब वातावरण हो जाता है देवता आसमान में पुष्प की वर्षा करने लगते हैं नदियों में कल कल की धारा बाहरी लगती है पूरी अयोध्या राम में हो जाती है प्रभु के जन्म होने पर जन्म उत्सव मनाया गया कथा का समापन आरती व पूजन के साथ किया गया तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ कथा के दौरान डॉ आशीष गुप्ता बेबी गुप्ता भोला सिंह मुरली सिंह नरेंद्र लाल गुप्ता किशोर चंद्र जायसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद ने स्वर्गधाम सेवा समिति को सौंपा डेड बॉडी फ्रीजर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




भारत विकास परिषद व स्वर्गधाम सेवा समिति के वरिष्ठ संरक्षक शीतल प्रसाद अग्रवाल का समाज सेवा के प्रति सदा से ही करुणा भाव रहा है और उसी के फलस्वरूप समाज में डेड बॉडी फ्रीजर की आवश्यकता की जानकारी जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक रखा,जिसे एक मत और हृदय तल से सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की और आश्वस्त किया कि आगे भविष्य में समाज के प्रति जो भी आवश्यकता हो वह भी परिषद् के सभी सदस्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। इस पर परिषद के द्वारा एक और समाजसेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुऐ शवों के रखरखाव की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुऐ स्वर्गधाम सेवा समिति के संरक्षक शीतल प्रसाद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अजय ड्रोलिया को एक डेड बाडी फ्रीजर प्रदान किया गया। जिससे शवों के रखरखाव की असुविधा दूर होगी। डेड बॉडी फ्रीजर प्राप्त कर भारत विकास परिषद व स्वर्गधाम सेवा समिति के संरक्षक,अध्यक्ष एवम् सदस्यों के द्वारा भारत विकास परिषद के इस सेवा भाव कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

इस पुण्य कार्य में परिषद के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सचिव सत्येंद्र निगम कोषाध्यक्ष प्रखर मित्तल, संयोजक जयप्रकाश सक्सेना, पूर्व उपाध्यक्ष बैजनाथ रस्तोगी, पूर्व सचिव रितेश रस्तोगी, अतुल गुप्ता ,शैलेन्द्र गुप्ता, शिवराम यज्ञसैनी,सत्य प्रकाश जायसवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़,माँ ने पुलिस को दी तहरीर



**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी महिला ने थाने पर दी तहरीर में कहा है कि वह अपने खेत में गई थी और उसकी 12 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। सुनसान पाकर निबरे उर्फ संदीप उसकी किशोरी के साथ छेड़खानी कर रहा था तभी वह मौके पर पहुंच गई। इतने में आरोपी उक्त घटना को कहीं बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके घर की छत से कूदकर भाग गया। इस संबंध में जानकारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार से सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# मतदान के बाद अब सभी पार्टियों को इंतजार है आने वाले 4 जून का

- नहीं चला राम मंदिर मुद्दा पूरे चुनाव में छाया रहा बेरोजगारी एवं छुट्टा जानवरों का मुद्दा

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कहीं भी किसी भी गली मोहल्ले चौराहे पर जहां भी चार लोग इकट्ठे होते हैं वहां फिर वही चुनाव के परिणाम की चर्चा होती है कोई कहता है कि भाजपा जीतेगी कोई कहता है समाजवादी पार्टी जीतेगी अब सवाल यह है जनता ने अपने-अपने चुनिंदा प्रत्याशियों को वोट किया कोई भी यह बताने को तैयार नहीं है किसने किसे वोट किया अब क्योंकि लड़ाई बहुत ही कांटे की होने की वजह से चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष हो दोनों में बेचैनी देखी जा रही है सभी को आने वाले 4 जून का इंतजार जब सभी पार्टियों के मत की गिनती होगी सच्चाई तो तभी पता चलेगी वास्तव में कौन जीता कौन हारा लेकिन इस समय इतने राजनीतिक पंडित उत्पन्न हो गए हैं कि मानो उन्हें ही सारा ज्ञान हो बाकी दुनिया अज्ञानता के कुंए में हिलोरे मार रही है मतदान के समय जनता के सामने कुछ मुद्दे थे उन्हीं मुद्दों पर 2024 के सामान्य लोकसभा चुनाव में वोट किया गया जैसे भाजपा ने सोचा था कि हमने 500 साल पुराने मामले को खत्म किया श्री राम लला का मंदिर बना दिया और रामलला को टिन शेड से निकालकर उनके पक्के और आलीशान मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा कर दी इस कारण जनता भाजपा को वोट करेगी लेकिन चुनाव के दिन जब पत्रकारों ने गोंडा लोकसभा और कैसरगंज लोकसभा का दौरा किया तो वहां मंदिर मुद्दा बिल्कुल दिखाई ही नहीं दिया अगर दिखाई दिया तो एक आदमी ने कहा की भैया धान बैठाई तब सॉरी रखाई गेहूं बैठाई तो सौरी रखाई यही के मारे हम तो आपन वोट साइकिल का दे दिया वहीं कुछ जो पढ़े लिखे तबके से लोग मिले उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी के शासन में जितनी भी सर्विस कमीशन के एग्जाम हुए उन सबके पेपर लीक हो गए अब हमारे पढ़े-लिखे बच्चे बेरोजगार घूम रहे हैं इसलिए भाजपा से युवा नाराज हो गया कर्मचारियों में नाराजगी इसलिए थी की सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय नहीं लिया इसलिए कर्मचारी भी नाराज हो गए यहां एक बात कहना चाह रहा हूं जैसे बताते हैं जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें है वहां पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई तो फिर भाजपा को पेंशन बहाल करने में क्या दिक्कत है जनता अपनी चर्चा में यह भी कहती है कर्मचारी 60 साल अपनी पूरी जिंदगी सरकार को दे देता है फिर भी पेंशन नहीं मिलती है वहीं अगर कोई एमएलए या एमपी एक बार भी हो जाता है तो आजीवन उसे अच्छी खासी पेंशन मिलती है चाहे वह साल भर ही रहा हो तो ऐसे में जनता का नाराज होना वाजिब है अब जो छुट्टा जानवर है उसे पर भी सरकार का अंकुश नहीं हो पाया तमाम गवाश्रय बनाए गए तमाम रुपए पानी में चला गया फिर भी जानवर या तो सड़क पर दिखाई देते हैं या किसी के खेत में चल रहे होते इन छुट्टा जानवरों से तमाम दुर्घटनाएं हो चुकी है तमाम लोग कल कवलित हो चुके हैं तमाम लोगों ने अपना परिवार खोया है ऐसे तमाम बातें हैं जिनको लेकर सरकार से जनता के मन मे नाराजगी थी जो 2024 में खुल के सामने दिखाई दिया है अब देखना यह है कि 4 जून को कौन सी पार्टी सत्ता में आती है और कौन सी पार्टी विपक्ष में जाती है क्योंकि इस बार का चुनाव जनता ने लड़ा है किसी पार्टी ने नहीं ।



# रोड को अतिक्रमण मुक्त कराने में पीडब्ल्यूडी विभाग नाकाम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



- देवीपाटन मंडल को मिले उधारू मुख्य अभियंता के कारण नहीं हो रही कार्यवाही - सूत्र
- मुख्य अभियंता देवी पाटन मंडल के पास बस्ती और देवीपाटन दो-दो मंडलों का है चार्ज मठाधीशों के सहारे चल रहा विभाग


क्या जनपद का पीडब्ल्यूडी विभाग वाकई किसी बड़े हादसे की इंतजार में है।, जिससे लगातार हो रहे रोड पर अतिक्रमण को हटाने में रुचि नहीं ले रहा है। विभाग के निष्क्रियता के चलते आए दिन आम राहगीरों के सर पर खतरा बढ़ रहा है। वन्हीं रोड पर हो रहे भीषण एक्सीडेंट तथा जाम की समस्या से भी विभाग ना तो सीख ले रहा है, और ना ही अपने दायित्व को पूरा करते हुए मुख्य मार्गों के अगल-बगल किए गए अतिक्रमण को हटवा रहा है। बताते चले की कई बार खबर छपने व जिम्मेदारों से बात करने के बावजूद भी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। जिससे दर्जी कुआं से मनकापुर मार्ग, डुमरिया डीह से तरबगंज मार्ग तथा मनकापुर उतरौला मार्ग पर रोड के अगल-बगल इस कदर बालू मौरंग रखकर बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, कि जिसका कयास लगा पाना नामुमकिन है।इस संबंध में जब प्रभारी मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग से बात की गई थी तो उन्होंने कहा था मामला कहां का है मुझे बताइए शीघ्र ही खाली करवाऊंगा, लेकिन महीनों बताने तथा खबर छपने के बावजूद भी ना तो अभी तक अतिक्रमण हटाया गया और ना ही विभाग का कोई जिम्मेदार मौके पर जांच करने आया। जिससे लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।और आम लोगों की जान खतरे में है। वही अतिक्रमण को लेकर संबंधित उप जिलाधिकारियों से भी बात की गई थी।और उप जिलाधिकारियों द्वारा वर्जन दिया गया था, कि मामला कहां का है बताइए शीघ्र ही सड़क मुक्त कराई जाएगी फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि मनकापुर उतरौला मार्ग पर विगत दो सप्ताह के भीतर लगभग आधे दर्जन से अधिक मार्ग दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा दर्जी कुआं गोंडा मार्ग पर विगत दो सप्ताह के भीतर करीब आधा दर्जन मौत हो चुकी है फिर भी विभाग के कानों तक जूं नहीं रेंग रही है।

> रोड पर हुए अतिक्रमण के संबंध में प्रभारी मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी से बात की गई बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं पूर्व में एक महीने पहले सभी अभियंताओं से बात करके कहा था।लेकिन कार्यवाही नहीं हुई चुनाव था उसमें व्यस्तता थी फिलहाल मैं पुनः एक बार बात कर रहा हूं।

# यू. के. रॉयल अवार्ड से नवाजी गयीं पिंक रिक्शा चालक आरती

- डीएम की अभिनव पहल पर पिंक रिक्शा की सारथी बनीं थी 05 महिलाएं
- बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स से की भेंट

**राहुल सोनी, समृद्धि न्यूज।**





**बहराइच समृद्धि न्यूज़** गांधी जयन्ती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2023 को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत बैंकों से ऋण दिलाकर जिले की पांच महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए उन्हें पिंक रिक्शा उपलब्ध कराकर अभिनव पहल की थी। नगरीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित स्वः रोज़गार कार्यक्रम (एस.ई.पी.आई.) अन्तर्गत चयनित तलाकशुदा निराश्रित 05 महिलाओं बिट्टा, सायरा, मेघा, शिव कुमारी व आरती को शहर की सड़कों पर पिंक आटो का सारथी बनने का अवसर मिला था। जनपद बहराइच के रिसिया ब्लॉक की रहने वाली पिंक रिक्शा चालक आरती को 22 मई 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लंदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंस ट्रस्ट के द्वारा यू.के. रॉयल अवार्ड से नवाज़ा गया है। आगा ख़ान फाउण्डेशन से जुड़ी हुई आरती को ज़िला प्रशासन की ओर से 02 अक्टूबर 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार की पिंक ई रिक्शा स्कीम के तहत ई-रिक्शा मिला था। जहां तक बात की जाय यू.के. रॉयल अवार्ड की तो इसके लिए सम्पूर्ण विश्व से नामांकन मांगा गया था। ई-रिक्शा चालक आरती का चयन 'अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण' अवॉर्ड के लिए हुआ है। कार्यक्रम के लिए लन्दन आने जाने के लिए प्रिंस ट्रस्ट के द्वारा आरती को सहयोग किया गया और आगा ख़ान फाउण्डेशन की सी.ई.ओ. टिनी साहनी और कार्यक्रम अधिकारी सीमा शुक्ला ने इस कार्यक्रम में आरती के साथ प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त आरती सहित अन्य प्रतिभागियों के विश्व प्रसिद्ध बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स से मुलाकात का अवसर भी प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने रिक्शा चालक आरती को यू.के. रॉयल अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि यह जनपद के लिए गौरव की बात है। डीएम ने कहा कि आरती को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा। डीएम ने कहा कि उन्हें विश्वास है जिले की महिलाएं आरती से प्रेरणा लेकर अपने लिए स्वावलम्बन की राह चुनकर नई इबारत लिखने का संकल्प लेंगी।

# पति से हुआ विवाद तो डॉक्टर ने पत्नी को वार्ड से हटाया



- बरामदे में फर्श पर दर्द से तड़पती रही गर्भवती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के भौखारा गांव निवासी चार माह की गर्भवती महिला को ब्लडिंग की शिकायत पर जिला महिला अस्पताल में तीन दिन पूर्व भर्ती कराया गया। गुरुवार रात को इलाज को लेकर महिला के पति और जूनियर महिला डॉक्टर से विवाद हुआ तो डॉक्टर ने मरीज को वार्ड से ही बाहर कर दिया। फर्श पर पड़ी मरीज तड़प रही है।मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की संवेदनहीनता काफी बढ़ गई है। इस पर अंकुश के लिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिसके चलते आए दिन मरीजों और उनके तीमारदारों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुछ यही हाल गुरुवार रात को देखने को मिला।

मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भौखारा गांव निवासी मोहिनी श्रीवास्तव (22) पत्नी अमरीश चंद्र श्रीवास्तव चार माह की गर्भवती हैं। उन्हें ब्लडिंग की शिकायत हुई तो पति ने तीन दिन पूर्व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। महिला अस्पताल की डॉक्टर मेघा ने मरीज को देखा। इसके बाद दो से तीन दिन भर्ती कर इलाज की बात कही।

इस पर पति ने पत्नी को महिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया। गुरुवार को दिन में इलाज को लेकर महिला डॉक्टर और मरीज के पति से कहासुनी हुई। इस पर डॉक्टर नाराज हो गई। उसने मरीज को वार्ड से बेदखल करते हुए बाहर कर दिया। चार माह की गर्भवती अस्पताल के फर्श पर पड़ी दर्द से कराहती रही। लेकिन मरीज को वार्ड में भर्ती नहीं किया गया। इसकी शिकायत भी सीएमएस और प्राचार्य से हुई। लेकिन रात 12 बजे तक मरीज फर्श पर पड़ी रही। इसकी जानकारी होने पर काफी संख्या में मीडिया कर्मी पहुंच गए। इसके बाद रात एक बजे मरीज को बेड मिला। भर्ती कर इलाज शुरू किया गया।

मीडिया आई तो हाल से किया बाहर

मरीज के पति ने अस्पताल में मौजूद मीडिया कर्मियों से मदद की मांग की। काफी संख्या में मीडिया कर्मी पहुंच गए। इससे डॉक्टर और नाराज हो गई। इसके बाद हाल से बाहर करते हुए मरीज को जीने के पास भेजवा दिया। प्राचार्य डॉ संजय खत्री के हस्तक्षेप पर मरीज को बेड मिल सका।

# चीनी मिल में ऊंचाई से गिरकर श्रमिक की मौत

- तीन घायल
- जैक नीचे गिरने से हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पारले चीनी मिल परसेंडी में गुरुवार को दो हाथ से हो गए। सेफ्टी बेल्ट टूटने से एक श्रमिक की मौत हो गई। वह कुशीनगर जिले का निवासी था। वही जैक नीचे गिरने से तीन श्रमिक घायल हो गए सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुशीनगर जिले के थाना अहिरौली अंतर्गत ग्राम पंचायत अरकापुर निवासी रत्नेश विश्वकर्मा (25) पुत्र जोखू विश्वकर्मा फखरपुर थाना क्षेत्र के परसेंडी में स्थित पारले चीनी मिल में कर्मचारी था। बृहस्पतिवार को रत्नेश 100 फीट ऊपर टीन शेड की स्थापना के लिए कार्य कर रहा था। इसी दौरान सेफ्टी बेल्ट टूट गया जिसके चलते वह नीचे जमीन पर गिर गया मिल प्रशासन की सूचना पर फखरपुर पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल में इलाज शुरू होने से पहले ही कर्मचारी की मौत हो गई। जिस पर कोतवाली नगर की पुलिस की ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि मृत कर्मचारी के परिवार के लोगों को सूचना दे दी गई है। उधर मिल परिसर में ही जैक लगाकर ट्रैक्टर ट्राली को नीचे करते समय वह टूट गया। जिसके नीचे दब कर श्रमिक पम्मू और बाबू समेत तीन लोग घायल हो गए। सभी को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के पारले चीनी मिल परसेंडी में उत्तराखंड की कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें विभिन्न श्रमिक काम कर रहे हैं।

## कटिया लगाकर बिजली चोरी करते दो लोगों को एसडीओ ने पकड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज क्षेत्र में कटिया लगाकर चोरी से बिजली मोटर लगाकर खेत की सिंचाई करने की शिकायत पर कैसरगंज के उपखंड अधिकारी रामगोपाल पाल ने बिजली कर्मियों के साथ कैसरगंज के उसरा में अचानक छापा मारा। कटिया लगाकर बिना बिजली कनेक्शन के मोटर चलाते हुए राम केवल और सुरेश निवासी उसरा को पकड़ लिया। एसडीओ के साथ गए बिजली कर्मियों ने दोनों बिजली मोटरों को अपने कब्जे में लेकर चली आयी। एसडीओ कैसरगंज बिजली चोरी करने वालो पर कार्यवाही की बात कर रहे हैं। वहीं एसडीओ की छापेमारी से कटिया लगाकर अवैध तरीके से बिजली चोरी कर सिंचाई करने वालों में हड़कम्प मच गया है। अधिषासी अभियन्ता विद्युत कैसरगंज सौरभ निगम ने बताया कि बिजली चोरी करते पकडे गए लोगों पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# टेंट के गोदाम में लगी आग, 20 लाख से अधिक का नुकसान

- चार जनरेटर, रोड लाइट, पंखा समेत सभी सामान जला
- लगन समाप्त होने पर गोदाम में डंप कर दिया था सामान



**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

नेपालगंज मार्ग पर स्थित बाबागंज कुट्टी में टेंट के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें सारा सामान जलकर राख हो गया।

20 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। संचालक किसी के द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजौली निवासी सैफू सलाम उर्फ बाबू पुत्र अकबर अली टेंट की दुकान का संचालन गांव में करते हैं। जबकि 50 मीटर की दूरी पर उनके टेंट का गोदाम है। इस समय लग्न का सीजन खत्म होने के चलते उन्होंने सारा सामान गोदाम में रख दिया था। गुरुवार रात को अज्ञात कारणों से गोदाम में आग लग गई। जिससे गोदाम में रखा सारा सामान जल गया। सुबह सात बजे उन्हें आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। जिस पर सैफू सलाम ने ननापरा दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग के कर्मचारी जब तक वहां पहुंचे। तब तक सारा सामान जल गया।गोदाम में रखा चार जनरेटर, रोड लाइट, एक बाइक, 50 से अधिक पंखा, रजाई गद्दा, बर्तन और विभिन्न प्रकार के लाइट जल गई। 20 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। टेंट मालिक का कहना है कि गोदाम में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। ऐसे में किसी के द्वारा पीछे के होल से ज्वलनशील पदार्थ डाला गया है। जिसमें आग लग गई। हालांकि अभी तक टेंट संचालक ने कोई तहरीर नहीं दी है।प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच की जायेगी।

## मकान में आग लगने से 10 मवेशियों की मौत

नानपारा कोतवाली के चंदेला कला गांव निवासी अनिल कुमार चौहान के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें घर का सारा सामान जलकर राख हुआ। पांच बकरी और पांच बकरे की भी जलकर मौत हो गई।


## मोबाइल की दुकान में लगी आग

हरदी थाना क्षेत्र के महसी टेपरा गांव निवासी राजेंद्र निषाद पुत्र बेचन मोबाइल की दुकान का संचालन करते हैं। देर रात को मोबाइल की दुकान में आग लग गई। जिसमें नए और पुराने मोबाइल जल गए। आग लगने से एक लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

# रोडवेज बस-कार की टक्कर में एक की मौत, पांच की हालत गंभीर

- मेडिकल कॉलेज रेफर
- ओवर टेक करने के चक्कर में कार पूरी तरह से बस में घुसी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** लखनऊ बहराइच मार्ग पर शुक्रवार को दोपहर में रोडवेज बस और कार में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच घायल हो गए। सभी घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल कस्बा में चौकी के सामने शुक्रवार दोपहर में लखनऊ से आ रही रोडवेज बस और बहराइच से लखनऊ जा रही कार में आमने सामने की टक्कर हो गई।

हादसे में कार सवार छह लोग घायल हुए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया गया। यहां पर कार सवार लखनऊ के आशियाना निवासी अनुराग त्रिपाठी (30) पुत्र अशोक त्रिपाठी की मौत हो गई। जबकि आशियाना निवासी उस्मान, बहराइच के बौंडी निवासी ननके (24) पुत्र जग्गू, सरैया निवासी कैलाश (18) पुत्र मैकू, सुनील कुमार (28) पुत्र राम कुमार तेलियनपुरवा चिलवरिया, कैसरगंज के गाजीपुर निवासी अनिल कुमार (30) मुल्कराज घायल हो गए। सभी घायलों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इनमें दो घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक ओवर टेक करने के चक्कर में कार पूरी तरह से बस में घुस गई। प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद ने बताया कि बस और कार को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि चालक और परिचालक हिरासत में है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

हादसे के बाद हाइवे पर लगा जाम

लखनऊ बहराइच मार्ग पर जरवल चौकी के सामने रोडवेज बस और कार में टक्कर हुई। जिसके बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वाहनों को हटवाया। लगभग आधे घंटे तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। इस दौरान अन्य यात्रियों को परेशानी हुई।

# गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के नाम पर धरती का सीना छलनी करने में जुटे ठेकेदार

- मानकों को दरकिनार कर किया जा रहा अवैध खनन,तीन की जगह तीस फिट किया जा रहा खनन
- किसानों की जीविका पर भी संकट,किसानों का आरोप ठेकेदार जेल भेजवाने की देता है धमकी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ऊंचाहार तहसील प्रशासन और खनन विभाग की मिलीभगत कहें या उदासीनता जिसके चलते खनन माफिया रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक धरती का सीना छलनी करने में लगे हैं।

गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेस निर्माण के लिए मिट्टी की भराई का कार्य निजी कार्यदाई संस्था को दिया गया है जिनके ठेकेदारों द्वारा मानकों को दरकिनार करके खुलेआम धरती का सीना छलनी किया जा रहा है।

शुक्रवार को ग्रामीणों की शिकायत पर मीडिया टीम ने सवैया हसन के इर्द गिर्द क्षेत्र का भ्रमण किया गया जहां खनन के लिए मशीनें और बिना नंबर वाले डम्फर लगाए गए थे। जो नियमों को दरकिनार करके मिट्टी खनन और धुलाई कर रहे थे ,ग्रामीणों का आरोप था कि दबंग ठेकेदार द्वारा जमीन से तीन फीट मिट्टी की जगह तीस फीट से अधिक मिट्टी का खनन किया जा रहा है यही नहीं खनन के बाद मिट्टी धुलाई के लिए निर्धारित मार्ग से मिट्टी की धुलाई न करके नगर पटरी आदि रास्तों से मिट्टी की धुलाई की जा रही है। मौसम चल रहा है विकराल गर्मी का ऐसे में जिन मार्गों से मिट्टी लदे डम्फर गुजरते हैं वो पूरी तरह ध्वस्त हो जाते हैं और उनसे उड़ने वाली धूल से ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो रहा है और आस पास की फसलें बर्बाद हो रही है,किसानों का कहना है कि जब इसका विरोध करो तो ठेकेदार कहता है कि फर्जी मामले लगवाकर जेल भेजवा देगा और जब अधिकारियों को तहसील और पुलिस के स्थानीय जिम्मेदारों को इसकी सूचना दो तो वो कान में तेल डाले पहले से ही बैठे होते हैं ।



### यह है नियम...

मिट्टी खनन के लिए प्रशासन ने कुछ नियम तय किए है । शर्तों के अनुसार मिट्टी उठाते समय भूमि का स्वरूप न बदले, निश्चित गहराई से ज्यादा मिट्टी न उठाई जाय, आम रास्ते के आसपास लगे पेड़ों को नुकसान न पहुंचाये तथा पौधारोपण के साथ मिट्टी उठाने के उसे ढका जाय। किंतु धरातल पर एक भी नियम का पालन नहीं किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं अपर जिलाधिकारी

बड़े पैमाने पर अवैध खनन प्रकरण पर अपरजिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी ने कहा है कि गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए हो रहे खनन में यदि मानकों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है तो उसकी जांच करवाकर कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

### क्या कहते हैं स्थानीय किसान?

मामले में स्थानीय किसान रामकुमार का कहना है कि तीन फीट मिट्टी खनन का प्राविधान है जबकि तीस फीट से ज्यादा अवैध खनन किया जा रहा है। अवधेश का कहना है कि अवैध खनन ने जहां एक तरफ किसानों की फसलें बर्बाद कर दी हैं तो वहीं दूसरी तरफ उड़ती भयंकर धूल से आमजन का जीना मुश्किल हो जाता है। राहुल कुमार स्थानीय किसान का कहना है कि जितनी भूमि पर खनन करने का विभाग द्वारा आदेश है उससे ज्यादा भूमि पर ठेकेदार द्वारा लगातार अवैध खनन करवाया जा रहा है। रामकुमार किसान का कहना है कि उक्त के बावत जब ठेकदार से बात करो तो वो फर्जी मामलों में जेल भेजवाने की ऐलानिया धमकी देता है। आपकी जानकारी के लिए बताते चलें कि गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए अवैध खनन तहसील क्षेत्र के चारो ओर हो रहा है लेकिन तहसील स्तरीय अधिकारियों से लेकर संबंधित विभाग के जूं तक नहीं रेंग रही है।

### 14 बीघे की अनुमति लेकर 82 बीघे भूमि पर खनन माफिया ने दी दस्तक

कल्पना कीजिए यदि गांवों के आसपास 82 बीघे क्षेत्रफल में बीस फिट गहरा कुआं खोद दिया जाए तो ग्रामीणों की क्या दशा होगी ? किंतु ये किया जा रहा है । क्षेत्र के सवैया हसन गांव से लेकर हटवा गांव तक करीब चार किमी तक दो टुकड़ों में राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है । गंगा एक्सप्रेस वे के लिए इस तालाब से मिट्टी खनन की कुल 14 बीघे की अनुमति ली गई थी । किंतु अब तक करीब 54 बीघे मिट्टी का खनन किया जा चुका है । यह अवैध खनन का सिलसिला जारी है । खनन में न सिर्फ क्षेत्रफल मनमानी की गई है अपितु गहराई में भी मानक को तार तार कर दिया गया है । बताया जा रहा कि तीन फिट गहराई की अनुमति लेकर बीस फिट गहरा कुआं खोद दिया गया है । कुल मिलाकर करीब चार किमी तक कई गांवों के बीच एक नदी बना दी गई है ।

### ग्रामीण जीवन को बड़ा खतरा

जिस तरह बीस से तीस फिट गहरे तालाब को चार किमी लंबाई तक खोदा गया है, उससे ग्रामीण जीवन को बड़ा खतरा पैदा हो गया है । बताया जाता है कि बरसात के दिनों में जब पानी का बहाव तेज होगा तो आसपास के खेत इस गहरे कुएं जैसे तालाब में समा जायेगे। यही नहीं गांव के बच्चों के डूबने की भी संभावना बढ़ जायेगी । क्षेत्र के गांव सवैया हसन , सवैया मीरा, सवैया राजे , पैडापुर, हटवा आदि करीब एक दर्जन गांवों का जीवन संकट में आ गया है ।

# बिन बारिश पानी-पानी हुआ जिला अस्पताल



- वार्डों, एक्स रे रूम व पैथोलॉजी में भरा पानी, फायर सिस्टम हुआ खराब

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

जिले का राणा बेनी माधव सिंह जिला अस्पताल बाहर से देखने को में जितना चाक चौबंद दिखाई देता है अंदर से उतना ही उसकी हालत बदतर बनती जा रही है। अस्पताल में आज लगभग 11ः00 बजे अचानक फायर सिस्टम का पाइप खुल गया और नतीजा यह हुआ कि पूरे अस्पताल में पानी ही पानी हो गया डायलिसिस सेंटर के पास से खुले पाइप पानी एक्स रे विभाग, से होता हुआ पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड अन्य कमरों तक जा पहुंचा अस्पताल कर्मचारी इस जल भराव को देखते हुए भी नजर आए लगभग आधे घंटे बाद किसी तरह पाइप से निकल रहे पानी को बंद किया गया और आनन फानन में अस्पताल कर्मचारियों द्वारा पानी को बाहर करने की व्यवस्था शुरू कर दी गई। लेकिन इस तरह क्या अस्पताल में सुविधा मरीजों को दी जा रही है ।जहां पता ही नहीं चलता कि कब ऑक्सीजन सिलेंडर बंद हो जाए और कब पानी का पाइप खुल जाए । इससे तो यही पता चलता है कि अस्पताल में अगर आप इलाज करने जा रहे हैं तो अपनी जान की सुरक्षा भी साथ में करते जाइए। क्योंकि कभी भी अस्पताल का कोई भी भाग आपको मुसीबत में डाल सकता है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**डलमऊ, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी, मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बलीपुर गांव स्थित रेलवे लाइन का है जहां संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से रोशन पुत्र रामसेवक उम्र 25 वर्ष निवासी बबुरिहा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रेलवे व स्थानीय पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।

### पोल टूटने से विद्युत व्यवस्था हुई बाधित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ रोड पर शुक्रवार की सुबह एक विद्युत पोल टूटने से कई घंटे तक कस्बे की विद्युत व्यवस्था बाधित रही। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि शिवगढ़ रोड पर बने बाईपास के किनारे लगे एक विद्युत पोल को मंगलवार से सुबह एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह टूट गया। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आनन फानन में टूटे हुए विद्युत पोल को हटाकर नया विद्युत पोल लगाने का कार्य प्रारंभ किया परंतु तब तक इस भीषड गर्मी में कस्बे की विद्युत व्यवस्था पूर्ण रूप से बाधित रही, जिसका कस्बा वासियो में आक्रोश भी देखने को मिला।

### बाइक पर स्टंट करने वालों की अब खैर नहीं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा मोटर साइकिल पर स्टंट करने वाले युवक के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं में किया गया 6,000 रूपये का चालान किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा स्टंट करने वालों के विरुद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में आज मोटर साइकिल सवार युवक का स्टंट करते हुये रील बनाते हुये वीडियो प्राप्त हुआ जिसका तत्काल सोशल मीडिया सेल इटावा में नियुक्त का. अभय शुक्ला द्वारा संज्ञान लेते हुये प्रभारी यातायात इटावा को अवगत कराते हुये मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 6,000 रूपये का चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, तथा बच्चों को मोटर साइकिल से स्टंट न करने दें। पुलिस द्वारा मोटर साइकिल पर स्टंट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है।

### एंटी रोमियो स्कवायड ने चलाया चेकिंग अभियान

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल एंटी रोमियो स्कवायड द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत पैदलगस्त कर मनचलों/ अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपदीय महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत पैदलगस्त कर गर्ल्स स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थान, मंदिर, पूजा घर, महिलाओं एवं बालिकाओं के आवागमन से संबंधित महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट, सार्वजनिक स्थलों, चौरोहो, बाजार, मॉल, पार्क, स्कूल बस/टैक्सी स्टैण्ड आदि स्थानों पर सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की गई । चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की गई एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन1090, यूपी 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, इत्यादि की जानकारी दी गई तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में बताया गया।

### हर्षोल्लास से मनाई गई बुद्ध जयंती



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जसवंतनगर क्षेत्र में बुद्ध जयंती बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई। हाईवे स्थित नगला हरचंद के बुद्ध विहार पर सुबह से ही बुद्ध वंदना व खीर वितरण का कार्यक्रम किया गया। नगला भिखन भतौरा गांव से बुद्ध विहार तक शोभायात्रा भी निकाली गई। निलोई गांव में बुद्ध विहार में स्थित बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खीर वितरण किया गया। यहां दिनभर बुद्ध कथा भी आयोजित हुई। बाद में तथागत बुद्ध की झांकी डीजे के साथ पूरे गांव में घुमाई गई। बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। नगर में स्थित अंबेडकर पार्क में भी महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसी प्रकार महलई, आलमपुर, नगला राठौर, नगला भगत, नगरिया, नगला विशुन, नगला हटी आदि गांव में भी बुद्ध अनुयायियों ने तथागत बुद्ध के चित्रों पर माल्यार्पण किया तथा खीर वितरित की। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग बड़ा हादसा टला



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत नटवीर नगर मजरे बिशुनपुर में गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में बस्ती के पास खेतों एवं झाड़ियों में आग लग गईद्य देखते ही देखते आग नटबीर नगर की बस्ती में रहने वाले लोगों के घरों के आसपास तक पहुंच गईद्य आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी में मेहनत के बाद आग पर काबू करते हुए एक बड़ा हादसा होने से बचा लियाद्य वही ग्रामीणों की बस्ती वासियो की मानी जाए तो उनका कहना है कि जिस व्यक्ति का खेत था वह आग लगाकर चला गया, अगर समय रहते आग को बुझाया न जाता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# एसडीएम साहब... आपके नाम पर कानूनगो मांग रहे पैसा, ऑडियो वायरल

**संतोष सिंह**

- मुख्यमंत्री जी आखिर कैसे भ्रष्टाचार पर लगेगी लगाम
- पीड़ित ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।** जब लोगों की आवश्यकता बढ़ जाती हैं तो उनका पेट भी बड़ा हो जाता है अगर वह किसी सरकारी नौकरी में कार्यरत होते हैं उन्हें वहां पर सरकार की तरफ से मिलने वाला मानदेय भी कम लगने लगता है और अपनी इन्हीं आवश्यकताओं की पूर्तिके लिए उनके द्वारा भ्रष्टाचार को जन्म दिया जाने लगता है। ताजा मामला महराजगंज तहसील का है जहां का एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमे कहा जा रहा है कि ÷आओ आकर मिल लो और सब को कुछ खर्चा पानी दे दो जिससे आप काम करवा दिया जा सके।

**पूरा मामलाः-** तेजराम पुत्र झगडू निवासी ग्राम कटरामऊ सेमरौता ने उपजिलाधिकारी महाराजगंज को लिखित शिकायत पत्र देते हुए बताया कि चंद्रकुमार दीक्षित कानून गो तहसील महाराजगंज और मुन्ना मुंशी तहसील महाराजगंज प्रार्थी ने अपनी भूमि गाटा संख्या 2011/0.1320 हेक्टेयर स्थित ग्राम मऊ तहसील महराजगंज जिला रायबरेली के संबंध में वाद अंतर्गत धारा -24 का न्यायालय श्रीमान के यहां योजित किया गया था न्यायालय के आदेशानुसार स्थल पर सीमांकन की कार्रवाई सम्पादित कर राजस्व निरीक्षक ने अपनी आख्या संख्या दिनांक 12. 12 .2022 को प्रस्तुत की माननीय न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 6. 11. 2023 को नक्शा नजरी फील्ड बुक सहित पुष्टिकृत की गई परंतु पत्थरगढी की कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र दिया था जो राजस्व निरीक्षक को जरिये डाक प्राप्त हुआ था तब राजस्व निरीक्षक के द्वारा दिनांक 10. 5 .2024 को प्रार्थी को बुलाकर मौके पर पत्थरगढी की तिथि नियत की गई परंतु चुनाव के कारण पत्थरगढी नियत तिथि पर नहीं हुई जब चुनाव खत्म हुआ तो कल दिनांक 23 मार्च 2024 को चंद्रकुमार दीक्षित ने जरिये फोन मुन्ना द्वारा प्रार्थी को फोन करवाया गया और कहा खर्च की व्यवस्था करके आ जाओ पत्थरगढी कर दी जाये। तभी प्रार्थी तहसील आया और जब कानून गो से बात की तो कानूनगो ने भी पैसा मांगा तब प्रार्थी ने कहा कि मौके पर पैसा नाप होने पर देंगे ।तभी पैसा ना मिलने पर कानूनगो ने टाल दिया प्रार्थी के पास कॉल रिकॉर्ड भी मौजूद है जिस पर चंद्र कुमार दीक्षित ने पैसा मुन्ना द्वारा मंगाया गया । उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए तेजराम ने उपरोक्त प्रकरण की जांच करवाकर विपक्षीगणों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई।

> इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी महराजगंज से बात की गई तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।
> **उपजिलाधिकारी महराजगंज**

# दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दबंग विपक्षियों द्वारा जबरन वर्षों से बने पीड़ितों के शौचालय को थोड़ा जा रहा था जिसको लेकर पीड़ितों ने मना किया तो दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी जिसको लेकर डलमऊ थाने में शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई आपको बता दे कि शुक्रवार को जनपद के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पुरौली गांव के रहने वाले अशरफ खान पुत्र इकबाल खान ने अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके दबंग विपक्षी सलीम युसूफ वह कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उनके घर पर वर्षों से बने शौचालय को तोड़ा जा रहा था जिसको लेकर मना किया तो दबंग विपक्षों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से महिलाओं बच्चों व पुरुषों को बेरहमी से मारा पीटा शरीर पर चोट के निशान लिए हुए पीड़ित एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले का शिकायती पत्र दिया तथा विपक्षों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की पीड़ितों का कहना है कि दलमान कोतवाली में भी मामले का शिकायती पत्र दिया गया था लेकिन पुलिस ने दोनों पक्ष को बुलाकर सुला समझौता कर दिया उसके बाद भी दबंगई करते हुए विपक्षी मारपीट कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।



# तीन महिलाओं ने खाया जहर, एक की मौत दो की हालत गंभीर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन महिलाओं ने मामूली कहासुनी को लेकर खाया जहर, एक महिला की हुई दर्दनाक मौत वहीं दो की हालत गंभीर, पहला मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र का है जहां कल्पना 24 वर्ष में मामूली कहासुनी को लेकर जहर खाया लिया हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती जहां हालत गंभीर होने पर एम्स रायबरेली के लिए किया गया रेफर, वहीं दूसरा मामला मिलेगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकधौरहरा गांव का है जहां की रहने वाली ममता उम्र 35 ने घरेलू विवाद के चलते जहर खा लिया अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन इलाज के दौरान उसकी दर्दनाक मौत हो गई, वहीं तीसरा मामला भदोखर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव का है जहां की रहने वाली निशा उम्र 22 वर्ष में जहर खाकर जान देने की कोशिश की जिसको गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बिजली विभाग की लापरवाही के कारण गरीब से छिन गया आशियाना



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के ग्राम कोनी पोस्ट नेरथुवा में आज दोपहर बाद अचानक आग लगने से रामफेर पुत्र रामू की झोपड़ी जलकर राख हो गई आग के चलते झोपड़ी में रखा लाखों रुपए का सामान पल भर मे स्वाहा हो गया। आग की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी आग बुझाने मौके पर पहुंची तब तक ग्रामीणों के द्वारा 90त्न आग बुझाई जा चुकी थी। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग के बाद पीड़ित का गुस्सा बिजली विभाग के खिलाफ फूट पड़ा ग्रामीणों के मुताबिक बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते या हादसा हुआ।शॉर्ट सर्किट के चलते गरीब की झोपड़ी में आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग के तांडव से गरीब का सबकुछ जल गया। अफसोस की बात यह रही की आग लगने के घंटे बाद किसी भी प्रशासनिक अधिकारियों ने तथा बिजली विभाग के अधिकारियों ने उनकी सुद लेने की जहमत तक नहीं उठाई।

### एसएसपी ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में स्थित समस्त मदों, शाखाओं का मुआयना किया गया एवं डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में पहुँचकर गार्ड से सलामी ग्रहण कर पुलिस लाइन स्थित समस्त मदों/शाखाओं का निरीक्षण किया गया इस दौरान एसएसपी द्वारा वर्दी स्टोर, सीसीटीएनएस कार्यालय, डायल- 112 कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, शस्त्रागार ,डीसीआऱ कार्यालय, एमटी शाखा, पुलिस सब्सिडी कैंटीन, बैरक, आटा चक्की व तेल कोल्हू एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन इटावा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं रजिस्टर तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं कार्यालय परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।


# निगरानी समिति द्वारा बालक-बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

माननीय जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालक-बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग कराये।

### ट्रैक्टर से टकराई कार चालक घायल




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के रेलवे स्टेशन के सामने शुक्रवार गुरुवार देर रात लखनऊ निवासी अमर सिंह उम्र 38 वर्ष पुत्र महेंद्र कार से किसी काम से शिवगढ़ गया था। वहां से वापस जाते समय रेलवे स्टेशन पर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी।जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से चालक को बाहर निकाल कर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं दूसरी तरफ टैक्टर ट्राली लेकर चालक मौके से भाग गया। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही जायेगी।

# डीबीए चुनाव के लिए अधिवक्ताओं ने किया नामांकन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा का वार्षिक चुनाव एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी, सदस्य शांती स्वरूप पाठक, प्रेम शंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे रमाशंकर चौधरी के समक्ष कल तक बिके 57 नामांकन पत्रों में आज विभिन्न-विभिन्नद पदों पर 25 अधिवक्ताओं ने अपना-अपना नामांकन पत्र अपने-अपने समर्थकों के साथ पेश किया।

एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने प्रेस को दी जानकारी में बताया कि, अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार त्रिपाठी ने एल्डर्स कमेटी के सामने नामांकन अपने समर्थकों के साथ पेश किया और उसके तुरंत बाद पूर्व डी.बी.ए. अध्यक्ष अनिल कुमार गौर ने अपने समर्थकों के साथ धूमधाम से पर्चा भरा। इसके बाद महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशी लक्ष्मीशंकर यादव, राघवेन्द्र शर्मा, बृजेन्द्र बहादुर राजपूत ने पर्चा भरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र सिंह चौहान, मध्यम उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार सिंह संयुक्त मंत्री पर सुभाष चन्द्र अनिल कुमार शाक्य, गौतम मिश्रा के अलावा वरिष्ठ सदस्य पर 4 लोगों ने कनिष्ठ सदस्य पर पर 10 पर्चा भरे गये हैं। कल यानी आज पर्चा भरने का आखिरी दिन है कल ज्यादा गहमा गहमी रहेगी जिसमे 32 लोगों को अभी और नामांकन करना है सबसे बड़ी बात यह रही कोषाध्यक्ष पद पर अभी तक कोई भी पर्चा दाखिल नहीं किया गया है। सम्भवता कल कोषाध्यक्ष पद पर कई प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कल यानी आज अधिवक्ताओं के द्वारा नामांकन दाखिल किये जाने के कारण पहले से ही दो दिन की हड़ताल न्याय पालिका में पहुंचा दी गई है।

# हिस्ट्रीशीटर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस टीम ने हिस्ट्रीशीटर आरोपी को गिरफ्तार किया।

जनपद में अपराध, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चौकी हैवरा पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति नगला राठौर गेट पर अवैध तमंचे के साथ किसी घटना को कारित करने की फिराक में खडा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस ने सुमित पुत्र राकेश निवासी हैवरा थाना सैफई को अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस सहित नगला राठौर गेट के सामने से गिरफ्तार किया। आरोपी सुमित थाना सैफई से हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। इस सफलता में बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ.नि. तेज सिंह, का. योगेश्वर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### सूचना

सर्वसाधारण सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 2754684821 मेरा नाम खैरुल निशा पत्नी तैयब अली अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में हसीना पत्नी तैयब लिखा है यह दोनों नाम मेरे ही हैं।इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी में मेरा नाम खैरुल निशा उर्फ हसीना पत्नी तैयब अली अंकित किया जाए।

**खैरुल निशा उर्फ हसीना पत्नी तैयब अली ग्राम लालगरहा अहरौरा पोस्ट चित्तौरा जिला बहराइच।**

## साख पर सवाल

निश्चित रूप से भारतीय चुनाव आयोग ने पहले चुनाव से लेकर 18वीं लोकसभा के चुनाव संपन्न कराने में एक लंबा सफर तय किया है। लेकिन स्थितियां बहुत तेजी से बदली हैं। पहले चुनाव में महज 17 करोड़ मतदाता थे। अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मौजूदा आम चुनाव में 97 करोड़ मतदाता हैं। इस दौरान पार्टियों की संख्या बढ़ी है, वोटर बढ़े हैं, पोलिंग बूथ बढ़े हैं, पार्टियों के बीच लड़ाइयां तल्ख हुई हैं और चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायतें भी तेज हुई हैं। पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर टीएन शेषन जैसे सख्त चुनाव आयुक्तों तक ने आयोग को नई प्रतिष्ठा दी है। लेकिन इस बार 543 संसदीय सीटों के लिये सात चरणों में हो रहे मतदान में कई प्रसंग ऐसे घटे कि लोगों ने चुनाव आयोग की साख पर उंगली उठाई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जिसमें चुनाव आयोग पर मतदान संबंधी अंतिम आंकड़े देर से जारी करने तथा प्रतिशत वृद्धि का मामला उठाया गया। एडीआर व कॉमन कॉज की ओर से दायर याचिका में बूथों पर मतों की संख्या संबंधी फॉर्म 17–सी की स्कैन कापी आयोग की वेबसाइट पर डालने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने इस मांग को अव्यावहारिक बताया है। साथ ही कहा कि चुनाव की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया के बाद पूरी होती है, ऐसा करने से व्यवधान उत्पन्न होगा। इससे पहले विपक्ष सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाता रहा है। जबकि आयोग की दलील रही है कि इन्फोर्समेंट एजेंसी उसके अधीन नहीं होती। विपक्ष आयोग को तटस्थ भाव से कार्रवाई करने को कहता रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री द्वारा बांसवाड़ा में दिए गए भाषण में इस्तेमाल जुमलों को संप्रदाय विशेष के विरुद्ध टिप्पणी बताया और आयोग से शिकायत की। आरोप है कि आयोग ने सत्तारूढ़ दल के खिलाफ उदार रवैया दिखाया। प्रधानमंत्री को नोटिस दिए जाने के बजाय भाजपा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। ऐसे ही संविधान पर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष को नसीहत दी गई। दरअसल, विपक्ष मांग करता रहा है कि मतदान के बाद वोटों का प्रतिशत जारी करने के बजाय डाले गए वोटों की संख्या जारी की जानी चाहिए। दरअसल, विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रवैया अपनाता रहा है। जिसके चलते विपक्ष ने आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष अंपायर की भूमिका में नजर आना चाहिए। विपक्ष बांसवाड़ा रैली में प्रधानमंत्री के भाषण पर सख्त कार्रवाई की मांग करता रहा है। इसी तरह आरक्षण, संपत्ति जब्त करने आदि कई विवादित बयान सामने आए। तल्ख टिप्पणियां कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भी की गई थी। विपक्ष कहता है कि इन टिप्पणियों पर आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि, कई पूर्व चुनाव आयुक्त मानते हैं कि यह पहला मौका नहीं जब विपक्ष आयोग पर सवाल उठा रहा है। जैसे–जैसे राजनीतिक दलों में तल्खी बढ़ती है, बीच में आयोग को शामिल कर लिया जाता है। वहीं कुछ गैर सरकारी संगठनों ने मुहिम चलायी कि 'चुनाव आयुक्त दृढ़ता दिखाएं या इस्तीफा दें।' उनका मानना रहा है कि आचार संहिता के उल्लंघन के दौरान आयोग सक्रिय नहीं हुआ। कुछ पूर्व चुनाव आयुक्त कहते हैं कि मतदान के बाद दूर–दराज के इलाके से मतदान के अंतिम आंकड़े आने में वक्त लगता है। इसलिए अंतिम आंकड़े अगले दिन जारी किये जाते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस बाबत समस्त सूचना वोटर टर्नआउट ऐप पर मौजूद है।


# हिट एंड रन काबू करने एआई तकनीक होगी कारगर

**ऋतुपर्ण दवे**

पुणे हिट एंड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपित को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां, दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देशव्यापी जन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चर्चाओं में क्यों आते हैं बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा। आरोपित की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलब्ध है तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रख कार्रवाई के लिए प्रभावी व पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। यह यकीनन बड़ी चुनौती है लेकिन दोष-निर्दोष और अनजाने हुई दुर्घटना के बीच की महीन लकीरों को बिना मिटाए या प्रभावित किए, प्रभावी कार्रवाई चुनौती भी है और जरूरी भी।

पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24-24 बरस के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे लेकिन दुर्घटना उपरान्त पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने महंगी गाड़ी चलाने को कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रुतबा कहें या व्यवस्थाओं पर तमाचा जो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 किलोमीटर की रफ्तार सड़क पर चला नहीं उड़ा रहा था? आखिर दो बेकुसूरों को उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं उसका पिता भी बराबर का है!

ऐसे हिट एंड रन देश में चर्चाओं में रहते हैं। दो-चार दिन हो-हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं। लेकिन न तो दुर्घटनाएं रुकती हैं और न ही सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले रईसों में कोई डर दिखता है। हां, साधारण लोग जरूर कानून, कायदे के जंजाल में फंस जाते हैं या फंसा दिए जाते हैं, क्योंकि वो रईस नहीं होते। यहां कानपुर के उस मामले के भी चर्चा जरूरी है जिसमें एक नामी डॉक्टर के केवल 15 बरस के नाबालिग औलाद ने अक्टूबर 2023 में तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सागर निषाद और आशीष रामचरण नाम के दो बच्चों को रौंदकर मार डाला। कानून का माखौल कहें या जिम्मेदारों की छत्रछाया जो दोबारा 31 मार्च 2024 को इसी बिगड़ैल ने 4 लोगों के ऊपर फिर कार चढ़ा दी। तब भी कानूनी खानापूर्ति में मामूली धाराओं में पुलिस ने प्रकरण बनाया और आरोपी बेलगाम घूमता रहा। लेकिन पुणे की घटना के बाद शायद



**पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपयों का जाम छलकाया जिसके सुबूत भी मिले। लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढ़हाए जा रहे हैं, यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियों उड़ाने वाले सवालों की श्रृंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली दो करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया। महज 1,758 रुपये की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपित का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा होने तक नहीं बनेगा। लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फर्राटे भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस की जरूरत नहीं होती?**

पुलिस की आत्मा जागी या डरी पता नहीं, दोनों मामलों पर एकाएक सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित नाबालिग और उसके डॉक्टर पिता को भी 6-7 महीने बाद आरोपी जरूर बना लिया। हैरानी की बात है कि तब भी यही कानून थे और अब भी वही कानून हैं। लेकिन पुलिस का रवैया अलग-अलग विचारणीय है?

पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपयों का जाम छलकाया जिसके सुबूत भी मिले। लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढ़हाए जा रहे हैं, यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियों उड़ाने वाले सवालों की श्रृंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली दो करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया। महज 1,758 रुपये की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपित का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा होने तक नहीं बनेगा। लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फर्राटे भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस की जरूरत नहीं होती? क्या रईसजादों पर उम्र का बंधन नहीं होता? कानून के रक्षकों के शायद इसी दोहरे रवैये से रईस नाबालिगों के हिट एंड रन के हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं जो आम लोगों से भेदभाव करते हैं।

लगता नहीं कि अपराध की गंभीरता देखी जानी चाहिए न कि उम्र? नए दौर में कानून में ऐसे सुधारों की दरकार है जिसमें आयु की जगह अपराध की गंभीरता और मंशा अहम हो। नाबालिगों के ऐसे-ऐसे अपराध सामने आने लगे हैं जो चिंताजनक हैं। लूटपाट, हत्या, गैंग रैप, धमकाना और वो साइबर अपराध जिन्हें करते वक्त नाबालिग कैसे बड़ों-बड़ों को मात देता है। तब उसका अपराध नाबालिग होने के कारण छूट का कारण कैसे हो सकता है? भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं। केवल 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो रोजाना 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 462 लोगों की मृत्यु हुई जो हर घंटे के लिहाज से 53 दुर्घटनाओं तथा 19 मौतों का है। यह विस्तार से लिखने का विषय है।

उन्नत तकनीक का दौर है। गांव-गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है। टोलब्रिज पर फास्टटैग से भुगतान और वाहन के सारे डिटेल्स सर्वर को चंद सेकेंड में मिल जाते हैं। अब असंभव भी नहीं कि हर शहर, कस्बे, सड़क, राजमार्ग पर इसी तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई संचालित हाई रिजॉल्यूशन स्पीड ट्रैप कैमरे, सेंसर व जरूरी उपकरण लगें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वक्त-बेवक्त ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी हो। सारा कुछ जिम्मेदार विभाग या शहर, नगर, कस्बे, पंचायत व स्थानीय पुलिस थानों में बड़े स्क्रीनों पर देखा जा सके। पुलिस को बजाए सड़कों पर खड़ा करने नियंत्रण कक्ष से ही सारी गतिविधियां ऑन कैमरा परखी और जांची जाएं। एआई तकनीक का ऑटोमैटिक अलार्म सिस्टम भी संदिग्ध, ओवर स्पीडिंग, बिना नंबर, बिना हेलमेट, या बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन निष्पक्षता व पारदर्शिता से ट्रैप कर पलक झपकते चाहे शहर हों या राजमार्ग, सारी सूचनाएं सर्वर, करीबी गश्ती दल, थाने या नाके तक पहुंचाएं। जरा सी भी आशंका पर अगले ठिकाने में संदिग्ध या कानून तोड़ता वाहन भी डिजिटल प्रमाणों के चलते जद में होगा। ऐसी निगरानी का भरपूर प्रचार हो ताकि सड़कों पर सबको पता हो कि वो तकनीक के जद में है। महानगरों की तर्ज पर ऐसे संसाधनों का इस्तेमाल एक बार के निवेश जैसा है जिसे थोड़े से बजट से हर महीने मेन्टेन या अपडेट किया जा सकेगा।

**विचार**

# कांशीराम के नाम पर राहुल को घेरने की कोशिश

**प्रो. रविकान्त**

अवसर की उपयोगिता के आग्रह का लाभ केवल बसपा ने ही नहीं उठाया। भाजपा ने बसपा का समर्थन करके और साझा सरकार बनाकर बहुजनों के मन में एक सॉफ्ट कॉर्नर बना लिया। जबकि कांशीराम और मायावती के निशाने पर लगातार कांग्रेस रही। कांग्रेस द्वारा बाबासाहब को भारत रत्न नहीं दिए जाने का मुद्दा बार-बार उठाया गया। इससे बहुजनों के बीच कांग्रेस की नकारात्मक पुख्ता हुई। क्या राहुल गांधी ने मान्यवर कांशीराम का अपमान किया है? यह सवाल इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि इस समय एक संक्षिप्त और एडिट वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है। इसमें राहुल गांधी कांशीराम जी के बारे में टिप्पणी कर रहे हैं।

राहुल गांधी कहते हैं कि कांशीराम जी को, उनके पीछे खड़े दलितों की आवाज के जरिए समझने की आवश्यकता है। हिंदुत्ववादी कांशीराम और अंबेडकर को भगवान बना देंगे। लेकिन यह देखना चाहिए कि वे भगवान कैसे बने? राहुल गांधी यह भी कहते हैं कि दलितों की आकांक्षाओं और संघर्षों के बिना कांशीराम कुछ भी नहीं हैं। श्कांशीराम कुछ भी नहीं हैंय, इस आखिरी



वाक्य के आधार पर राहुल गांधी को ट्रोल किया जा रहा है। विशेषकर बहुजन-दलित नौजवानों के बीच यह बात प्रसारित जा रही है कि राहुल गांधी ने कांशीराम जी का अपमान किया है। हिन्दुत्ववादियों की यह पुरानी शैली है। गांधी के सामने डॉ अंबेडकर को खड़ा करके हिन्दुत्ववादियों ने सावरकर के लिए रास्ता तैयार किया। बहुजन तबका एक समय तक हिंदुत्ववादियों की इस चाल को नहीं समझ सका।

इसका नतीजा यह हुआ कि गांधी और नेहरू की आलोचना करते हुए दलित बहुजन नहीं समझ पाया कि वह सावरकर और गोलवलकर के लिए राजपथ तैयार कर रहा है। वे भूल गए कि बाबा साहब ने हिंदुत्व के विचार की बहुत आलोचना की थी। हिंदू राष्ट्र के विचार को उन्होंने दलितों के लिए सबसे बड़ी आपदा बताया था। आरएसएस को पहचानते हुए ही उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में संघ मुख्यालय के

**इसका नतीजा यह हुआ कि गांधी और नेहरू की आलोचना करते हुए दलित बहुजन नहीं समझ पाया कि वह सावरकर और गोलवलकर के लिए राजपथ तैयार कर रहा है। वे भूल गए कि बाबा साहब ने हिंदुत्व के विचार की बहुत आलोचना की थी। हिंदू राष्ट्र के विचार को उन्होंने दलितों के लिए सबसे बड़ी आपदा बताया था। आरएसएस को पहचानते हुए ही उन्होंने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में संघ मुख्यालय के करीब हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया था। दलितों के लिए यह बाबासाहब का बड़ा संदेश था।**

करीब हिंदू धर्म त्यागकर बौद्ध धर्म अपनाया था। दलितों के लिए यह बाबासाहब का बड़ा संदेश था। 1980-90 के दशक में मान्यवर कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक आंदोलन के जरिए बहुजन राजनीति को सत्ता तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। 1995 में पहली बार बसपा ने भाजपा के बाहरी समर्थन से सरकार बनाई। मायावती देश की पहली दलित महिला मुख्यमंत्री बनीं। फिर 1997 और 2002 में भाजपा के साथ मिलकर मायावती ने सरकार बनाई। कांशीराम के राजनीतिक विमर्श में कांग्रेस की तीखी आलोचना थी। कांग्रेस केंद्र में सत्ताधारी पार्टी थी। अगड़ी जातियों से आने वाले नेताओं का कांग्रेस में प्रभुत्व था। कांशीराम का बहुजन विमर्श जातियों के वर्चस्व के खिलाफ था। अपने समर्थकों द्वारा साहब नाम से पुकारे जाने वाले कांशीराम ने डॉ. अंबेडकर की वैचारिकी को सत्ता पाने के लक्ष्य में तब्दील कर दिया। सत्ताधारी कांग्रेस की आलोचना करने के लिए कांशीराम ने डॉ. अंबेडकर और गांधी के बीच के विमर्श का बहुजनों में प्रचार किया। पूना पैक्ट (24 सितम्बर,1932) के संबंध में गांधी को बहुजनों के बीच खलनायक बना दिया गया। इस राजनीतिक विमर्श के कारण बहुजनों में गांधी, नेहरू और कांग्रेस के प्रति गहरी वितृष्णा हो गई। मान्यवर कांशीराम के आंदोलन के समानांतर भाजपा भी अपना प्रभाव जमाने की कोशिश कर रही थी।

पिछड़ों के आरक्षण के खिलाफ अगड़ों में भड़की नफरत का राजनीतिक दोहन करने के लिए भाजपा ने राम मंदिर आंदोलन शुरू किया। कांशीराम भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों को एक ही निगाह से देखते थे। वे कहते थे कि एक नागनाथ है तो दूसरा सांपनाथ। लेकिन कांग्रेस के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन बहुजनों में ज्यादा गहरा था। इधर भाजपा और संघ बहुजनों की बढ़ती ताकत को देख रहे थे। कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा ने कांशीराम का सहयोग किया। कांशीराम ने इसे एक अवसर के रूप में देखा। उनका मानना था कि बहुजनों को अवसरवादी होना चाहिए। दरअसल, उन्हें कभी आसानी से अवसर नहीं मिलते। इसलिए उन्हें कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। इस बात को भी डॉ अंबेडकर के विचार से जोड़ दिया गया। बाबा साहब कांग्रेस के वर्चस्व वाली संविधान सभा में गए। कांग्रेस सरकार में कानून मंत्री बने। लेकिन हिंदू कोड बिल और ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर इस्तीफा देकर बाहर आ गए। बाबा साहब ने कहा था, मैं दलितों के हितों के संरक्षण के लिए संविधान सभा में आया हूं। इसका अर्थ था कि समाज हित में अपने प्रतिद्वंद्वी के प्लेटफार्म का इस्तेमाल करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। कांशीराम ने ऐसे ही अवसर का इस्तेमाल करते हुए लेकिन अपनी शर्तों पर भाजपा के सहयोग से तीन बार सरकार बनाई। 1997 और 2002 में सरकार बनाने के क्रमशरू 6 माह और एक साल बाद भाजपा को झटका देकर मायावती ने गठबंधन तोड़ दिया।

## चुनाव आयोग के सामने चुनौती

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश कहे जाने वाले भारत में इस समय हो रहे चुनावों में लोकतंत्र की साख ही खतरे में पड़ गई है। यह संभवतः पहली बार है जब आम चुनावों में जनता से जुड़े सारे मुद्दों के अलावा सबसे अहम मुद्दा संविधान की रक्षा का बन गया है। कांग्रेस नेता तो अब अपने प्रचार में बाकायदा संविधान की एक छोटी प्रति साथ ले जाने लगे हैं, जिसे लोगों को दिखाकर वे याद दिलाते हैं कि इस संविधान के कारण ही हमारे नागरिक अधिकार और लोकतंत्र सुरक्षित हैं। मगर भाजपा इस संविधान को ही बदलने का इरादा रखती है।

प्रधानमंत्री मोदी इस आरोप को कई बार गलत ठहरा चुके हैं। लेकिन इस बार सात चरणों में हो रहे चुनावों में सत्तारुढ़ दल के साथ-साथ संवैधानिक संस्थाएं जिस तरह से काम कर रही हैं, उससे संविधान और जनाधिकार दोनों को लेकर चिंताएं उपजना स्वाभाविक है। चुनावों के ठीक पहले इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इसके आंकड़े उपलब्ध कराए। लेकिन बैंक ने इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने में आनाकानी की। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट को सख्ती दिखानी पड़ी और तब जाकर इस मामले की असलियत लोगों के सामने आई। इसी तरह कोविड काल में बनाए गए पीएम केयर्स फंड की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग बार-बार उठती रही है। इस पर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई, तो बताया गया कि यह सूचना के अधिकार के अंतर्गत नहीं आता है। जिस कोष में लाखों-करोड़ों रूपयों का दान लिया गया, उसका कोई लेखा-जोखा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा, यह भी आश्चर्य की बात है। इसी प्रकार ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे और वीवीपैट के मिलान की याचिका जब सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई, तब चुनाव आयोग ने ईवीएम पर कई ऐसे खुलासे किए, जिनकी जानकारी इससे पहले जनता को नहीं थी। और अब ऐसा ही एक और प्रकरण सामने आया है, जिसमें चुनाव आयोग ने जानकारी देने से इंकार किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान के प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। लेकिन चुनाव आयोग ने इससे इंकार करते हुए कहा है कि फॉर्म 17सी के आधार पर प्रमाणित मतदान प्रतिशत डेटा साझा करने के लिए चुनाव आयोग कानूनन बाध्य नहीं है।

आयोग ने अदालत में दिए अपने हलफनामे में कहा है कि वेबसाइट पर मतदान की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी को अपलोड करने से गड़बड़ियां हो सकती हैं। इमेज के साथ छेड़छाड़ की संभावना है। गौरतलब है कि फार्म 17 सी वह महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो हर मतदान केंद्र पर महत्वपूर्ण विवरण दर्ज करता है। इनमें इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की पहचान संख्या, मतदान केंद्र को सौंपे गए पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या और रजिस्टर (फॉर्म 17 ए) के अनुसार वास्तव में मतदान करने वाले मतदाताओं की कु ल संख्या शामिल होती है। इसके अतिरिक्त, यह उन मतदाताओं की संख्या को नोट करता है जिन्होंने रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के बाद मतदान नहीं करना चुना या नोटा किया। यह जाहिर है कि कानून और जनता के विश्वास का हवाला देकर चुनाव आयोग हरेक बूथ पर डाले गए वोटों का आंकड़ा देने से इंकार कर रहा है, जबकि मतदान के बाद वह गिने गए वोटों का आंकड़ा बताता ही है। आयोग के इस रवैये पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने आश्चर्य जताते हुए लिखा है कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहारू फॉर्म 17 अपलोड करने का कोई कानूनी आदेश नहीं है जो मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकॉर्ड है।

सचमुच चौंकाने वाला है! यदि गिने गए वोट अपलोड किए गए हैं तो डाले गए वोट क्यों नहीं अपलोड किए जा सकते? ऐसे आयोग पर हम कैसे भरोसा करें! इसी तरह आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने भी टिप्पणी की है कि ईसीआई भूल गया है कि हमारे लोकतंत्र में लोगों को सूचना का अधिकार है! वास्तव में चुनाव संचालन नियमों का नियम 93 लोगों को फॉर्म 17सी सहित चुनाव पत्रों का निरीक्षण करने और उनकी प्रतियां मांगने की अनुमति देता है। चुनाव आयोग के इंकार के बाद कानून के कई जानकार इस पर सवाल उठा रहे हैं।



# राशिफल

**मेषः**– अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**बृषभः**– विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः**– किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाप संभव।

**कर्क** :– किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलने वाली हैं।

**सिंहः**– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**कन्याः**– कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः**– कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः**– बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। परिवार में खुशहाल स्थिति से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः**– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है।

**मकरः**– रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभः**– रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।


**मीनः**– आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया?

आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक



पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है।**

यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है।

निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया। ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। अगर क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर न केवल ध्यान देना चाहिए बल्कि इसकी एडवांस प्लानिंग करनी चाहिए थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पेड़ों की कटान होगी बंद : गंगाचरण राजपूत

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बुंदेलखंड क्षेत्र में गैर प्रतिबंधित लकड़ी की कटान को रोके जाने की जो पहल पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने शुरू की थी उसमें उन्हें बड़ी सफलता हाथ लगी है। पूर्व सांसद द्वारा सोशल मीडिया से एकत्र किए जनसमर्थन के साथ मामले को प्रदेश् सरकार के समक्ष रखा गया और बताया कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही लकड़ी कटान के आदेश को वापस लेने का रही है।

बताते चले कि प्रदेश सरकार ने गैर प्रतिबंधित लकड़ी की कटान और परिवहन को मुक्त कर दिया था जिसका सीधा असर बुंदेलखंड के जंगलों पर देखा जा रहा था। चूंकि बुंदेलखंड क्षेत्र और पाठारी पहाड़ों पर सर्वाधिक जंगल उन्हीं वृक्षों के हैं जिन्हें सरकार ने प्रतिबंध से बाहर किया गया था। गैर प्रतिबंधित पेड़ों की कटान के आदेश जारी होते ही लकड़ी मफियाओं ने चरखारी सहित बुन्देलखण्ड खण्ड के कई क्षेत्रों में डेरा जमाते हुए पेड़ों की बेतहाशा कटान शुरू कर दी गयी थी और रोजाना चरखारी से ही दर्जनों ट्रकों में लकड़ी भरकर महानगरों में सप्लाई हो रही थी। स्थानीय समाचार पत्रों द्वारा लकड़ी कटान को रोके जाने की मुहिम शामिल की और सोशल मीडिया प्लटेफार्म के जरिए ही पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने ही पेड़ों की कटान को रोके जाने का बीड़ा उठाया तथा अवैध कारोबारियों सहित स्थानीय प्रशासन को भी चेताया गया जिसके बाद लकड़ी मफियाओं ने चरखारी क्षेत्र से डेरा उठा लिया था लेकिन लकड़ी की कटान से खाली हो रहे जंगलों को बचाने की मुहिम श्री राजपूत ने जारी रखी तथा प्रदेश के मुख्यमन्त्री को ज्ञापन भी भेजा साथ ही शुक्रवार को प्रधान वन संरक्षक एस0के0 शर्मा से भेंट करते हुए लकड़ी की कटान को रोके जाने की मांग की।

श्री राजपूत ने ज्ञापन में कहा कि अगर सोमवार से लकड़ी की कटान बन्द न हुई तो वह स्थानीय लोगों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री राजपूत ने बताया कि प्रधान वन संरक्षक श्री शर्मा ने वह जारी आदेश को वापस लिए जाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार के समक्ष पेश करेंगे तथा शीघ्र ही बुन्देलखण्ड में लकड़ी की अवैध कटान को रोके जाने के लिए आदेश जारी कराएंगे। श्री राजपूत ने लोगों से अपील की है कि वह इस आन्दोलन में सहयोग करें और जहां भी लकड़ी की कटान हो उसकी सूचना दें ताकि मफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही हो सके। उन्होंने कहा कि जो डम्प चलते रहे और जो अभी भी चल रहे हैं उनकी जांच भी प्रदेश सरकार द्वारा कराई जाएगी।

## घर से स्कूल के लिए निकली किशोरी लापता

**पिता की सूचना पर दो युवकों पर मुकदमा दर्ज**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** घर से निकली किशोरी स्कूल नहीं पहुंची और अचानक लापता हो गई। खोजबीन करने पर पता चला कि उसे एक युवक भगा ले गया है। पिता की सूचना पर पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उसकी बरामदगी के प्रयास शुरू किए है। कबरई कस्बे के एक मुहाल निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 मई की सुबह करीब 11 बजे उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। लेकिन तब उसे उसका कोई पता नहीं चल सका है। काफी खोजबीन की पर कोई सुराग नहीं लग सका। जानकारी में पता चला कि ग्राम रीवन थाना मौदहा हमीरपुर निवासी अमन उर्फ लल्ली उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया है। इसमें अमन के साथी रविंद्र ने भी उसका सहयोग किया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी रविंद्र व अमन उर्फ लल्ली के विरुद्ध धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उसकी बरामदगी के प्रयास शुरू किए है।

# आधार कार्ड बनाने व संशोधन के नाम पर की जा रही जमकर अवैध धन उगाही

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

- बैंक के लिए प्रस्तावित संस्था चोरी छिपे बाहर दुकानों और घरों से बना रहे आधार कार्ड*
- आधार कार्ड की भूल सुधार पर 800 से लेकर 1000 रुपए तक प्रति पीड़ति उपभोगताओं से बसूलने के आरोप
- मामला संज्ञान में आया है जांच कर आरोपियों पर कराएंगे कड़ी कार्यवाही, बैंक मैनेजर

कस्बा में खुलेआम जन सेवा केन्द्र के बोर्ड लगाकर आधार कार्ड में नाम और जन्मतिथि सुधार के लिए प्रति उपभोग्ता से 800 रूपयों से लेकर 1000 रुपए तक वसूलने के जागरूक ग्रामीणों ने संचालित जन सेवा केंद्र के नटवरलालों पर आरोप लगाए हैं। बता दें कस्बा की एक बैंक के लिए प्रस्तावित नए आधार कार्ड बनाने और पुराने आधार कार्ड में नाम व जन्मतिथि बनाने का एक संस्था काम कर रही है। जो कि केवल बैंक से ही होना बताया गया है. जागरूक ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त संस्था बैंक के अलावा अपनी दुकान और दूसरे स्थानों पर आधार कार्ड बनाने के साइन बोर्ड लगाकर भोले भाले ग्रामीणों से नए आधार कार्ड बनाने व पुराने आधार कार्ड में नाम और जन्मतिथि सुधार के नाम से 800




रुपयों से लेकर 1000 रुपए तक मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। ग्रामीणों को जानकारी के अभाव के कारण इन नटवरलालों के पास जाना पड़ रहा है।आरोप है संस्था की जांच कराई जाए तो उसमे बहुत बड़ा गड़बड़ झाला निकलकर सामने आएगा। इस संबंध में बैंक मैनेजर दिलीप सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी। वहीं जागरुक ग्रामीणों ने उक्त संस्था द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े की ओर संबंधित अधिकारीयों का ध्यान अपेक्षित कराया है।

## खबरें एक नजर में

### युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के रघवा गांव में बीती रात युवती ने अपने कमरे में पंखे से लटक करदुपट्टे से फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। जानकारी मिलने पर पिता ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के रघवा गांव निवासी मुन्ना पाल की पुत्री शैलजा(19) अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। जानकारी होने पर पिता ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दियाहै।

### मार्ग दुर्घटना में नौ घायल, तीन उरई रेफर

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में हुई मार्ग दुर्घटना में नौ घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।जलालपुर थाने के बरहारा गांव निवासी रबीकांत पुत्र श्रीचंद बाइक से मालती पत्नी राजकुमार, रमा पत्नी हलकाई को लेकर राठ आ रहा था। तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से वह लोग बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। जहां रमा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। वहीं कोतवाली के सरसई गांव निवासी सुनील पुत्र रामसिंह, महोबा जनपद के पलेरा गांव निवासी अशोक पुत्र भोजराज, कोतवाली के नदना गांव निवासी सुषमा, चिकासी थाने के चंदवारी डांडा गांव निवासी शीलू, औड़ेरा गांव निवासी छेदालाल, अतरौलिया मोहल्ला निवासी अनिल पुत्र जयपाल मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। अनिल, छेदालाल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### दो दिन से गायब वृद्ध की लाश नदी के किनारे मिली

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय खालेपुरा निवासी गोपालदास साहू की नदी में उतराती हुई लाश पुलिस ने बरामद की है। पुलिस के अनुसार गोपालदास(64) दो दिन पहले अचानक गायब हो गये थे गुरुवार को परिवारीजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी हमीरपुर कोतवाली ने जांच पड़ताल करते वक्त पाया कि नदी कि किनारे उनकी लाश पड़ी हुई है। मृतक मानसिक रुप से विक्षिप्त थे अंदेशा है कि उनकी मृत्यु डूब जाने से हुई है। मृतक भाजपा नेता लक्ष्मीरतन साहू के चचेरे भाई बताये जाते है. फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### युवक को मारपीट कर घायल किया,रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** बारात में विवाद होने पर बालक को मारपीट कर जख्मी कर दिया पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के मझगवां गांव निवासी कन्हैया लाल ने पुलिस को बताया कि 21 मई गांव के चतुर्भुज पाल के लड़के की बारात अकौना गांव जा रही थी। उसी बारात में उसका पुत्र जीतू भी जा रहा था। तभी देर रात चौपरा मंदिर के पास उसके पुत्र जीतू का गांव के अंगद से विवाद हो गया। डर की बजह से उसका पुत्र चौपरा मंदिर के पास ही रुक गया। बताया कि थोड़ी देर बाद अंगद चार पहिया गाड़ी से अपने पिता कुंवरलाल, चाचा फुन्नीलाल, भाई लखन और बहनोई जसवंत निवासी चंदर्रा थाना कोच जनपद जालौन के साथ आया और पुत्र के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पुत्र की पिटाई कर दी। मारपीट से उसके पुत्र का सिर फट गया और वह बेहोश होकर गिर गया। जब उसकी पुत्री सुमन को जानकारी मिली तो वह अस्पताल ले गई। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### गाली गलौज कर की मारपीट

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** मुस्करा थाने के बिहूंनी गांव निवासी रामशरण पुत्र रमेश चंद्र ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे उसकी पत्नी उमा घर पर बैठी थी। तभी गांव का गणेश, रामपाल, जगदीश, कलावती अचानक आ गये। बताया कि कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। जिससे उसकी पत्नी के सिर पर चोटें आईं हैं। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।मझगवां थाने के उमन्रियां गांव निवासी तुलसा रानी पत्नी शिवदयाल ने बताया कि 21 मई की शाम सात बजे देवपाल, परमेश्वरी दयाल, राजू घर आकर उसने पुत्र जैवेंद्र के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारा-पीटा। जब बीच बचाव करने गई तो उसे भी मारा-पीटा। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आईं हैं। पीड़िता ने मझगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### अवैध शराब कारोबारी को प्रभावी पैरवी कर दिलाई गई सजा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कंविक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा संयुक्त प्रयास से न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणामस्वरुप न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ द्वारा आबकारी अधिनियम के अभियोग में परीक्षणोपरांत अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की अवधि व 1500 रुपये के अर्थ दंड से दंडित कराया गया है। थाना महोबकंठ में पंजीकृत धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। जिससे संबंधित अभियुक्त ब्रजभान पुत्र सुल्लन अहिरवार निवासी धरवार थाना महोबकंठ को न्यायालय उठने तक की अवधि व 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### शांतिभंग में किया चालान

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस द्वारा अशांति फैलाने के संदेह में बेरी गांव निवासी पांच लोगों का शांतिभंग में चालान किया है जिनमे रामबाबू पुत्र स्वामीदीन, महादेव पुत्र रामशंकर, सीताराम पुत्र परसुराम, राममनोहर गुप्ता पुत्र रामसजीवन, अभिषेक तिवारी पुत्र रामावतार का चालान किया है।

## युवक को लाठियों से पीटकर किया घायल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों ने गांव के ही युवक को लेनदेन को लेकर हुए विवाद में लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 506 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 संशोधन 2015 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। चरखारी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भटेवराकला निवासी नवलकिशोर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने गांव के ही भारत से 10 हजार का ऋण लिया था। 21 मई की सुबह करीब 10 बजे वह ब्याज की रकम देने को लेकर उसके पास गया था। लेकिन 400 रुपए कम पड़ रहे थे। पास में मौजूद भुमानीदीन ने 500 रुपए दे दिए और कहा कि अब नवल को परेशान न करना। इसके बाद भारत सिंह ने लाठी से उसे मारना शुरू कर दिया। उसके साथी गरीबा खान ने लाठी दी थी और साथियों सहित इन लोगों ने मारपीट की। जिससे उसके गंभीर चोटें आयी है। धमकी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो जान से मार देंगे। चुनाव हो चुके है अब कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। बताया कि वह जुआ खिलाकर ब्याज में पैसे बांटने का काम करता है। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने आरोपी भारत सिंह व गरीबा खान के खिलाफ धारा 323, 506 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 संशोधन 2015 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निरीक्षण में न्यायिक अधिकारियों ने सुनी बंदियों की समस्याएं

- जनपद न्यायाधीश व अपर जिला जज ने किया उप कारागार का निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




उप्र राज्य विधिक सेवा प्रधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश जेपी यादव एवं अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल द्वारा जिला उपकारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) से आच्छांदित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार महोबा द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं। उन कैदियों की रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी। जिला जज जेपी यादव द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की आवश्यक कार्यवाही की जायें। इसके बाद पाकशाला का निरीक्षण किया गया जहां जेलर को निर्देशित किया गया बंदियों हेतु खाने की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये तथा साफ एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराये। बैरकों का निरीक्षण किया तथा निरंतर स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। सचिव द्वारा धारा 436(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध हैं, बन्दियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में जेलर उपकारागार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिला उपकारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया। जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेंद्र सिंह, जेलर शिवमूरत सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार ट्रक विद्युत पोल से टकराकर पलटा, मची अफरातफरी

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

- ट्रक में आग लगने से गन्ना व्यवसाई की दुकान जलकर हुई खाक,लाखो का हुआ नुकसान
- विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोग रहे बेहाल



सुमेरपुर बस स्टैण्ड में एक अनियन्त्रित ट्रक विद्युत खंभा को तोड़ते हुये दुकानों के सामने जाकर पलट गया ट्रक में लदी गिट्टी ने दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दुकानों में लगे शटर व अन्य सामग्री क्षतिग्रस्त हो गयी। सुबह क्रेन मशीन द्वारा जब ट्रक को निकालने का प्रयास किया जा रहा था तभी ट्रक की बैटरी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी। आग ने इतना जोर पकड़ लिया की बगल की गन्ना जूस बेचने वाले व्यापारी की दुकान जलकर राख हो गयी। मुहल्ले के लोगो ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग शांत नही हुई। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका।

सुमेरपुर में बस स्टैण्ड के पास 23 मई की रात्रि एक ट्रक गिट्टी लादकर हमीरपुर की ओर जा रहा था तभी बस स्टॉप में तेज रफ्तार ट्रक अनियनित होकर विद्युत पोल को तोड़ते हुये मंटू विश्वकर्मा की दुकानो के सामने जाकर पलट गया, गलीमत यह रही कि उस समय दुकाने बंद थी अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था, ट्रक में लदी गिट्टी सामने बिखर गयी, ट्रक की ठेकर से मंटू विश्वकर्मा के मकान में दरार आ गई, जिससे दुकानों के शटर सहित वहा लगा फनीचार पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। 24 मई की सुबह जब क्रेन मशीन द्वारा ट्रक को निकालने का प्रयास किया जा रहा था तभी अचानक ट्रक की बैटरी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गयी जिससे ट्रक धूदूधू कर जलने लगा आग की लपटे इतनी तेज हो गयी कि उसने गन्ना जूस व्यापारी मनीष साहू की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया थोड़ी ही देर में दुकान में लगा टट्टर व वहीं रखी जूस निकालने वाली तीन मशीने जल गयी। आग को बुझाने के लिये लोगो द्वारा भरपूर प्रयास किया गया लेकिन काबू नहीं पाया जा सका बाद में फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां जब आयी तब आग शान्त हो सकी। गन्ना जूस वाले मनीस साहू ने बताया कि उसका 5 लाख का नुकसान हुआ है आग लगने के कारण दुकान में गन्ना जूस निकालने वाली तीन मशीन इंजन सहित तथा दो साइकिल सहित टट्टर सहित पूरा समान जल गया । पुत्तन गुप्ता बक्शा बरखारी सहित अन्य साम्रगी बेचने वाले व्यापारी ने बताया कि ट्रक पलटने से उसका करीब 50 हजार का सामान टूटकर खराब हुआ है। इसी दुकान के बगल में पुष्पाजंलि मेडिकल स्टोर की शटर सहित 50 हजार की क्षति हो गयी। इसी के बगल में सुधीर गुप्ता और कल्लू सिंह की दुकान में रक्खे टीन शेड सहित सारा सामान ध्वस्त हो गया। दुकानदार ने करीब 60 हजार की क्षति होना बताया है।

इस घटना में विद्युत पोल टूट जाने से उसमें रखा ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया विद्युत लाइन काफी दूर तक टूटकर जमीन पर गिर गयी जिससे बीती रात्रि डेढ़ बजे से आधे से अधिक कस्बा में अंधेरा छा गया विद्युत विभाग सप्लाई चालू करने के लिये जुटा हुआ है देर शाम तक विद्युत सलाई चालू नहीं हो सकी थी भीषण गर्मी में बिजली न रहने से लोग गर्मी से बेहाल हो गये।इस घटना में विद्युत विभाग का लाखो का नुकसान हुआ है जब ट्रक में आग जल रही थी उस दौरान नेशनल हाइवे में वाहनों को रोक दिया गया था जिससे जाम लगाने से चार पांच घंटे आवागमन बाधित रहा।जिससे लोग परेशान रहे।

## एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

- संबंधित को समस्या निस्तारण के लिए दिए जरूरी निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिले में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित कराए जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर दूरभाष के जरिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## डीएम ने किया स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय पॉलिटेक्निक महोबा परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीनों को रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने राजकीय पॉलिटेक्निक में पहुंचकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पांचवें चरण में 20 मई को महोबा में मतदान हुआ था और 4 जून को मतगणना होनी है, तब तक कड़े सुरक्षा व पहरे के अन्दर ईवीएम मशीनों को रखा गया है। स्ट्रांग रूम के बाहर भारी फोर्स तैनात किया गया है, इसके साथ ही 4 जून को जब मतगणना होगी तभी ईवीएम मशीनों को बाहर निकाला जाएगा। लेकिन जब तक बीच-बीच में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया जाता रहेगा। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी नें राजकीय पॉलिटेक्निक पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं सही पायी गयीं।पुलिस फोर्स भी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद मिले। पूरे स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जिससे एलईडी के माध्यम से निरंतर निगरानी हो रही है। इस दौरान राजनैतिक दलों के नामित प्रतिनिधि भी निगरानी कराते पाए गए।

## दो साल से बंद पड़ा फायर सिस्टम को बनारस के टेक्ननीशियन ने किया सही



**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो वर्ष से फायर सिस्टम लगा हुआ है। लेकिन अभी तक इसका परीक्षण नहीं किया गया था। शुक्रवार को फायर के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की जानकारी लगने के बाद बनारस से फायर टेक्निशियन से इसकी जांच कराई गई। फायर टेक्निशियन धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि फायर सिस्टम बंद पड़ा था। जिसे सही कर दिया है। बताया कि फायर मोटर नहीं चल रही थी। जिसे दुरुस्त किया गया है। वहीं फायर अलार्म बंद थी। जिसे सुचारू रूप से दुरुस्त किया है। बताया कि फायर सिस्टम वर्किंग पर है। फायर टेक्निशियन ने सभी सिस्टम को बारीकी से जांच कर परखा।

# भीषण गर्मी में टूका गांव में सिर्फ दो हैंडपंप का ही सहारा

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के टूंका साढ़े पांच सौ लोगों की आबादी वाला गांव है। पूरे गांव में पेयजल संकट गहराया है। ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। पांच साल पहले नामामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बोरिंग हुई थी। जो अभी तक चालू नहीं हुई है। ग्रामीणों ने कई बार जल संस्थान व उच्चाधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। टूंका गांव निवासी अजीत सिंह, रवि, कुंवरलाल, हरीपाल, रहमान, शिवम, नईम खां, चैनू आदि ने बताया कि करीब 18 वर्ष पहले गांव में जल संस्थान द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कार्य हुआ था। इस पानी की टंकी से आधे गांव में ही पेयजल की सप्लाई चालू थी। जो पांच साल तक ही चली। इसके बाद गांव में पेयजल की सप्लाई




- पांच साल आधे गांव में आई पानी की सप्लाई, मतदान का किया था बहिष्कार, कोई सुनवायी न होने से ग्रामीण दुखी

नहीं आई। बताया कि गांव में छह हैंडपंप लगे हुए हैं। जिसमें दो हैंडपंप बिल्कुल खराब पड़े हैं। चार हैंडपंप पानी दे रहे हैं। इसमें भी दो हैंडपंप पानी छोड़ देते हैं। बताया कि पूरा गांव दो हैंडपंप के सहारे ही है। बताया कि पांच साल पहले नामामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बोरिंग कराई थी। जिसमें पानी तक नहीं आया था। बताया कि अभी तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जिससे पूरे गांव में पेयजल संकट गहराया है। बताया कि 20 मई को पेयजल की परेशानी से ग्रामीणों ने मतदान करने से मना कर दिया था। मौके पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र और सीओ दिलीप सिंह ने पहुंच कर पांच दिन का आश्वासन देकर पेयजल की समस्या को दूर कराने की बात कहीं थी। जिस पर ग्रामीणों ने बात मानकर मतदान किया था। बताया कि इसके जल संस्थान का ठेकेदार आया और उसने 10-15 दिन का आश्वासन दिया है। बताया कि ग्रामीण बूंद बूंद को तरस रहे हैं। जल निगम के जे ई धीरेन्द्र मौर्या ने बताया कि पानी की टंकी का काम चालू है। एक माह बाद ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

# फाल्ट ठीक करते वक्त करंट की चपेट में आने से संविदा कर्मी की मौत

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**




थाना क्षेत्र के मिश्री पुर गांव निवासी संविदा लाइनमैन की बीती रात विद्युत फॉल्ट ठीक करने के दौरान विद्युत करेंट से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के मिश्री पुर गांव निवासी शिवराज सिंह चौहान(60) गांव में विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए भूमि दान में दी थी। तथा इसको संविदा में विद्युत विभाग में कार्य पर रखा हुआ था। जो मिस्त्रीपुर क्षेत्र में विद्युत फॉल्ट आदि ठीक करता था। बीती रात साढ़े ग्यारह बजे बरुआ गांव में विद्युत फॉल्ट ठीक करते समय करेंट की चपेट मे आने से वह पोल सेनीचे गिर गया। साथी कर्मचारी उसे रात में ही कुरारा सीएचसी लेकर आए जहां चिकित्सक द्वारा शिवराज को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी पुलिस बल के साथ अस्पताल गए। तथा उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# छात्राओं को गौरैया का घर बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




दतावली डायमंड ग्रुप की अध्यक्ष रीना यादव के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रों को गौरैया के घर बनाने हेतु जनपद की गौरैया संरक्षक डॉक्टर सुनीता यादव प्राथमिक विद्यालय खरदूली द्वारा छात्राओं के लिए गौरैया का घर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू श्री द्वारा किया गया।

डॉ सुनीता यादव अध्यापिका प्राथमिक विद्यालय खरदूली विकासखंड सैफई ने सर्वप्रथम नन्ही चिड़िया के जीवन के इतिहास, उसकी विभिन्न प्रकार की आवाजें चिड़िया की पसंद और नापसंदऔर संरक्षण के महत्व के बारे में छात्राओं को बहुत ही सरल भाषा में जानकारी प्रदान की। इस जानकारी को सुनकर छात्राएं भाव विभोर हुई। सुनीता यादव द्वारा कम बजट में गत्ते जूट के बोरो के माध्यम से विभिन्न आकृति के घोसलों को बनाना सिखाया। इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों के अंदर प्राकृतिक प्रेम को विकसित करता है आजकल की दौड़ भरी जिंदगी में प्राकृतिक प्रेम होना अति आवश्यक है नन्ही चिड़िया जब दाना लेकर चलती है सौ बार गिरती है और संभलती है वह जीवन का अमूल्य पाठ सभी को सिखाती है और सभी के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। इस कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप फेडरेशन 5 की निवर्तमान अध्यक्ष उषा यादव, ग्रुप की पूर्व फेडरेशन ऑफिसर रीता मेहरोत्रा, वित्त निदेशक रुपाली मेहरोत्रा, ग्रुप के निदेशक निधि द्विवेदी, सदस्य करुणा बंसल और शमा परवीन ने छात्रों के साथ चिड़ियों के घोसले बनाने में सक्रिय सहभागिता की जिससे बच्चों के भीतर समूह में कार्य करने की समझ विकसित हुई । अंत में ग्रुप की अध्यक्ष रीना यादव ने सुनीता मैडम को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया और सभी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिल से आभार व्यक्त किया।

## कैलाश डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर बने

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ कैलाश चंद्र यादव को सीबीएसई ने अभी हाल ही में डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर बनाया था ।इसी कड़ी में उन्हें विभिन्न विषयों की ट्रेनिंग देने वास्ते रिसोर्स पर्सन की भी जिम्मेदारी दी है। डा कैलाश चंद्र यादव ने फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के सेंट पाउल ब्रिटन एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में क्लास रूम मैनेजमेंट विषय पर दो दिवसीय ट्रेनिंग में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 60 शिक्षकों को विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग देकर अपने अनुभव एवं जानकारी शेयर की। डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि यदि शिक्षक अपने क्लास रूम मैनेजमेंट को अच्छा कर लेता है तो बच्चों को विषय अच्छे से समझाया जा सकता है। उन्होंने आगे



बताया सीबीएसई का प्रयास है कि शिक्षकों को ज्यादा से ज्यादा विषयों पर ट्रेनिंग देकर उन्हें दक्ष एवं सक्षम बनाया जाए ।जिससे बच्चों को विषय अच्छे से समझकर पढ़ाया जा सके और उनका सर्वांगीण विकास किया जा सके। सीबीएसई द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी पर डा कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि इससे उन्हें खुद को एक्सप्लोर करने का मौका मिलेगा साथ ही वे अपने अनुभव साझा कर के शिक्षकों की सीखने में मदद कर पाएंगे।

# जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी

## जेपी नड्डा बोले, दस साल पहले भारत का आम नागरिक कहता था कि भारत में कुछ नहीं बदलने वाला



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मां ज्वालामुखी और क्रान्तिकारियों की धरती पर आकर धन्य हो गया। क्रान्तिकारी पंडित महादेव चौबे समेत अन्य को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। कहा कि दस साल पहले भारत का आम नागरिक कहता था कि भारत में कुछ नहीं बदलने वाला है। सभी नेता एक समान हैं, यूपीए सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। वे स्थानीय हाइडिल मैदान में शुक्रवार को एनडीए की लोकसभा प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मोदी की अगुवाई में विकसित देश का संकल्प भारत की ओर चल चुका है।

देश की जनता के आशीर्वाद से वे तीसरी बार पीएम जरूर बनेंगे। कहा कि 70 साल कांग्रेस के शासन मे जाति, धर्म की राजनीति की गई। मोदी ने सबका साथ, सबका विकास कर विकास वादी की राजनीति को जन्म दिया। अभी भी विपक्षी जाति, धर्म की राजनीति कर रहे हैं। हम तीन साल के अंदर दुनिया की तीसरी अर्थ व्यवस्था पर होंगे। दवा उत्पादन में देश दूसरे नबर पर है। भारत मांगने वाला नहीं देने वाला देश बन गया है। इस्पात उत्पादन में दूसरे नंबर पर आ चुका है। पहले मोबाइल फोन पर मेड इन चाइना लिखा होता था, अब मेड इन इंडिया लिखा होता है। सपा नेता अखिलेश पर तंज कसते हुए कहा कि वे बोलते थे डिजिटल क्या करेगा। अब सब्जी वाला भी डिजिटल पेमेंट लेता है। योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल रहा है। देश की कोई माता, बहन, बुजुर्ग 70 साल के होंगे तो उन्हें पांच लाख का आयुष्मान कार्ड इलाज के लिए मिलेगा। कहा कि मोदी सरकार में चार करोड़ आवास बना। आने वाले समय में बिजली का बिल शून्य होगा। हर घर पर सौर ऊर्जा लगेगा। जिससे बची बिजली सरकार क्रय करेगी। आने वाले समय में पाइप लाइन से गैस घरों तक पहुंचेगा। हाइवे बन रहे हैं, ओवरब्रिज बन रहा है। मोदी ने यूपी का रेलवे बजट बढ़ा दिया। अब यूपी बीमारू राज्य से उत्तम प्रदेश बन गया है।

# पेड़ पर लटका मिला सजा काटकर आये युवक का शव

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

- मृतक की जेब से मिला पत्र पुलिस के लिये बना जांच का विषय
- कठपुरवा का निवासी है युवक

हत्या के आरोप में सजा काटकर आये युवक की लाश पेड से लटकी मिली है। वह पत्नी को छोड़कर जाने से परेशान था इस आशय का पत्र भी उसकी जेब से मिला है।

शुक्रवार सुबह छौंक गांव के ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को सूचित किया था कि गाँव के बाहर रेलवे किनारे खडे बरगद के पेड़ में अज्ञात युवक की लाश झूल रही है। सूचना को संज्ञान मे लेकर मौके पर पहुंचे ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेन्द्र सिंह ने शव को फंदे से उतारकर तलाशी ली तो उसके पास मोबाइल के अलावा एक पत्र भी मिला था जिसमें उसकी पहचान कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कठपुरवा निवासी सुनील पुत्र शिवकुमार उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई थी इसके साथ ही उसके जेब से बरामद पत्र में भी आत्महत्या के लिए पत्नी को छोड़कर जाना बताया है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनो को दी तो मौके पर आये परिजनो ने बताया कि 16 अप्रैल 2011 में गांव निवासी अर्जुन सिंह अहिरवार की हत्या हो गई थी और लाश भी घर से बरामद हुई थी जिसके चलते मृतक को हत्या के इस मामले में सजा हो गई थी और लगभग एक वर्ष पूर्व शासन के निर्देश पर उसे रिहा कर दिया था लेकिन वह वापस आया तो उसकी पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी थी जिसे वापस लाने के लिए उसने काफी जोर आजमाईश की थी लेकिन वह वापस आने को तैयार नहीं थी जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था और गुरुवार शाम को वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन भी शुरू की गई थी लेकिन उसका कही पता नहीं चला था और शुक्रवार सुबह पुलिस ने उसके पेड़ से लटके होने की सूचना दी थी। चौकी इंचार्ज के अनुसार पेड़ के नीचे शराब के खाली क्वाटर भी बरामद हुए हैं जिससे कयास है कि मृतक ने फांसी लगाने से पहले शराब का सेवन किया होगा हालाकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसो. का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव तीस को

**जालौन, उरई।** बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट के चुनाव में नामांकन पत्रों की जाचं के बाद अध्यक्ष पद के लिए भूपेंद्र कुमार लिटौरिया व जितवार सिंह राठौर चुनाव मैदान में हैं। 30 मई को अधिवक्ता विभिन्न पदों के लिए वोटिंग करेंगे। बुंदेलखंड एडवोकेट बार एसोसिएशन मुंसिफ कोर्ट की कार्यकारिणी का चुनाव 30 मई को होना है। गुरुवार को विभिन्न पदों के लिए चुनाव समिति के समक्ष उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे थे। जिसमें अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार लिटौरिया व जितवार सिंह राठौर ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार श्रीवास्तव ने नामांकन किया था। अन्य कोई उम्मीदवार न होने के चलते उनका चुना जाना तय है।

# रंजिशन मारपीट करने पर पांच पर कार्यवाही



**जालौन, उरई।** खजुरी में रंजिश के चलते गाली, गलौज व मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरी में प्रियंका देवी, जितेंद्र कुमार, सौरभ, सीमा व किशुन के बीच आपस में रंजिश चल रही है। रंजिश के चलते शुक्रवार की सुबह उनके बीच विवाद होने लगा। बातचीत से शुरू हुआ विवाद गाली, गलौज तक पहुंच गया। एक दूसरे को गाली देने से रोकने के बाद भी जब वह नहीं माने तो उनके बीच हाथापाई होने लगी। हाथापाई के बाद सभी कोतवाली पहुंच गए। जहां उनके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

# बैंक आये युवक को तीन हमलावरों ने पीटकर किया लहुलुहान

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

- घायल बेटे को लेकर मां पहुंची कोतवाली, पुलिस ने कराया चिकित्सीय परीक्षण

मां के साथ बैंक गए युवक पर तीन युवकों ने हमला कर दिया जिसमे उसको काफी चोटे आई है। पुलिस ने युवक का डाक्टरी परीक्षण कराकर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। नगर के मुहल्ला इंदिरा नगर निवासी युवक शुक्रवार दोपहर अपनी में के साथ बैंक गया था लेकिन बैंक के बाहर ही तीन युवकों ने उसके ऊपर हमला कर दिया हालाकि वहां मौजूद लोग उसे बचा पाते तब तक वह लहूलुहान हो गया था।

आनन-फानन साथ में मौजूद मां उसे लेकर कोतवाली आ गयी थी। पुलिस ने युवक को रक्तरंजित अवस्था में देख आनन फानन इलाज के लिए अस्पताल भेजा था। इस दौरान मारपीट का शिकार हुए युवक ने बताया कि लगभग 20 दिनों पूर्व उसका एमएसवी इण्टर कालेज के मैदान में क्रिकेट खेलने को लेकर विवाद हो गया था इसी के चलते उसे अंकित पाल ,प्रवीन पाल एवं इन्द्रजीत ने मारपीट की है।

पुलिस ने बैंक के बाहर सरेराह हुई इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है कोतवाली प्रभारी ने चौकी इंचार्ज टरननगंज को इस मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# दो स्थानों पर मारपीट में नौ लोगों पर हुई कार्यवाही

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक विवाद को लेकर आपस में गाली, गलौज व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला धर्मशाला निवासी गौरव सिंह, नरसिंह व मंगल सिंह के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार की सुबह उनके बीच विवाद होने लगा। विवाद में उनके बीच गाली, गलौज व हाथापाई हो गई। लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। उधर, पहाड़पुरा में महेश व लालू उर्फ अमृत सिंह का पड़ोसी से विवाद हो गया। पड़ोसी के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# बकरी चराने गये ग्रामीण का जंगल में मिला शव

- पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा व मृतक के भाई की तहरीर पर गांव के दो व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



मृतक के परिजनों से जानकारी लेते सीओ।

नदीगाँव थाना क्षेत्र के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करायी और मतक के भाई की तहरीर पर गांव के ही दो लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक थाना नदीगाँव के ग्राम कुरचौली निवासी 40 वर्षीय अविवाहित प्रेमकुमार उर्फ भटा पुत्र जुगल किशोर शर्मा रोज की तरह गुरुवार को अपनी बकरियां चराने गया नदी किनारे स्थित जंगल में गया हुआ था। देर शाम बकरियां घर आ गयीं लेकिन प्रेमकुमार घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी खोजबीन में लग गए। शुक्रवार की सुबह जंगल में प्रेमकुमार का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ देख परिजनों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गयी जिसके बाद थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद सीओ जालौन राम सिंह और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक प्रेमकिशोर का जिस स्थान पर शव मिला उससे कुछ ही दूरी पर उसका मोबाइल फोन डला हुआ मिला। के सिर के पिछले हिस्से में जख्म के निशान मिलने से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी भारी और धारदार चीज से प्रहार किया गया हो। उक्त घटना को लेकर मृतक प्रेम कुमार के बड़े भाई रामकुमार द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने गाँव के ही मंशाराम उर्फ भगे और उसके बेटे छोटू एवं मुन्नालाल के खिलाफ दफा 302 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जेल अधीक्षक ने एक माह का वेतन गरीब बिटिया की शादी में दिया दान




**चोपन सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

चोपन ब्लाक के नक्सल गाँव की एक बेटी के शादी में धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान की शानदार पहल पर सोनभद्र जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने अपनी बेतन से उक्त बिटिया के परिवार हरसंभव मदद किया आपको बता दे कि योग गुरु आचार्य अजय कुमार पाठक ने जब बिटिया के सहयोग के लिए सोनभद्र जिले के जेल अधीक्षक जी को सिर्फ सन्देश किया जिसके तुरन्त उपरांत सौरभ श्रीवास्तव, अनिल सिंह अमित उपाध्याय,राजेश मिश्रा, धन्वंतरी पतंजलि योग संस्थान ने सयुक्त रूप से मदत कर शादी में हरसम्भव मदत अपनी सामर्थ्यानुसार किया गया।

# हदरुख उपकेंद्र से प्रातः 10 से 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**जालौन (उरई)।** विद्युत उपखंड जालौन के उपकेंद्र हदरुख में ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि की जा रही है। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के चलते शनिवार को हदरुख व उससे संबंधित गांवों की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे रात 8 बजे तक बंद रहेगी। विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र हदरुख में लगे पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है। पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर की जगह 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। ट्रांसफार्मर बदलने के कारण हदरुख समेत आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति शनिवार को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक बंद रहेगी। बताया ट्रांसफार्मर बदलने के बाद बिजली आपूर्ति में सुधार होगा एवं ओवरलोडिगं व लो वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी।

# सीडीओ ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**कोंच, जालौन समृद्धि न्यूज।**



मनरेगा कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते प्रभारी सीडीओ।

प्रभारी सीडीओ और पीडी शिवाकांत दुबे ने मनरेगा कार्यो और गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। प्रभारी सीडीओ ने कोंच विकास खंड की ग्राम पंचायत पचीपुरा कलां में मनरेगा द्वारा डलवाये जा रहे चकरोड का निरीक्षण किया। उन्होंने चकरोड की लंबाई चौड़ाई और ऊंचाई की जानकारी लेते हुए श्रमिकों की उपस्थिति भी जांची। कार्य में लगे श्रमिकों के भुगतान और कार्य की फीडिंग समय से किए जाने के उन्होंने निर्देश दिए।

वहीं गाँव में संचालित गौशाला का भी निरीक्षण करते हुए प्रभारी सीडीओ ने साफ सफाई के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और गौवंशों के खाने के लिए हरे चारे की मात्रा बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान बीडीओ मानूलाल यादव, एडीओ देवेन्द्र निरंजन, सचिव पवन तिवारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव सहित पंचायत मित्र मौजूद रहे। प्रभारी सीडीओ यहां से नदीगाँव विकास खंड की ग्राम पंचायत भेंड़ पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला का निरीक्षण कर साफ सफाई दुरुस्त रखने और गौवंशों के लिए हरा चारा एवं भूसा सहित पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। गौशाला में छाया का भी प्रबंध किए जाने के लिए उन्होंने संबंधित कर्मियों को आदेश दिए।

# विद्युत बिल जमा कराने की विंडो खुलवाने की डीएम से मांग

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

नगर में सब्जी मंडी के पास स्थित पुराने बिजली घर पर नगर क्षेत्र के बिजली बिल जमा कराने के लिए विंडो खुलवाने की मांग नगर के लोगों ने डीएम से की है। नगर का वर्तमान बिजली घर उरई रोड पर स्थित है।

प्रतिमाह बिल जमा करने के लिए लोगों को वहां जाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें या तो रिक्शे से जाना पड़ता है या फिर पैदल ही जाना पड़ता है। लोगों को इतनी दूरी पर बिल जमा करने जाने के लिए समय व रुपये दोनों खर्च करने पड़ते हैं। जिससे लोग परेशान होते है। सबसे अधिक परेशानी उन बुजुर्गों और महिलाओं को होती है जिनके घर में कोई अन्य नहीं है। उन्हें इतनी दूर जाने के लिए काफी परेशान होना पड़ता है। लिखा नगर में सब्जी मंडी के पास पुराना बिजली घर स्थित है। पूर्व में वहां बिल जमा कराने की व्यवस्था थी। जिससे लोगों को बिजली बिल जमा करने में आसानी रहती थी। लेकिन किसी कारणवश उक्त व्यवस्था को बंद कर दिया गया है। नगर के विनय कुमार, पवन कुमार, राहुल, रहीस खान, सोनू, अक्षत, दीपक राजावत आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि पुराने बिजली घर में बिल जमा करने के लिए कार्यालय व विंडो उपलब्ध है। यदि बिजली बिलों को वहीं जमा कराने की व्यवस्था कर दी जाए तो महिलाओं और बुजुर्गों के साथ ही दुकानदार एवं अन्य सभी वर्गों के लोगों को काफी सहूलियत होगी।

# जिला जज की अध्यक्षता में स्वयंसेवकों की हुई बैठक

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्र के अनुपालन में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिले की पांच तहसीलों के पराविधिक स्वयंसेवकों की बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा की देखरेख में आयोजित की गयी। इस बैठक में मे बीकापुर,मिल्कीपुर व सदर तहसील के कुल दस पराविधिक स्वंय सेवक उपस्थित रहे। बैठक में पराविधिक स्वंय सेवकों को निर्देशित किया गया कि लीगल एड क्लीनिक पर जिनकी ड्यूटी लगायी जाती है। सचिव श्री वर्मा द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बढ़-चढ़ कर लोगो को हिस्सा लेने के लिए जागरूक करें तथा सभी को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत से होने वाले लाभ के बारे जानकारी दें जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कर आयोजन को सफल बनाया जा सके। बताया गया कि आगामी 13 जुलाई आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के मामलें जैसे प्री-लिटिगेशन मामलें,विद्युत मामलें,बैंक ऋण मामलें एवं न्यायालय में लम्बित मामलों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

# चुनावी प्रचार तेज, प्रत्याशी गांव-गांव कर रहे हैं सभा

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

जेठ के महीना शुरू होते ही चुनावी प्रचार का पारा तेज हो गया है। लोकसभा और विधानसभा के उप चुनाव के लिए सभी दलों के प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दिया है। प्रत्याशियों के द्वारा जगह-जगह गांव में सभाएं का नेता अपने पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांग रहे हैं, वहीं प्रत्याशी गांव-गांव घर-घर घूम कर आम मतदाताओं से हाथ जोड़कर और पैर छूकर प्रणाम करते हुए दिल्ली और लखनऊ पहुंचने के लिए आम जनता से वोट मांग रहे हैं। मतदाता सारे प्रत्याशियों को वोट देने का भरोसा दे रहे हैं। सभी दलों के प्रत्याशी अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव में घूम रहे हैं और मतदाताओं से चुनाव निशान पर वोट देने का अपील कर रहे हैं।

वही मतदाता वोट देने का सबको भरोसा दिलाते हुए अपनी चुप्पी भी साधे हुए हैं। वैसे इस बार लोकसभा चुनाव में और दुद्धी विधानसभा के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना व्यक्त किया जा रहा है। वैसे चुनाव में इस बार बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है इसके अलावा अन्य प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में अपने भाग को आजमा रहे हैं और आम जनता से मिल रहे हैं।

# रिंकी कोल के पक्ष में विभिन्न रसूखदार मैदान में

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**




चकिया के उतरी चकिया मण्डल के मण्डल अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह का इलाके में तूफानी दौरा कर सरकार की उपलब्धियों के लहर पर बना रहे हैं माहौल। राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में उनके आवास गढ़वा गाव में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी का लगा जमावड़ा। जहां जल शक्ती मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मुलाकात किया। साथ में एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल भी शामिल रही। लोकसभा प्रत्याशी विधायक रिंकी कोल के पक्ष में सभी ने समवेत स्वर में हामी भरी। उसके तत्पश्चात पर्वतपुर में श्लोक पैराडाइज लॉन में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। इस जनसभा में महिला उम्मीदवार रिंकी कोल से मिलने काफी जन सख्या में महिला नारी शक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जल शक्ती मंत्री ने एक जून को कप प्लेट के सामने का बटन दबा के वोट देने की सभी से अपील किया।

उसके बाद बरौझी में प्रभात सिंह पटेल के घर पर भोजन किया गया और आस पास के सम्भ्रांत लोगों व प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यगण से मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ। यह मुलाकात काफी सार्थक रही। सौहार्दपूर्ण मुलाक़ात से सबका अपार समर्थन एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल को मिल रहा है। फ़िलहाल लोकसभा एरिया में विधायक रिंकी कोल की हवा बहने लगी है। डबल इंजन सरकार के लोकहित कारी योजनाओं ने रिंकी कोल के विजय रथ के लिए ईंधन का काम किया है। समय कि शिला पर खड़ी जनता मंगलगीत गाने के लिए तैयार है।बहरहाल हर शय वक़्त का गुलाम है। जब वक्त आएगा सारे पत्ते स्वतः खुल जायेंगे।

# जायद फसलों के ई पड़ताल सर्वे कार्य में जुटे राजस्व कर्मी

**कालपी,जालौन।** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निर्देशन के अनुरूप राजस्व कर्मचारियों के द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्राफ्ट सर्वे की पड़ताल का कार्य 238 ग्रामों में गतिशीलता से चलाया जा रहा है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि तहसीलदार अभिनव तिवारी के निर्देश के अनुरूप क्राप्ट सर्वे का आनलाइन काम 30 मई तक पूरा कर लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कालपी तहसील के कालपी तहसील में जायद फसल का ई पड़ताल का कार्य नायब तहसीलदारों की माटीरिंग के मुताबिक चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग भी करते हैं। सरवेयर के तौर पर क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा गांव गांव की खेतों की फसल का जिंसवार सर्वे किया गया है।

# डोर टू डोर कूड़ा संग्रह को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा शुक्रवार को नगर निगम सीमा अंतर्गत स्वच्छता,डोर टू डोर कूड़ा संग्रह एवं कूड़े के पृथकीकरण के संबंध में सम्बन्धित अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई कार्य में नियोजित संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था कराये जाने व सम्यक पर्यवेक्षण के निर्देश दिये गये।अयोध्या धाम के अतिरिक्त एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग, राजमार्ग के डिवाइडरों,साइड पटरी/फुटपाथ आदि पर रोस्टर के अनुसार साप्ताहिक/पाक्षिक रूप से अभियान चलाकर सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र से उत्सर्जित कूड़े के पृथक्करण कराये जाने हेतु विशेष बल दिया गया। वार्डो में चयनित मोहल्ला समितियों को पुर्नजीवित करते हुए समिति का पंजीकरण कराते हुए खाते खोलने के निर्देश दिये गये।वार्डो में सूखे एवं गीले कूड़े को अलग अलग संग्रहित किये जाने के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये। वार्डो में स्थापित कम्पोस्टरों को क्रियाशील किये जाने व अवशेष स्थलों पर कम्पोस्टर स्थापित किये जाने केनिर्देश दिये गये। इस कार्य में पूर्व से सहयोग कर रही संस्था आईटीसी से भी सूखे गीले कूड़े के सम्बन्ध में स्टिकर आदि प्रत्येक भवन स्वामी को वितरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सम्बन्धित मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं सफाई निरीक्षक गण को एमआरएफ सेन्टर पर भी प्लान्ट की क्षमता के अनुरूप कूड़े को भेजने व पृथक्कीकरण किये जाने के निर्देश दिये गये।नगर आयुक्त शर्मा ने बताया कि अयोध्या एक आध्यात्मिक एवं धार्मिक नगरी के रूप में विकसित हो रही है।

इस धार्मिक नगरी की गरिमा के अनुरूप स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु हम सभी पूर्ण रूपेण प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में अभियान चलाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र स्रोत से ही कूड़े को निस्तारित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में जनमानस की भी सहभागिता अपेक्षित है।



# ऑटो पलटने से चालक सहित चार घायल, एक रेफर

**दुद्धी, सोनभद्र।** कोतवाली क्षेत्र के नौडीहा गांव में शुक्रवार की सुबह एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ऑटो चालक सहित ऑटो पर सवार चार लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि उदय कुमार, पंकज कुमार, सर्वेश कुमार तीनों निवासी अमवार कुल चार लोग घायल हो गए। ऑटो सवार तीनों घायलों को इलाज हेतु दुद्धी सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उदय की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया गया है। वही घायल ऑटो चालक कही अन्यत्र इलाज हेतु ले जाया गया। जानकारी के अनुसार ऑटो पर सवार तीनों लोग अमवार से बभनी में तिलक चढ़ाने गए हुए थे। तिलक चढ़ाकर वापस लौटते वक्त नौडीहा गांव में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ऑटो चालक सहित तीनों सवार कुल चार लोग घायल हो गए। वही घायलों में से उदय कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल हेतु रेफर कर दिया गया है।

# जलती बीड़ी फेंकने से पर्दा जला

जालौन (उरई)। बीड़ी पीकर पड़ोसी के पर्दे पर फेंकने से पड़ोसी का पर्दा जल गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राष्टगंज निवासी बलवान ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी ओमप्रकाश ने बीड़ी पीकर उनके घर के पर्दे पर फेंक दी।


## सम्बन्ध विच्छेद

मैने अपने पुत्र इरशाद व उसकी पत्नी रुखसार के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरा परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**शराफत मंसूरी पुत्र पीरवक्श मंसूरी निवासी सिरमौरा बांगर, थाना नवाबगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

# गाँवों के सर्वेक्षण का कार्य तीव्र गति से हो: डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने एवं रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे) तथा गेहूं खरीद पर हुई बैठक**



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने एवं रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम (सर्वे) तथा गेहूं खरीद के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 35 जले हुए ग्रामों के अंर्तगत अकबरपुर, उस्मानपुर, सरदामई, बरुआ सबलपुर, हाथिन, गढ़ियापाह, हरबल्लभपुर ग्रामों में वर्तमान में अभिलेख बनाए जाने के कार्य की जानकारी लेते हुए कहा कि फील्ड में जाकर कार्य करें और चको का मौके के अनुसार भू चित्र पर चक निर्माण कार्य तीव्र गति के साथ करे। कहा कि ग्राम उस्मानपुर में सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है, प्राप्त चक आपत्तियों को निस्तारण कर भू चित्र तैयार किया जाए। सरदामई में 47 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द खतौनी कार्य पूर्ण किया जाए। अकबरपुर ग्राम में अभिलेख बनाए जाने के कार्य में 38 प्रतिशत कार्य पूर्ण किए जाने पर निर्देश दिए कि जब नक्शा बन चुका है तो खतौनी सत्यापन कार्य को भी जल्द किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्व में जिन गांवों में खतौनी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है वैसे ही शेष गांवो में खातों की खतौनी तस्दीक के कार्य को समय से पूर्ण किया जाए और जिस ग्राम के अभिलेख तैयार करने में जो कार्य शेष बचा है उसे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होने कहा कि किसी कार्य को लंबा नहीं खींचना चाहिए।अभिलेख तैयार किए जाने के कार्य में तेजी लाई जाए। सभी लोग अलग-अलग गांव में अपनी टीम के साथ तेजी लाकर कार्य करें। मौके में जाकर सेक्टर और चकरोड कहां है उसकी पुष्टि करें और समय से चकरोड बनाए जाएं। रिकॉर्ड बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि रिकॉर्ड ऑपरेशन ग्राम सर्वे के अंतर्गत गाँवो के सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के सर्वे का कार्य तीव्र गति के साथ किया जाये, लोग कई वर्षों से परेशान हैं, उनकी परेशानी को दूर करें और अपने-अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होने कहा कि कि सन 1995 से 86 गांवों का सर्वे होना था जिसमे 55 गांवों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। 31 गांव शेष हैं जिसमे गदनपुर बड्डू, तारपुर नौकास्त, जलालपुर अमरा आदि ग्राम में रिकॉर्ड तैयार किया गया और चांदापुर कछ्वाहा में पैमाइश का कार्य किया जा रहा है। कार्य में तेजी लाकर कार्य को पूर्ण किया जाए। रिकार्ड रुम के नक्शे और अपनी कॉपी से मिलान अवश्य करें।

जहां नक्से के मिलान का कार्य किया जा रहा है तीव्र गति के साथ किया जाये। उन्होने तहसीलदार को निर्देश दिये कि पेडिंग मुकदमो का निस्तारण समय से किया जाये, न्यायिक व्यवस्था अच्छी होनी चाहिये। बिना किसी दबाव के निर्भीकता के साथ सुनकर निर्णय लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की क्षेत्र में जाकर किसानों से अधिक से अधिक गेहूं क्रय करें। लक्ष्य के सापेक्ष गेंहू की खरीद पूर्ण की जाए7 क्रय किए गए गेहूं की धनराशि किसानों को समय से भुगतान किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिला अधिकारी न्यायिक नवनीता राय सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सभी गौशालाओं में की जाये पेयजल और छाया की व्यवस्था: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले के समस्त विकास खण्डों में निर्मित/निर्माणाधीन गोवंश आश्रय स्थलों की प्रगति और भूसा क्रय किए जाने के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में 145 अगौआस्थ में 7159 संरक्षित गोवंश, 03 वृहद गौसंरक्षण केंद्र में 768 संरक्षित गोवंश, 01 कांजी हाउस में 14 संरक्षित गोवंश एवं नगरी क्षेत्र में 06 अगौआस्थ में 307 संरक्षित गोवंश, 02 कान्हा उपवन में 775 संरक्षित गोवंश और 04 पंजीकृत गौशाला में 430 संरक्षित गोवंश, 01अपंजीकृत गौशाला में 54 संरक्षित गोवंश हैं। कुल 162 गौशालाओं में 9507 संरक्षित गोवंश हैं। डीएम ने कहा कि तापमान बढ़ गया है, आगे आने वाले समय में और बढ़ने की संभावना है, इसको दृष्टिगत रखते हुए सभी गौशालाओं में पेयजल और छाया की व्यवस्था पूर्ण रूप से होना चाहिए। प्रत्येक खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी संयुक्त रूप से अपने विकास खण्ड के अंतर्गत गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण प्रतिदिन करें तथा जो भी कमियां पाईं जाए उनके समुचित निदान हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। समस्त खंड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक गौवंश आश्रय स्थल में आवश्यकतानुसार पेयजल और छाया आदि की व्यवस्था है कि नहीं, यदि नही है तो शेड लगाकर छाया की समुचित व्यवस्था की जाए। कहा कि जिन गौशालाओं में गोवंश की संख्या कम है, दूसरी गौशालाओं से गोवंशो को लाकर संरक्षित किया जाए। कहा कि बारिश का मौसम आने वाला है समस्त गोवंश आश्रय स्थलों के चारों तरफ छायादार वृक्षों का रोपण कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भूसा क्रय किए जाने का लक्ष्य 111529.4 कुंतल है। लक्ष्य के सापेक्ष लगभग पूर्ति मात्रा 26799 कुंतल है, अवशेष लक्ष्य की मात्रा 84730.4 कुंतल है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए की अभी भूसा क्रय करने का समय सही है, समय रहते भूसा क्रय कर लिया जाए। भूसा स्टॉक पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैपियर घास की बुवाई जुलाई माह में की जाती है। नैपियर घास की रोपाई अधिक से अधिक की जाए। जिससे लंबे समय तक हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। एक्शन प्लान बनाकर कार्य करें। सभी चरागाहों में नैपियर घास की रोपाई की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अरविन्द कुमार सिंह राठौर की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन की आम बैठक आयोजित

**बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में प्रथम वरीयता मत देकर विजयी बनाने की अपील की**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**





बार सभागार में बार एसोसिएशन की आम बैठक का आयोजन किया गया जिसकीअध्यक्षता अरविन्द कुमार सिंह राठौर व संचालन ललित प्रताप सिंह ने की।

कार्यक्रम को पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, डाक्टर मयंक सक्सेना, ओम प्रकाश शाक्य, अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर ने संबोधित किया। इस दौरान धर्मवीर सिंह यादव, रामचंद्र यादव, कन्हई सिंह वर्मा, फहीम जमा खां, डा मयंक सक्सेना, वृजपाल सिंह यादव, सतीश चतुर्वेदी, लालबहादुर यादव, प्रवण यादव, योगेन्द्र यादव, मुकेश पाण्डेय, राजीव दीक्षित मंजे, चंद्रजीत यादव, अमित अग्निहोत्री, विनीत कुमार चतुर्वेदी, शिवम, रजनीश यादव, घनश्याम यादव, कोषाध्यक्ष मुफीद खां, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव, स्नेहलता गुप्ता, रोमा, प्रियंका मिश्रा, राखी सिंह, राजवीर सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, सुशील गौतम, स्वदेश शाक्य, अमन आर्य, अजमेर सिंह यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। बार एसोसिएशन की आम बैठक में अधिवक्ता सभागार में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की प्रत्याशी मधुलिका यादव बार के सम्मानित सदस्यों से भेंट कर आगामी बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में प्रथम वरीयता मत देकर विजयी बनाने की अपील की।

## एसपी के आदेश पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से हुई छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई थी। एसपी के आदेश पर ठठिया पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसका विवाह करीब 19 बर्ष पूर्व हुआ था। वह अक्सरकर अपने मायके में ही रहती थी। गत 19 मई को वह अपनी ससुराल आई थी। यहां उसके ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की। जेठ के पुत्र ने अभद्रता करते हुए उसके कपड़े भी फाड़ दिए थे। उसकी शिकायत के बाद ठठिया पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसपर एसपी के आदेश पर ठठिया थाना पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## पांच दिन के बाद भी शव की नहीं हुई शिनाख्त

**तिर्वा।** उमर्दा की निचली गंग नहर की पटरी पर पांच दिनों पहले हरेईपुर गांव के निकट झाड़ियों में एक अज्ञात अधेड़ का शव बरामद हुआ था। यह शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। उसके शरीर के कुछ हिस्से को जंगली जानवर खा गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। शव की शिनाख्त कराने का भी प्रयास हुआ था। पर पांच दिन गुजर जाने के बाद भी अज्ञात अधेड़ के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष आनन्द कुमार ने बताया कि मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। जिसमें अज्ञात अधेड़ की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों के मुताबिक यह शव लगभग पांच दिन पुराना बताया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि संभवतया अधेड़ किसी जनपद का निवासी है। हत्या करने के बाद उसके शव को यहां फेंका गया है। इस मामले में पुलिस ने भी निकटवर्ती जनपदों के मुख्यालयों को अधेड़ के बारे में सूचना दी है। उन्हे उम्मीद है कि जल्द ही शिनाख्त हो जाएगी। शिनाख्त होने के बाद हत्या की बजह भी पता चल सकेगी।

# घर में सो रहे ग्रामीण को गोली मारकर किया घायल

**गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज से कानपुर रेफर**

**ठठिया थाना क्षेत्र के पुनगरा गांव का मामला**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के पुनगरा गांव में गुरूवार की मध्य रात्रि को घर के आंगन में सो रहे एक ग्रामीण को अज्ञात हमलावरों ने देशी तंमचे से गोली मार दी। परिजनों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से भाग निकले। गंभीर अवस्था में घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया।

खानपुर के मजरा पुनगरा निवासी बाबू सिंह कुशवाहा (48) अपनी पत्नी विजय कान्ती व पुत्र भूरा के साथ घर के आंगन में सो रहा था। रात एक बजे के करीब कुछ अज्ञात हमलावर घर में घुस आए और जान से मारने की नियत से बाबू सिंह पर देशी तंमचे से फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनकर परिजन उठ गए। परिजनों के शोर मचाने पर उक्त हमलावर मौके से भाग गए। परिजनों ने घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।

यहां उसकी हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। गांव के लोगों ने बताया कि बाबू सिंह की कुछ लोगों से रंजिश चल रही थी। उधर मामले में ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



## मुकदमें में वांछित चार अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष तालग्राम पारुल चौधरी के कुशल नेतृत्व में उनि राममनोज द्विवेदी द्वारा मु0अ0सं0 160/2024 वांछित अभि0गण 1.अनुज तिवारी पुत्र छोटेलाल तिवारी 2.राहुल उर्फ करिया पुत्र बिजेन्द्र उर्फ पप्पू करिया 3.राजकरन उर्फ करिया पुत्र बिजेन्द्र 4.विजय सिंह पुत्र सर्वेश चन्द्र निवासीगण ग्राम नरूईया थाना तालग्राम जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया गया।

# एसडीएम ने गल्ला आढ़तों पर की छापेमारी

**ऑनलाईन रिकार्ड जांची, अधिकांश आढ़तियों ने बंद की दुकानें**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गल्ला आढती की दुकान पर छापा मारते एसडीएम।

उच्चाधिकारियों के निर्देशन में छिबरामऊ उपजिलाधिकारी नें मंडी सचिव के साथ नगर की गल्ला दुकानों व गोदामों में छापेमारी की। छापेमारी की भनक लगते ही गल्ला आढतियों में हड़कम्प मच गया।

अधिकांस दुकानदार अपनी दुकानों को बंद करके खिसक गये। शुक्रवार को छिबरामऊ उप जिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी नें मंडी सचिव सरवर सिंह परमार के साथ नगर में गल्ला आढतियों की दुकानों और गोदामों पर छापे मारी की जिससे आढतियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होनें गल्ला दुकानों व गोदामों के स्टॉक के ऑनलाइन फीडिंग की जॉच की। जिसमें रिकार्ड दुरूस्त नही पाये जानें बाले गल्ला आढतियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस दौरान क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पांडेय, लिपिक ज्ञानेश बाबू आदि मौजूद रहे।

# अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन रोक विभागीय कार्रवाई के निर्देश

**डिकोडर प्राप्त करने के उपरान्त अनुपस्थित रहने वाले 47 कार्मिक तथा ड्युटी प्राप्त न करने वाले 60 कार्मिकों के खिलाफ की गई कार्रवाई**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत विगत 12 मई को पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कन्नौज, तिर्वा एवं छिबरामऊ से मतदान कार्मिको को डिकोडर प्राप्त करने के उपरान्त अनुपस्थित रहने वाले 47 कार्मिक तथा ड्युटी प्राप्त न करने वाले 60 कार्मिकों का माह मई का वेतन अवरूद्ध करते हुये विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

सहायक प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) नरेन्द्र देव द्विवेदी ने बताया कि अनुपस्थित कार्मिक विधानसभा कन्नौज के पीठासीन अधिकारी रामेन्द्र कुमार दीक्षित प्रवक्ता, सहायक अध्यापक शशिकान्त शुक्ला, सहायक अध्यापक कुनेन्द्र पाल सिंह, विजय विक्रम सिंह, प्रधानाध्यापक विनोद कुमार, साथ ही मतदान अधिकारी प्रथम सहायक अध्यापक पवन व मतदान अधिकारी द्वितीय सहायक अध्यापक अवनीश त्रिवेदी, सहायक अध्यापक रेखा, सहायक अध्यापक कृति बाजपेई, सहायक अध्यापक प्रियंका गौतम, सहायक अध्यापक मीनाक्षी, सहायक अध्यापक मंजू, सहायक अध्यापक महेनूर फात्मा, सहायक अध्यापक तृप्ति मतदान अधिकारी तृतीय शिखा पंचायत सहायक तथा विधानसभा छिबरामऊ के पीठासीन अधिकारी सहायक अध्यापक अभय प्रताप सिंह, अविनाश दोहरे साथ ही मतदान अधिकारी प्रथम हर्ष कुमार क्लर्क, सहायक अध्यापक हरिशचन्द्र, विवेक मिश्र, प्रवेश कुमार, सत्यम कुमार व मतदान अधिकारी द्वितीय शिवराज सिंह क.सहा., अर्चना यादव स.अ., सुमित कुमार शिक्षामित्र, शशिप्रभा स.अ., प्रदीप कुमार राजपूत शिक्षामित्र, दीक्षा यादव स.अ., अजिता त्रिपाठी स.अ., राफिया अमीन स.अ. एवं विधानसभा तिर्वा के पीठासीन अधिकारी शिवकान्त सिंह प्रधानाध्यापक, प्रवेश कुमार दीक्षित इ.प्र.अ., गौतम सिंह स.अ., मिथलेश पाल स.अ., मुकेश कुमार प्रधानाध्यापक, संजय कुमार सैनी स.अ., सर्वेश कुमार स.अ., अखिलेश कुमार शुक्ला प्रधानाध्यापक साथ ही मतदान अधिकारी प्रथम बादल जायसवाल स.अ., अमित पाल स.अ., आशीष तोमर स.अ. व मतदान अधिकारी द्वितीय शिखा गुप्ता स.अ., गरिमा यादव स.अ., प्रिया मिश्रा स.अ., रूचि गुप्ता स.अ. तथा ज्योति चौरसिया आंगनवाडी, राधा दोहरे स.अ. समेत कुल 47 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। इसी प्रकार लोकसभा सामान्य निर्वाचन में डयुटी प्राप्त न करने वाले विधानसभा कन्नौज के पीठासीन अधिकारी अनिल कुमार स.अ., कुलदीप सिंह चौहान प्रधानाध्यापक, साथ ही मतदान अधिकारी प्रथम अजय कुमार स.अ., संतोष कुमार स.अ., व मतदान अधिकारी द्वितीय दीप्ति द्विवेदी क.सहा., अनुराधा दीक्षित स.अ., स्नेहलता यादव स.अ., लक्ष्मी सिंह स.अ., प्रतिमा सिंह स.अ. तथा मतदान अधिकारी तृतीय अभिनम चतुर्थ श्रेणी, राकेश कुमार पुत्र सोने लाल सफाईकर्मी, राजेश कुमार सफाईकर्मी, विजय पाल पुत्र जोहरी सफाईकर्मी, इसी प्रकार विधानसभा छिबरामऊ के पीठासीन अधिकारी अजयपाल स.अ., अरविन्द कुमार राजपूत स.अ., विनोद कुमार कुशवाहा प्रवक्ता, इन्द्रदेव प्र.अ., बृहमानन्द स.अ. व मतदान अधिकारी प्रथम रोहित अग्रहरी स.अ., मुनेश भूषण सिंह स.अ., कुलदीप सिंह स.अ., दीपक कुमार स.अ., अनुराग यादव स.अ., कृष्ण कुमार स.अ., तथा मतदान अधिकारी द्वितीय सतीश चन्द्र शिक्षामित्र, रामबरन शिक्षामित्र, खुशनुदा स.अ., अरमान राय क.सहा., योगेन्द्र सिंह शिक्षामित्र, पुनीता यादव स.अ. नीतू पाल स.अ., रिहाना परवीन स.अ., शिप्रा दुबे स.अ., सवा मुकीम स.अ., धीरेन्द्र कुमार शिक्षामित्र, श्याम दुबे शिक्षामित्र, अंजली स.अ., प्रज्ञा दुबे स.अ., घुघरू त्रिपाठी स.अ., वैशाली तिवारी स.अ. साथ ही मतदान अधिकारी तृतीय सीमा बानो आंगनवाडी, पूनम मिश्रा चतुर्थ श्रेणी और विधानसभा तिर्वा के पीठासीन अधिकारी कुलदीप यादव स.अ., व मतदान अधिकारी प्रथम मनीष कुमार स.अ., साथ ही मतदान अधिकारी द्वितीय मिथलेश कुमार स.अ., विमलेश कुमार चपरासी, नेहा श्रीवास्तव स.अ., रीता त्रिपाठी स.अ., श्वेता स.अ., दीक्षा गुप्ता स.अ., दिलीप कुमार स.अ., शशिलेष कुमार स.अ., शैल कुमारी स.अ., सोनम पाण्डेय स.अ., रंजना स.अ., माधुरी देवी स.अ.तथा मतदान अधिकारी तृतीय विजय कुमार शर्मा रनर, राजवीर चैकीदार, सन्दीप कुमार चतुर्थ श्रेणी व पंचायत सहायक कोमल देवी समेत कुल 60 कार्मिक अनुपस्थित रहे। श्री द्विवेदी ने बताया कि संबंधित विभागों के विभागध्यक्ष को निर्देशित किया गया है।

निर्वाचन कार्य में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कार्मिको को माह मई 2024 का वेतन अवरूद्ध करते हुये विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। साथ ही कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (कार्मिक) के अनुमति के बिना लोकसभा सामान्य निर्वाचन मे अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन आहरित न किया जाये।

# व्यापारियों के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा: शैलेन्द्र गुप्ता

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल श्याम बिहारी गुट के नगर कार्यकारिणी के निर्विरोध दुसरी बार नगर अध्यक्ष बने शैलेन्द्र गुप्ता उर्फ लालू ने कहा की व्यापारियो के हक की लडाई हमेशा लडता रहूँगा। नगर के सभी व्यापारी एकजुट होकर उत्पीडन का जबाब देगे।

उन्होने कहा कि मेरे पिछले कार्यकाल मे ई-श्रम कार्ड,पर्यावरण संरक्षण, पौधा रोपण तथा व्यापारियो के हित मे किए कार्यो मे सभी ने पूरा सहयोग दिया था।व्यापारियो के लिए मै हमेशा तैयार रहूंगा। इससे पहले विशुनगंढ रोड स्थित लिटिल स्टार मेरिज लॉन मे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल श्याम बिहारी गुट के जिलाध्यक्ष रामजी अग्रवाल सहित जिले के अन्य पदाधिकारी सुशील कुमार दुबे,रजत गुप्ता,आनंद गुप्ता, विवेक गुप्ता ने नगर कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न कराया,जिसमे सर्वसम्मत से शैलेन्द्र गुप्ता उर्फ लालू को अध्यक्ष, अनिल कुमार यादव महामंत्री, सत्यनारायण वर्मा कोषाध्यक्ष, सुशांत गुप्ता,युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, नेहा गुप्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष, तथा पुनीत गुप्ता को होटल एव रेस्टोरेंट का अध्यक्ष चूना गया।इस अवसर पर किराना कामेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,चंद्रभान गुप्ता, राकेश चन्द्र गुप्ता,नरेश गुप्ता गोल्डी, सुशील कुमार, प्रियांशु, प्रभाकर गुप्ता,अंजू गुप्ता,उषा उपाध्याय, दीपक दुबे,सहित कई व्यापारीगण मौजूद रहे।

## रंजिशन युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ मोहल्ले के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायनल कर दिया और धमकी भी दी। पीडित नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी नदीम पुत्र वसीम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमें में कहा गया है कि शुक्रवार की दोपहर वह घर की ओर जा रहा था जैसे ही मस्जिद के निकट पहुंचा तभी मोहल्ले के ही निहाल, रिजवान, कैफ रिहान नें उसके साथ गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी धमकी दी।

# पुत्री से छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा

**छेड़छाड़ का विरोध करने पर रूकसाद ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर किया घायल**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुत्री के साथ छेड़छाड़ का विरोध करना एक महिला को उस समय महंगा पड गया जब आरोपी युवक नें अपनें साथियों के साथ मिलकर महिला के अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराये गये मुकदमे में कहा गया है कि विगत 17 मई को वह अपनी पुत्री के साथ गांव में लगे मेला को देखनें गई थी तभी गांव के ही रुकशाद खान पुत्र नसरुद्दीन नें उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करनें लगा उसके द्वारा विरोध करने पर रूकसाद नें अपनें कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके साथ गालीगलौज करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारनें की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक 26 मई को

**जनपदीय पदाधिकारियों तथा शहरों व कस्बों के पदाधिकारियों को किया गया आमंत्रित**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद कन्नौज की एक अति आवश्यक आपातीय बैठक दिनांक 26 मई सायं काल 5.30पर छिबरामऊ स्थिति सुभाष एकेडमी,आवास -विकास पर आहूत की गई है जिसमें जनपद कन्नौज में भीषण गर्मी के दौरान एक पखवाड़े से दिन पर दिन विद्युत आपूर्ति की गंभीर होती स्थिति सहित उद्यमियों एवं व्यापारियों से संबंधित जीएसटी, आयकर,एक्साइज ड्यूटी, खाद्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग,श्रम प्रवर्तन विभाग, कांटा बांट माप विभाग, जिला स्तरीय सहित तहसीलों के कार्यालयों में आम जनसामान्य व्यक्ति की खुली लूट पर उतारू नौकर शाही पर अंकुश लगाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। व्यापारी प्रेरणा दिवस पर आदरणीय वरिष्ठ उद्यमियों एवं व्यापारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। जनपदीय पदाधिकारियों तथा शहरोंऔर कस्बों के पदाधिकारियों को सादर आमंत्रित किया गया है। अनिल कुमार गुप्ता प्रदेश मंत्री एवं जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज।

# मंडी निरीक्षक कायमगंज को निलंबित करने के दिये निर्देश

## मंडी लक्ष्य से अधिक राजस्व प्रदान कर रही है, के उत्तर पर हुए नाराज, डीएम ने कर करेत्तर राजस्व प्राप्तियों व राजस्व प्रशासन संबंधी ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर राजस्व प्राप्तियों व राजस्व प्रशासन संबंधी बैठक का आयोजन जिलाधिकारी डॉ0 वी.के. सिंह की अध्यक्षता में किया गया।


बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

बैठक में अवगत कराया गया कि व्यापारियों ने 1 करोड़ 18 लाख का माल उप्र से बाहर भेजा है। अतः राजस्व कम हो गया है। जिलाधिकारी ने उच्चाधिकारियों को सूचित करने हेतु निर्देशित किया। कायमगंज, कमालगंज, मोहम्मदाबाद आदि क्षेत्रों में हो रही कर चोरी को रोकने में प्रवर्तन विभाग नाकाम रहा है। इस हेतु भी उच्चाधिकारियों को सूचित करना अनिवार्य है। आबकारी विभाग को ताड़ी में मिलावट रोकने हेतु कठोर कदम उठाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में हो रही डग्गामारी हेतु परिवहन विभाग को जिम्मेदार माना। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग की मिलीभगत है। इसे रोकने हेतु कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। प्राइवेट गाड़ी टैक्सी के रुप में उपयोग हो रही हैं। इसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें व डाटा तैयार कर अवगत करायें। वार्षिक वसूली का विवरण 15 अप्रैल तक तैयार करना सुनिश्चित करें। जनता की समस्याओं का निस्तारण संबंधित अधिकारी उचित समय के अंतर्गत, गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। मंडी सचिव के बैठक से अनुपस्थिति पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिये। कायमगंज मंडी लक्ष्य से अधिक राजस्व प्रदान कर रही है। मंडी निरीक्षक की रिपोर्ट से असहमत होने के कारण जिलाधिकारी ने मंडी निरीक्षक, कमालगंज को निलंबित करने के लिए पत्र लिखने व कर चोरी हेतु उच्चाधिकारियों अवगत कराने के निर्देश दिये। अर्रा पहाड़पुर की सब्जी मंडी में अवैध वसूली हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के लिए निर्देशित किया। जनपद में बालू का अवैध खनन व कारोबार के विषय में उच्चाधिकारियों को जवाब देने हेतु कहा। जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी से पूछा कि यदि जिले में सब कुछ उचित रुप से चल रहा है, तो आपकी तैनाती की क्या आवश्यकता है। इस पर खनन अधिकारी के जवाबों से जिलाधिकारी संतुष्य नहीं हुए। उप जिलाधिकारी, पुलिस व खनन अधिकारी संयुक्त रुप से जांच कर रिपोर्ट दें। राजस्व विषयक प्रश्नों के जवाब से जिलाधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदार व नायब तहसीलदार से घोर नाराजगी व्यक्त की। 1 करोड़ 18 लाख की वसूली के सापेक्ष मात्र 2 लाख की वसूली पर जिलाधिकारी ने जांच के निर्देश दिये। तहसील कायमगंज के इस प्रकरण की जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी ने तलब की। फीडबैक शून्य होने पर जिलाधिकारी ने कोई अन्य गाड़ी न देने के लिए निर्देश दिये।

सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार गंभीरता से कार्य करें। यदि कानून व्यवस्था भंग हुई, तो ऐसी कठोर कार्यवाही होगी, जो मिसाल बनेगी। सभी तहसीलों की मरम्मत हेतु पीडब्लूडी से रिपोर्ट लेकर शासन को अवगत कराकर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। सभी उप जिलाधिकारी अपनी तहसीलों को साफ सुथरा व दुरुस्त बनायें। अवैध कब्जे व अतिक्रमण की शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करें। उप जिलाधिकारी लेखपाल के कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन करें। दोषी पाये जाने पर कार्यवाही भी करें। जिलाधिकारी के प्रश्नों पर सभी उप जिलाधिकारी मूकदर्शक बने रहे। अगली बैठक में सभी राजस्वकर्मी उपस्थित रहेंगे। आवारा जानवरों को पकड़ने के निर्देश दिये। नगर के मार्गों को डिवाइडर युक्त, पार्किंग युक्त व सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। ताकि फर्रुखाबाद नगर से लगे गांव ही नहीं, तहसील की कोई आर्डर सीट बिना साइन के न मिले। निर्णय कारणयुक्त होना चाहिए। तहसील के विभाग की पहचान वसूली से है। मार्गों पर स्मार्ट ट्वायलेट बनवायें। इस मौके पर संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर महिला की मौत


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के महरुपुर सहजू शेषनाग मंदिर के पास शुक्रवार को एक महिला की कासगंज अनवगंज एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग पहुंच गये।

राहगीरों ने घटना की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की तथा महिला की आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं पुलिस का कहना है कि महिला बाहरी लगती है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर मारपीट कर किया घायल

- आधा दर्जन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ एसडीएम के आदेश पर मुकदमा किया दर्ज
- पीड़ित के पुत्र गौतम एवं सूरजपाल के भी गंभीर चोटें आई हैं

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर अचला निवासी महेश चंद्र पुत्र बुलाकी लाल ने बताया गांव के मुन्ना लाल से गाटा संख्या 97/0238 के संबंध में मुकदमा एसडीएम कोर्ट में चल रहा है।

एसडीएम ने प्रार्थी के पक्ष में दिनांक 17.01.2024 को पथरगढ़ी का आदेश दिया। लेखपाल आदेश का पालन करने के लिए मौके पर पहुंचे और पत्थरगढ़ी करा दी। मौके पर मुन्ना लाल खेत में गेहूं की फसल खड़ी होने के कारण उसके पुत्र से एक लिखित तहरीर लिखकर ली की गेहूं की फसल काटने के बाद मैं अपना कब्ज़ा छोड़ दूंगा, लेकिन गेहूं की फसल काटने के बाद में विपक्षीगणों ने खेत पर कब्जा नहीं छोड़ा, तो पीड़ित द्वारा दिनांक 03.05.2024 को जिला अधिकारी को पुनः प्रार्थना पत्र दिया गया और दिनांक 17.05.2024 को उप जिला अधिकारी सदर द्वारा तहसीलदार को पुनः जांच कर विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि अगर लगाए गए पत्थर को यदि क्षतिग्रस्त किया गया तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाकर जुर्माना वसूली की कार्रवाई करें। यह जानकारी उक्त मुन्नालाल को होने पर वह मेरे घर पर आकर गाली-गलौज करने लगा। दिनांक 17.05.2024 को समय करीब दिन के 2.00 बजे मुन्ना लाल और उसके भाई अखिलेश पुत्र कालीचरण, अंकित पुत्र मुन्नालाल, आलोक पुत्र शैलेंद्र, सुनीता पत्नी शैलेंद्र, मंजू पुत्री कालीचरण एवं दो अज्ञात व्यक्ति समस्त निवासी महमदपुर अचला कमालगंज पीड़ित के घर आए और आकर गाली-गलौज करने लगे।

पीड़ित द्वारा मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित के हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित के पुत्र गौतम एवं सूरजपाल के भी गंभीर चोटें आई हैं। शोरशराबा सुनकर आसपास एवं गांव के कई लोग आ गए, तो उक्त सभी लोग जान से मारने की धमकी और कब्जा न छोड़ने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना पुलिस ने थाना हाजा पर पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाने पर मु0अ0सं0 263/2023 धारा-286 भा0द0वि0, 9बी विस्फोटक अधिनियम व 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से संबंधित अभियुक्त सतीशचंद्र पुत्र अनोखेलाल निवासी ललौर थाना शमशाबाद को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछने पर अभियुक्त ने बताया कि गांव से बाहर खेतों में आतिशबाजी की 50 केजी लाइसेंसशुदा दुकान है। दिनांक 04.11.2023 को सुबह करीब 9-10 बजे मैं अपनी आतिशबाजी की दुकान पर अनार की टेस्टिंग कर रहा था, तभी अचानक अनार फट गया और उसकी चिंगारी पास स्थित दुकान में जाकर गिर गयी। जिससे विस्फोट हो गया। उपरोक्त घटना के संबंध में वादी एफएसएसओ शिवप्रताप पुत्र स्व0 भदाई निवासी बारीगांव थाना साड जनपद कानपुर नगर की लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


तहसील में विरोध जताते पदाधिकारी

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष सत्यभान झा ने अपने पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर पहुंचकर उपजिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर को सौंपा। जिसमें कहा है कि कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव अल्लाहपुर निवासी पुष्पादेवी पत्नी स्व0 जितेन्द्र कुमार का मेड़बन्दी पड़े हुए 10 महीने से ज्यादा हो चुके है अभी तक लेखपाल द्वारा नाप नहीं की गयी।

पुष्पादेवी कई बार लेखपाल के पास जा चुकी है। उसे बार-बार गुमराह करके भगा दिया जाता है। पुष्पा के खेत की मेड़बन्दी जल्द से जल्द कराई जाये, कम्पिल क्षेत्र के गाँव बिल्हा निवासी रामवरन पुत्र बुद्धपाल ने दीवार बनायी थी। जिसमें पड़ोसी रजनेश पुत्र रवेन्द्रपाल व विमल पुत्र रवेन्द्रपाल ने विवाद कर दिया था। जिसका मुकदमा सिविल कोर्ट कायमगंज में विचाराधीन है। जिस पर उप जिलाधिकारी द्वारा यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया गया था, लेकिन उपरोक्त विपक्षियों ने पुलिस व तहसीलदार व हल्का लेखपाल सुधांशू अवस्थी से मिलकर दीवाल को तुडवाकर ध्वस्त करा दिया है और धमकी दी कि अगर दीवार दोबारा बनाने का प्रयास किया, तो जान से मार देंगे। अगर इन समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान नेता शिव सरन, अजय प्रताप सिंह, सूरज, हरिसरन, रामवान, कौशल, पुष्पा देवी, रामवीर सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाई ने भाई को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम बछलैया निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि बीती शाम वह अपने दरवाजे पर बैठा हुआ था। पड़ोसी युवक अपनी बिजली फिटिंग कराने की बात कर रहा था। इसी बीच उसका छोटा भाई उसके पास आया और गाली-गलौज करने लगा। उसने गली देने का विरोध किया। इसी बात से नाराज छोटे भाई ने उसे लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने आज सुबह थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### ससुरालीजनों से प्रताड़ित महिला पहुंची थाने

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुरालीजनों से प्रताड़ित महिला ने थाने पहुंचकर पति व सास, ससुर के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करनपुर गंगतारा निवासी शालू उर्फ उमा देवी पत्नी राहुल कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आए दिन वह अपने पति और सास, ससुर की घरेलू हिंसा की शिकार होती रहती। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। आज सुबह वह खाना बना रही थी उसी समय उसके पति ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में सास, ससुर ने उसके पति का साथ दिया। महिला ने थाने पहुंचकर पति और सास, ससुर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### गाय के हमले में युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव किला मउरसीदाबाद निवासी हाशिम पर गाय ने हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ उसका उपचार हुआ।

### मार्ग दुर्घटना में महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल के मोहल्ला कहारन टोला निवासी महिला मिथलेश मार्ग दुर्घटना में घायल हो। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साइकिल से गिरकर घायल हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिससे परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र राधेश्याम बीते 22 मई को साइकिल से खेत पर आया था। वहां से वापस घर जा रहा था। उसी दौरान अचानक चक्कर आनें पर वह गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ठीक ना होने पर उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय राजीव कुमार की मृत्यु हो गयी। उसका शव आने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मृतक के भाई नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी। उपनिरीक्षक अक्षय कुमार ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बीमारी से तंग अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीमारी से तंग आकर अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा निवासी पवन कुमार पुत्र मुकेशचंद्र मौर्य उम्र करीब 38 वर्ष हलवाईगीरी का काम करता था। वह काफी समय से बीमार चल रहा था। जब बीमारी उसे ज्यादा परेशान करने लगी, तो उसने बीती शाम घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने उसे फांसी पर लटका देखा, तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से मृतक के परिजन पत्नी प्रीती शाक्य व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के एक पुत्री सौम्या व दो पुत्र लव और कुश हैं।

# खेतों में शौच करने गयी महिला को युवक ने दबोचा

- तहरीर के आधार पर दरोगा हलका इंचार्ज तथा दरोगा हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को अपनी हिरासत में लेकर थाने ले आए

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेतों में शौच करने गई महिला को परिवार के ही युवक ने बुरी नीयत से दबोच लिया। इस दौरान दोनों में जमकर मारपीट हुई। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अठसेनी पहाड़पुर निवासी सुमन पत्नी उपदेश ने अपने पति के साथ थाने जाकर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार सुबह खेतों में शौच करने गई थी, तभी गांव के ही आरोपी युवक ने उसको शौच करते समय बुरी नीयत से दबोच लिया। तब पीड़िता चीखी चिल्लाई, तभी आरोपी मारपीट करने लगा। पीड़िता के बताएं अनुसार उसने भी आरोपी को जमकर पीटा। आरोपी किसी तरह छूटकर भाग गया। तब पीड़िता थाने आयी और थाना पुलिस को गांव के ही नामजद आरोपी गौरव पुत्र रामविलास के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस के दरोगा हलका इंचार्ज संतोष कुमार तथा दरोगा हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को अपनी हिरासत में लेकर थाने ले आए। खबर लिखे जाने तक पीड़िता तथा आरोपी के परिजनों के बीच में समझौते का प्रयास चल रहा था। वहीं थाना पुलिस भी मामले को गंभीरता से नहीं ले रही थी। पीड़िता के बताएं अनुसार वह लगातार थाना पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग कर रही थी।

## इंजन के पटे में साड़ी उलझने से महिला घायल


सीएचसी में भर्ती महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** इंजन के पटे में साड़ी उलझने से महिला घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अकाखेड़ा निवासी सुखरानी उम्र 28 वर्षीय पत्नी जितेन्द्र कुमार खेत पर किसी काम से गई थी। खेत में सिंचाई के लिए इन्जन चल रहा था, तभी महिला सुखरानी इन्जन के पास खड़ी हो गई। उसी दौरान सुखरानी की साड़ी का पल्लू इन्जन के पट्टे में फंस गया। जिससे महिला सुखरानी गंम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

# ज्यादा गर्मी पड़ने पर हो सकता है हार्टअटैक का खतरा


धूप से बचने के लिए मुंह के ढके युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पारा-पारा जैसे-जैसे बढ़ रहा, वैसे-वैसे लोगों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं। सबसे ज्यादा परेशान मध्यमवर्गीय लोग हैं। इसके साथ ही साथ रोज कमाकर खाने वाले भी परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार दोपहर में पारा 40 से ऊपर चला जाता है। जिससे लोगों को सड़कों पर चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी निजी स्कूलों के बच्चों को हो रही है, क्योंकि निजी स्कूल अभी बंद नहीं हुए हैं। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि यदि इस गर्मी में एतियात न बरता गया, तो दिल के मरीजों पर यह गर्मी भारी पड़ सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि शरीर के अंग 37 डिग्री सेल्सियस पर ही अच्छी तरह से काम करते हैं। पसीने के रूप में पानी बाहर निकालकर शरीर 37 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर मेंटेन रखता है। लगातार पसीना निकलते वक्त भी पानी पीते रहना अत्यंत आवश्यक है। जब बाहर का टेम्प्रेचर 45 डिग्री के पार हो जाता है और शरीर की कूलिंग व्यवस्था ठप्प हो जाती है और रक्त गर्म होने लगता है और ऐसे में शरीर के अंग धीरे-धीरे काम करना बदं कर देते हैं और मनुष्य की मृत्यु हो जाती है। चिकित्सकों ने कहा कि कम से कम तीन लीटर पानी पिये। वहीं किडनी के मरीज प्रतिदिन कम से कम 6 से 8 लीटर पानी पिये।

## ऑनलाइन शॉपिंग ने तोड़ी व्यापारियों की कमर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ऑनलाइन मार्केट धीरे-धीरे लोगों के बीच अपनी जड़ें मजबूत करता जा रहा है। जिसका असर स्थानीय दुकानदारों पर पड़ रहा है। हालांकि दुकानदारों का कहना है कि उनकी बिक्री पर 20 से लेकर 30 प्रतिशत तक की गिरावट आयी है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन मार्केट की बात करें, तो यह मार्केट कोरोना काल में भलीभूत हुआ। तब से लेकर आज तक इस मार्केट में दिन पर दिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन मार्केट में चीजें सस्ती मिल जाती हैं और घर बैठे मिल जाती है। यदि कोई चीज पसंद नहीं आती है, तो उसे रिटर्न भी किया जा सकता है। जबकि स्थानीय मार्केट में वह चीज इतने सस्ते दोमों पर नहीं मिलती। घुमना स्थित गारमेंट विक्रेता कपिल रस्तोगी का कहना है कि ऑनलाइन मार्केट से ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है, लेकिन 20 से 30 प्रतिशत तक की गिरावट आयी है। उनका कहना है कि आगे आने वाले समय में ऑनलाइन मार्केट नुकसान पहुंचा सकता है। एक अन्य विक्रेता पंडित जी गारमेंट के दुकानदार रवी दीक्षित का कहना है कि कुछ को छोड़कर अधिकांश लोग स्थानीय मार्केट से आज भी खरीददारी करते हैं, क्योंकि उन्हें ऑनलाइन मार्केट पर विश्वास कम होता है। इसी तरह का जवाब अन्य दुकानदारों ने भी दिया। फिलहाल अमेजॉन, सॉप्सी, फिलिपकार्ट जैसी दिग्गज कंपनियों उपभोक्ताओं में अपनी पकड़ करने में लगी हुई हैं।

# रखरखाव के अभाव में खंडहर में तब्दील होती जा रहीं शाहजी की विरासतें


खंडहर में तब्दील शाहजी की विरासतें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भी गंगाजी के कलरव की साक्षी रहीं शाहजी की विरासतें आज खंडहर में तब्दील होती जा रही हैं। लोगों ने यहां पर कंडे आदि पाथने शुरु कर दिये हैं। वहीं प्रशासन ने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जानकारी के अनुसार शहर से सटे गंगा किनारे टोंका घाट के निकट टटियन में बनीं शाहजी की विसरातों का मनोरम दृश्य कभी देखते ही बनता था। जहां दूर-दूर के व्यापारी व गंगा स्नान करने वाले भक्त आकर ठहरते थे।

महिला व पुरुष दोनों की अलग-अलग नहाने की व्यवस्था थी। वहीं से सटे मोटे महादेव के नाम से प्रसिद्ध महादेव का मंदिर व अन्य मंदिर शोभायमान होते थे। आज से लगभग 20 वर्ष पहले गंगाजी वहां से हटकर उत्तर दिशा में चली गयीं। तब से विसरातें लगातार खंडहर में तब्दील होती जा रही हैं। अब वहां के आसपास के वाशिंदों ने विसरातों पर कब्जा कर लिया है, जिसमें जानवर इत्यादि पाले जा रहे हैं, कंडे पाथे जा रहे हैं, भूसा भरा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि सरकार चाहें, तो इनका जीर्णोद्धार करके उनके अस्तित्व को बचाया जा सकता है।

# दहेज हत्या के मामले में पति को सात वर्ष का कारावास




दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने विमलेश पुत्र जगदीश निवासी खलवारा थाना मेरापुर को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 6 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर पुलिस को आमोद कुमार पुत्र कलेक्टर सिंह निवासी नगला कंज बेबर मैनपुरी ने दी गयी तहरीर में बताया कि मैंने अपनी पुत्री शोभा की शादी 8 फरवरी 2018 को विमलेश के साथ की थी। मेरे द्वारा क्षमता के अनुसार दान दहेज दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी ससुरालीजन मेरी पुत्री शोभा को आये दिन एक सोने की चैन व एक लाख रुपये की मांग कर परेशान करने लगे। उक्त मांग पूरी न होने पर शोभा की विमलेश, जगदीश, राजेश, महावीर, कल्पना ने योजना बनाकर हत्या कर फांसी पर लटका दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर विनोद पति, ससुर जगदीश के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने विमलेश को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# राम परब्रह्म के रूप में लोक कल्याण हेतु धरती पर आए

## चतुर्थ सोपान किष्किंधा कांड पर डॉ. शिवओम अम्बर ने किया व्याख्यान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर लोहाई रोड में श्री रामचरितमानस के चतुर्थ सोपान के अंतर्गत डॉ. शिव ओमअंबर के गहन अध्ययन एवं चिंतन में चतुर्थ सोपान किष्किंधा कांड मानस का मध्य एवं समतल एवं समन्वयक अरण्य (वन) में सुग्रीव राम का मिलन परस्पर उनकी परीक्षा, वार्ता, संवाद श्री राम को पर ब्रह्म के स्थान पर मानव अवतार माना है, जबकि श्री राम पर ब्रह्म के रूप में लोक कल्याण हेतु धरती पर आए।



प्रवचन सुनते भक्तगण

इसी श्रृंखला में बाली का मिलन, उसका अहंकार को दूर करना तथा मुक्तिधाम भेजना, रहस्य मय गूढ चिंतन के द्वारा व्याख्या की। इसी कांड में श्री राम भक्त हनुमान जी ब्राह्मण के रूप में मिलते हैं। वह श्री राम का बरसों से जप कर रहे थे।

श्री राम जी ने मानव कल्याण हेतु धर्म की रक्षा, राक्षसों का वध करने का संकल्प लिया। जिसमें श्री राम मनुष्य अवतार से लोकनायक श्री राम हुए। सुग्रीव की दुर्बलता उसका भयभीत होना, श्री राम की भक्ति इस काण्ड में सोपान का मूल मंत्र है। भव भेषज रघुनाथ जसु सुनहिं जे नर अरु नारि। तिन्ह कर सकल मनोरथ सिद्ध करहिं त्रिसिरारि॥ भावार्थ इस संसार रूपी कष्ट मायाजाल जीवन मरण हारी व्याधि रोग निवारण में श्री राम काम, उनकी लीलाएं, उनका रस अपने जीवन में उतारें यह औषधि का कार्य करती है। अर्थात भवसागर पार हो जाता है।

इस सोपान का मूल मंत्र है। विनय अग्रवाल, सुनील अवस्थी, राजीव मिश्रा, सुरेंद्र सफ्फड़, विजेंद्र सिंह माली, उत्कर्ष अग्निहोत्री, आलोक गौड़, जितेंद्र अग्रवाल आदि लोगों ने डॉ. शिवओम अम्बर का अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह पुष्प मालाओं के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम में श्यन आरती रेनू सिगतिया, अलका पांडे, इंदिरा पांडे ने गीत संगीत के साथ कार्यक्रम को विराम दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो राम भक्तों ने कथा श्रवण करके पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन बृज किशोर सिंह किशोर ने किया।

# सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने की ईवीएम की निगरानी



ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मंडी स्थित ईवीएम की निगरानी हेतु समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कमेटी सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ उपस्थिति रही। समस्त कमेटी के सदस्यों ने वहां पर लगी टीवी स्क्रीन से देखकर ईवीएम की निगरानी की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देव सिंह यादव अपनी टीम के साथ मण्डी पहुंचकर ईवीएम की निगरानी की। रोस्टर के अनुसार शुक्रवार को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की ड्यूटी थी। देव सिंह यादव ने अपने पदाधिकारियों के साथ मण्डी पहुंचे।

इस अवसर पर रक्षपाल सिंह यादव, कुलदीप यादव, रामपाल प्रधान, आशीष, नेम चैतन, ललित कुमार, मुनीत पाल सिंह, दिलीप कुमार, अनुज सिंह, सचिन कुमार प्रजापति, जितेंद्र, आशीष शर्मा, ललित कुमार, सुधीर राठौर, मुनीत पाल सिंह, दिलीप कुमार, अनुज सिंह, अनिल कुमार प्रजापति, रुक मंगल सिंह, कृष्णपाल, रामसेवक, रूकमंगल सिंह उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर व्यक्तिगत कार्य के चलते नहीं पहुंच सकें।

# धूमधाम से मनाया गया आनंदमूर्ति बाबा का 103वां जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में आनंद मार्ग जागृति तलैया लेन स्टेट बैंक गली फतेहगढ़ में आनंद मार्ग के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति (बाबा) के 103वाँ जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुबह पांचजन्य, प्रभात फेरी, धर्मचक्र के बाद दीप प्रज्वलित के बाद शंख ध्वनि किया गया।





कार्यक्रम में भाग लेते लोग

प्रभात संगीत गायन हुआ और धर्मचक्र किया गया। धर्मचक्र के साथ नारायण सेवा भी की गई। 275 नारायण को भोजन कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक संभागीय सचिव आचार्य महाप्रेमानंद अवधूत और जागृति सचिव धर्मेंद्र यादव ने आयोजित किया। इस अवसर पर चारु राघव, स्वेता सिंह, नीतू, अनिता रंजन, यशपाल सिंह चौहान, आनंद भदौरिया, अमन वर्मा, नीलम वर्मा, रुचि सिंह, लक्ष्मी यादव, रामाशंकर यादव, सुरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या में दंपति सहित तीन को पांच वर्ष का कारावास व लगा अर्थदंड


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त दर्शनलाल, बसंती देवी, रामरुप को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया।

विगत वर्ष 2002 में कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र नेकपुर निवासी सुदामा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 30 मार्च 2002 को मेरे पति किशन पाल पुत्री रमा के साथ महेन्द्र के बैगन के खेत के पास भैंस चरा रहे थे, तभी अचानक भैंस अचानक दर्शनलाल के खेत में चली गई। भैंस को निकालने मेरे पति गये, तभी दर्शनलाल व उसकी पत्नी बसंती देवी, पुत्र रामरुप अपने मकान से निकल आये और मेरे पति को भद्दी-भद्दी गालियां देने। मेरे घर पर मेरे जेठ मदनलाल निवासी जरौरी नवादा जिला हरदोई होली मिलने आये थे। उन्हें वापस लौटने में देरी हो रही थी, तभी मैं पति को बुलाने मौके पर पहुंची, तो देखा उक्त लोग मेरे पति व पुत्री को गालियां दे रहे थे। मैने विरोध किया। इतने में दर्शनलाल मेरे पति को मारने पीटने लगे। बसंती व रामरुप ने मेरे व मेरी पुत्री पर ईंट डेला से हमला कर दिया, तभी दर्शनलाल ने मेरे पति के सिर पर खुरपी से हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़े। आरोपीगण मौके से भाग गये। इस दौरान ईंट लगने से मेरी पुत्री भी घायल हो गये। मौके पर मेरे जेठ आ गये। जिनकी मदद से पति को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त दर्शनलाल, बसंती देवी, रामरुप को दोषी करार देते धारा 304 के भाग 2 सपठित की धारा 34 में पांच-पांच वर्ष का कारावास व पचास-पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। धारा 504 में अभियुक्त को एक वर्ष का साधारण कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त बसंती व रामरुप को धारा 323 के आरोप में छह-छह माह का साधारण कारावास व पांच-पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में कारागार में बितायी गई अवधि को सजा में समाहित की जायेगी।

# श्रीमद् भागवत कथा आज से शुरु





**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा परमो धर्म फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन पाण्डेश्वरनाथ शिवालय मंदिर रेलवे रोड पर 25 मई को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ होगा। प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा सत्संग शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक धारा प्रवाह होगी। कथा में बजरंगी महाराज नैमीशरण तीर्थ से आकर प्रवचन करेंगे। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष केदार शाह ने दी है।

# शराबी ने रोडवेज बस स्टैण्ड पर मचाया उत्पात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महुआ है अंगूरी पीना बहुत जरुरी, बिना पिये चैन नहीं आये, चाहें लुटिया तक बिक जाये।

यह पंक्तियां रोडवेज परिसर में कपड़े उतारकर उत्पात मचाता शराबी पर सटीक बैठती है। रोडवेज परिसर के पास एक युवक शराब के नशे में पिकेट ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड से भिड़ गया और शर्ट उतारकर रोने लगा तो कभी हसने लगा, कभी जमीन पर लेट गया। यह नजारा रोडवेज परिसर में मौजूद सवारियों ने देखा।





कपड़े उतारकर उत्पात मचाता शराबी

किसी की हिम्मत नहीं थी कि शराबी को समझाये। बहुत लोग शराबी का नजारा देखकर मजा ले रहे थे। वहीं कुछ लोग उसे घर जाने के लिए कह रहे थे। शराबी को उत्पात मचाता देख तैनात होगमार्डों ने उसे भगाने की कोशिश की, लेकिन वह भागा नहीं और होमगार्ड से ही भिड़ गया। यह नजारा रोडवेज परिसर में एक घंटा तक चलता रहा। जब उसका नशा उतरा तब वह शर्ट पहनकर चलते बना।



प्रवचन करती माता किरन व मौजूद भक्तगण

## वाणी गायन संग प्राणनाथ मंदिर में वार्षिकोत्सव शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव प्राणनाथ मंदिर गुधनामई जहानगंज में सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस पर माता किरन व सर्वजीत सिंह एवं दिलीप महाराज ने प्रवचन दिये। सत्गुरु सरकार की प्रेरणा से प्राणनाथ मंदिर गुधनामई जहानगंज में प्रवचन दिये और आध्यात्म से उन्हे जोड़ा गया। शुक्रवार को वाणी गायन व अखण्ड पाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माता किरन ने कहा कि लोगों का दुख अपना दुख समझो, असहाय लोगों की मदद करों। यही हमें धर्म सिखाता है। उन्होंने सुंदरवाणी के साथ आत्मकल्याण का लाभ लेने के लिए भक्तों को प्रेरित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने कथा का रसपान किया।

# 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को होगी विभिन्न बैठकें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित की जायेगी। इस संदर्भ में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पत्र भेजकर विभिन्न तिथियों में तैयारियां बैठक सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण हेतु पांच ट्रायल बैठक आहुत की जायेगी।

ट्रायल बैठक में मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वादों, दाम्पत्ति वादो, एनआई एक्ट के वादो, बैंक वसूली के वादो, ऋण वसूली अधिकरण आदि के संबंध में बैठके आयोजित की जायेगी। जिसमें मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर दावों के लिए प्रथम बैठक 23 मई, द्वितीय बैठक 1 जून, तृतीय बैठक 11 जून, चतुर्थ बैठक 21 जून को व पंचम बैठक 4 जुलाई को पीठासीन अधिकारी के विश्राम कक्ष में सम्पन्न होगी। वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों के लिए प्रथम बैठक 24 मई, द्वितीय बैठक 3 जून, तृतीय बैठक 12 जून, चतुर्थ बैठक 27 जून, पंचम बैठक 5 जुलाई को सम्पन्न होगी। लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट विवादों के लिए प्रथम बैठक 28 मई, द्वितीय बैठक 4 जून, तृतीय बैठक 13 जून, चतुर्थ बैठक 24 जून, पंचम तैयारी बैठक 1 जुलाई को सम्पन्न होगी। बैंक एवं बीमा विवादों की तैयारी बैठक 27 मई, द्वितीय बैठक 5 जून, तृतीय बैठक 14 जून, चतुर्थ बैठक 25 जून, पंचम बैठक 2 जुलाई को सम्पन्न होगी। प्रशासनिक एवं राजस्व एवं पुलिस व अन्य अधिकारियों की बैठक प्रथम बैठक 1 जून, द्वितीय बैठक 3 जुलाई, तृतीय बैठक 9 जुलाई को नोडल अधिकारी के विश्राम कक्ष में सम्पन्न होगी।

सभी तैयारी बैठकों में विभिन्न वादो के मामले अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये है।

# संकिसा में लोकगायन और नृत्य नाटिका से हुई बुद्ध की स्तुति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को धम्मा लोका बुद्ध विहार में लोक गायन और नृत्य नाटिका से भगवान बुद्ध की स्तुति हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्य अतिथि एसडीएम गजराज सिंह के कर कमलों से हुआ।



नृत्य नाटिका प्रस्तुत करती कलाकार

कार्यक्रम के संयोजक सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने एसडीएम का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, संत कबीर अकादमी, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 24 मई 2024 को धम्मा लोको बुद्ध विहार (पुनपालपुर) संकिसा में सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। मैनपुरी से पधारे कलाकार प्रदीप बौद्ध एवं दल ने अपने लोक गीतों से भगवान बुद्ध का यशोगान किया। लखनऊ से आए कलाकार अनुज मिश्र एवं दल की कथक नृत्य नाटिका बुद्ध शरणं गच्छामि से सांस्कृतिक संध्या की सार्थकता के चरम पर पहुंच गई। भारी संख्या में पहुंचे दर्शकों ने भावविभोर होकर कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना की। अवसर पर धम्मा लोका बुद्ध विहार के अध्यक्ष कर्मवीर शाक्य और संकिसा के पूर्व प्रधान राधव दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद दीक्षित ने किया।

# गंगा स्नान करने पुत्र के साथ जा रही वृद्धा के बाइक सवार बदमाशों ने लूटे कुंडल

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा स्नान कराने अपनी वृद्ध मां को उसका पुत्र बाइक से ढाई घाट लेकर जा रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर वृद्ध के कानों से कुंडल नोच लिये और फरार हो गये। पीड़िता मां व पुत्र ने मदद के लिए आवाज लगायी और दूर तक पीछा किया, लेकिन कोई उनकी मदद को नहीं आया। जिसके चलते लुटेरे फरार हो गये। फिलहाल इस संबंध में पीड़िता की ओर से थाना शमशाबाद में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम बसंतपुर की रहने वाली 65 वर्षीय नन्ही देवी पूर्णिमा पर्व पर गंगा स्नान करने के लिए ढाई घाट अपने पुत्र देशराज के साथ बाइक से जा रही थी। जैसे ही वह शमशाबाद क्षेत्र बिरिय डाडा के पास पहुंची, तभी अपाचे सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी। जिससे नन्ही देवी के पुत्र को बाइक रोकनी पड़ी। वह कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने उनकी मां के कानों से कुंडल नोच लिये और बाइक से कायमगंज की ओर भाग गये। पीड़िता व उसके पुत्र ने मदद के लिए आवाज लगायी और कुछ दूर तक पीछा किया, लेकिन तब तक वह काफी दूर निकल गये थे।



घटना की जानकारी देता पीड़िता का पति रामप्रकाश

पुत्र ने ढाई घाट पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी पिता रामप्रकाश को दी।

पुत्र के अनुसार उसके पिता ढाई घाट गंगा नदी पर झोपड़ी डालकर रह रहे है। पीड़िता ने बताया कि कुंडल की कीमत 40 हजार रुपये है। फिलहाल पीड़ित परिवार की ओर से अभी तक थाना शमशाबाद पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संदर्भ में अभी तक कोई जानकारी नहीं है और न ही किसी ने शिकायत की है। अगर पीड़ित की ओर से कोई शिकायत आयी है तो जांच की जायेगी।

# इंटर ग्रुप कम्पटीशन शूटिंग कैम्प का वार्षिक प्रशिक्षण शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 12 यूपी बटालियन द्वारा सामूहिक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-33) 24 मई से 2 जून तक आर्मी पब्लिक स्कूल आरआरसी फतेहगढ़ में शुरु हो गया है। यह इंटर ग्रुप कम्पटीशन शूटिंग कैम्प है। जिसका नृत्व बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रोमिल शर्मा कैम्प कमाण्डेट के द्वारा किया जायेगा। जिसमें पूरे प्रदेश से एनसीसी ग्रुप मुख्यालयों के कुल 150 कैडेट्स प्रतिभाग करेगें। इसमें से चयनित कैडेट्स को अग्रिम शिविर (कैम्प) जो 11 जून से 30 जून तक आयोजित किया जायेगा में प्रतिभाग करेंगे। कैम्प में फाइनल चयनित कैडेट्स को राष्ट्रीय फायरिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जायेगा। जो तमिलनाडु राज्य में जुलाई में सम्पन्न होगी। सभी कैडेट्स को कैम्प के दौरान फायरिंग प्रतियोगिता का अभ्यास सैनिक अधिकारी सहायक एनसीसी अधिकारी और सैनिक स्टॉफ द्वारा प्रदान किया जायेगा। कैडेट्स को फायरिंग अभ्यास के साथ-साथ ड्रिल हथियार, गोला बारुद, कम्पास एवं समाजिक गतिविधियों का भी अभ्यास कराया जायेगा। कैम्प के दौरान डिप्टी कमाण्डेट एवं एकाउंट आफीसर कर्नल आरपी सिंह, कैम्प एडजूंट लेफ्टिनेंट राजू अहिरवार, सूबेदार मेजर हरिकेश सिंह गुर्जर, फायरिंग जेसीओ सूबेदार राजवीर सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार सुरेश कुमार शर्मा, कोत जेसीओ सूबेदार भीम सिंह, क्वार्टर मास्टर नायब सूबेदार ब्रिजेश सिंह, बीएसएम दिनेश कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# लोहिया अस्पताल के कर्मचारियों को नहीं है किसी का डर

**टूटे बेड पर लेटे मरीज, चादर भी नहीं हो रही नसीब, मुख्यमंत्री से लेकर डिप्टी सीएम कर चुके है निरीक्षण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तापमान में हो रही बढ़ोतरी से जिला अस्पताल लोहिया में मरीजों की संख्या में भी तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मरीजों को टूटे बेड पर लिटाया जा रहा है। यही नहीं उन्हें चादर भी नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को भर्ती मरीजों की संख्या बढ़कर 145 तक पहुंच गई है। ऐसे में बर्न वार्ड में भी सामान्य मरीजों को भेजना अस्पताल प्रशासन की मजबूरी हो गई है। गर्मी का मौसम बढ़ते ही खांसी, जुकाम, बुखार के साथ उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गुरुवार को लोहिया अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या 131 थी, जबकि शुक्रवार को 145 पहुंच गई है। बढ़ते मरीजों के चलते व्यवस्थाएं भी ध्वस्त होती दिख रही हैं। अस्पताल में जनरल एफ7 वार्ड का 36 नंबर बेड टूटा हुआ है। बेड के नीचे एक स्टूल लगाने के बाद मरीज को लिटाया गया है। 18 मई को कोतवाली मोहम्मदाबाद के गांव दाउदपुर नंदसा निवासी आर्येंद्र देवी को नेत्र रोग वार्ड नम्बर 18 में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें अभी तक बेडशीट भी नहीं मिली है। बिना बेडशीट के ही गद्दे पर ज्यादा गर्मी लग रही है। मारपीट के बाद घायलावस्था में भर्ती कराया गया था। इसी वार्ड में थान कम्पिल क्षेत्र के गांव जिजौटा पहाड़पुर निवासी पूजा भर्ती है। उनका कहना है कि वह ऑपरेशन कराने के बाद सोमवार को भर्ती हुई थी। उन्हें अभी तक चादर नहीं दी गई है। इलाज करवाना मेरी मजबूरी है। कई बार कहने के बावजूद भी किसी ने सुनवाई नहीं की है। 5 वार्डों में कूलर भी नही लगे है। गर्मी और उमस की बजह से मरीज उबल रहे है। जल्द स्वस्थ्य होने की बजाय गर्मी की बजह से और उन्हे दिक्कत हो रही है। सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि सुबह ही सभी वार्डों का राउंड लेते है। जहां भी कोई दिक्कत दिखती है।



टूटे बेड पर चादर न मिलने की जानकारी देते मरीज

वहां नोटिंग करके संबंधित पटलों को समस्या समाधान के लिए लिखते हैं। तय समय सीमा में दोबारा निरीक्षण करेंगे। यदि बेड टूटा है। तो बदला जाएगा और चादरें भी सभी मरीजों को मिलेंगी। अगर कोई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ईमानदारी से नहीं कर रहा है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी। बताते चले कि लोहिया अस्पताल का जो यह हाल है यह पहली बार नहीं है। इस अस्पताल का प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा डिप्टी सीएम 3 बार निरीक्षण कर चुके है। इसके अलावा जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने तो अनेकों बार निरीक्षण किया और निरीक्षण में एक नहीं अनगिनत खामियां मिली।

जिस पर निरीक्षण करने वालों ने एक ही बात कही दोषी लोगों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी, लेकिन ढांक के तीन पाक जैसी कहावत साबित हो रही है। जिन लोगों के जिम्मे लोहिया अस्पताल की जिम्मेदारी है उन लोगों के काम चोरी करने पर कोई कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद है। इसलिए तो उन्हें न तो सरकार का और न ही विभागीय अधिकारी का डर है। अब ऐसे में यदि पब्लिक का आदमी अपने हक के लिए आवाज उठाता है तो सभी कर्मचारी मिलकर उसके खिलाफ हड़ताल की धमकी देकर जिले के अधिकारियों को दबा लेते है। ऐसे में दोषियों पर तो कार्यवाही नहीं होती, लेकिन जो अपने हक की आवाज उठाता है तो उस पर चिकित्सकों के साथ अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा डालने का पुलिस मुकदमा दर्ज कर लेती है। इसलिए जन प्रतिनिधि से लेकर पब्लिक का कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ खड़ा होने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है।

अमित शाह ने वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री आर. के. सिंह के पक्ष में की चुनावी सभा, कहा

# तीसरी बार मोदी सरकार, खत्म होगा नक्सलवाद

एजेंसी

**आरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि पांच चरण के मतदान की समाप्ति के बाद नरेंद्र मोदी 310 सीट प्राप्त कर चुके हैं, वहीं लालू-राहुल का सूपड़ा साफ हो गया है ।



श्री शाह ने वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में

**▸ बिहार में घमंडिया गठबंधन का नहीं खुलेगा खाता**

भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री आर. के. सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में घमंडिया गठबंधन का खाता भी नहीं खुलेगा । अब तक हुए पांच चरण में मोदी जी 310 सीट प्राप्त कर चुके हैं, वहीं लालू-राहुल का सूपड़ा साफ हो चुका है।

उन्होंने आरा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से श्री आर.के. सिंह को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि आपको मोदी ने बना बनाया मंत्री चुनने के लिए भेजा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने धारा 370 और नक्सलवाद समाप्त किया। तीसरी बार मोदी जी को पीएम बना दो, छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवाद समाप्त कर देंगे।

उन्होंने कहा कि वोट की लालच में लालू प्रसाद यादव ने जिस पार्टी माले को लड़ाया है, अगर जीत गई तो फिर से नक्सलवाद और गोलियां आएगी। उन्होंने रैली में आए लोगों से पूछा, नक्सलवाद फैलाने वाले माले को जीतना चाहिए क्या। अपने खेत पर कब्जा चाहते हो, अपहरण की इंड्रस्ट्री चाहते हो, लूट खसोट चाहते हो, अगर आरा में माले आई तो मेरी बात मान लो पीछे-पीछे नक्सलवाद भी आ जाएगा। श्री शाह ने कहा, यादव समाज मुगालते में है कि श्री लालू प्रसाद यादव, यादवों के हक में काम करेंगे। वे केवल परिवार के हक में काम करते हैं, समाज के हक में नहीं। उन्हें केवल अपनी बेटी को एमपी और अपने बेटों को मंत्री बनाने की चिंता है। यहां तेल पिलावन रैली करने वाले जंगल राज चलाते थे। लालू यादव को पिछड़ों की चिंता होती तो कर्पूरी ठाकुर को सम्मान देते, लेकिन उन्होंने सम्मान नहीं दिया।

### अग्निपथ योजना में फंसे मोदी ले रहे हैं आयोग का सहारा : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जिस गलत नीति के कारण फंसते हैं, उससे बचने के लिए वह सहारा ढूंढते हैं और इस बार अग्निवीर योजना में फंसे हैं तो इससे निकलने के लिए वह चुनाव आयोग का सहारा ले रहे हैं।
कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अग्निपथ योजना गलत है और इससे सेना में भेदभाव हो रहा है। यह योजना देश, सेना और युवाओं के लिए गलत है इसलिए कांग्रेस की सरकार बनने पर इसे रद्द किया जाएगा लेकिन श्री मोदी इस योजना के कारण फंस गए हैं और अब वह आयोग का सहारा ले रहे हैं।
कर्नल चौधरी ने लिखा, चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा है कि चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी के स्टार प्रचारक डिफेंस फोर्सेज की ऑपरेशनल चीजों पर बात न करें। श्री मोदी जब भी फंसते है तो वह कोई ना कोई सहारा ढूंढते हैं। पहले वह डिफेंस फोर्सेज के पीछे जाकर छुपते थे और अब चुनाव आयोग का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने देश की सेना को मजबूत बताते हुए कहा, हमारी सेनाएं सक्षम हैं, बेहतरीन काम कर रही हैं और देश की सुरक्षा कर रही हैं। लेकिन मोदी सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर सेना को कमजोर किया है। हम उस अग्निपथ योजना को चैलेंज कर रहे हैं, जो देश, सेना और सैनिकों के हित में नहीं है। पूर्व सेना प्रमुख ने भी अग्निपथ योजना का अपनी किताब में जिक्र करते हुए लिखा है कि इस अग्निपथ योजना के ऐलान ने तीनों सेनाओं को चौंका दिया था।

# आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में चुनाव आयोग ने भाजपा, इरफान व सेल को चेताया

एजेंसी

**रांची।** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, बोकारो को चेतावनी देते हुए नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने को कहा है।

भाजपा पर झारखंड में चौथे और पांचवें चरण के चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर मानक मतदाता पर्ची की जगह अबकी बार 400 पार नारा के साथ फोटो, चुनाव चिह्न आदि के साथ मतदाता पर्ची वितरण का आरोप है। इसकी एफआईआर भी दर्ज है। इस बावत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भाजपा के प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ सुधीर श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत वोटरों को


**▸ आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश**

अनाधिकृत पहचान पत्र सादे कागज पर देना है। उस पर किसी दल विशेष का चिह्न, प्रत्याशी का नाम और दल का नाम नहीं होना चाहिए। इस दिशा-निर्देश को पार्टी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को अवगत कराते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

विधायक इरफान अंसारी के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 17 मई को किये गए पोस्ट को जांचोपरांत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हों, जिससे आपस में घृणा फैले या विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल बने। साथ ही अपुष्ट आरोपों, आलोचना से बचने को कहा गया है। साथ ही वोट के लिए ऐसी अपील से भी बचने को कहा गया है, जिससे जाति या सांप्रदायिक भावना उभरती हो। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मंदिर, मस्जिद, चर्च और अन्य धार्मिक स्थलों का चुनावी प्रोपेगंडा के लिए उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।दूसरी ओर, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बावजूद अपने बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मियों को छठे फेज के चुनाव में मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने से मना कर दिया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए बोकारो स्टील प्लांट के महाप्रबंधक को लोक प्रतिनिधित्व की धारा 135 बी के तहत कर्मियों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश दिया।

# बंगाल के करीब पहुंचकर और ताकतवर हुआ रेमल चक्रवात, 26 को लैंडफाल

**▸ बंगाल के तटीय जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना**



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों के करीब पहुंचकर 'रेमल' चक्रवात बंगाल की खाड़ी में और ताकतवर हो गया है। समुद्र में बना दबाव क्षेत्र और ज्यादा सघन होकर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। इसके 26 मई की मध्यरात्रि के आसपास पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप व बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच टकराने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार कहा कि इस चक्रवाती तूफान के टकराने से 26 और 27 मई को पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। पश्चिम बंगाल के कैनिंग से करीब 810 किलोमीटर दक्षिण में मध्य बंगाल की खाड़ी पर बन रहे दबाव क्षेत्र के सघन होकर 25 मई की सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। उत्तरी दिशा में आगे बढ़ते हुए यह 25 मई की शाम तक सघन होकर एक भीषण चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगा। चक्रवाती तूफान के 26 मई की मध्यरपात्रि को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के तटों को पार करने की संभावना है।

मौसम विभाग ने 26 व 27 मई को कोलकाता, दक्षिण व उत्तर 24 परगना, पूर्व मेदिनीपुर और हावड़ा जिलों में भारी से भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने इन दिनों में दक्षिण 24 परगना में 90 से 100 किमी. प्रति घंटे, पूर्व मेदिनीपुर में 80 से 90 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है जबकि कोलकाता, उत्तर 24 परगना और हावड़ा में हवा की गति 60 से 70 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है।

### तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 : भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में

**येचियोन।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 में कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने बुधवार को फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए पहले ही एक पदक पक्का कर लिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे की नजर भी व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम, जो विश्व रैंकिंग में नंबर 2 पर है, ने 16 तीरों से केवल दो अंक गंवाए और मेजबान देश की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को कड़े सेमीफाइनल में 158-157 से हरा दिया। शनिवार को स्वर्ण पदक मैच में ज्योति और प्रियांश का सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से होगा।

### बंगाल के राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति निवास जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। हालांकि मुलाकात किस विषय को लेकर थी, यह नहीं बताया गया।

## खबरें एक नजर में

### ग्रेट इंडियन वॉलेट अध्ययन दिशादर्शक : आशीष तिवारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अग्रणी ग्लोबल कंज़्यूमर फ़ाइनैंस प्रोवाडर की स्थानीय शाखा, होम क्रेडिट इंडिया ने अपने इन-हाउस वार्षिक कंज़्यूमर सर्वे – द ग्रेट इंडियन वॉलेट स्टडी प्रमुख फ़ाइनैंशियल पहलुओं के प्रति कंज़्यूमर का व्यवहार का दूसरा संस्करण जारी किया। ग्रेट इंडियन वॉलेट का अध्ययन दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, लखनऊ, जयपुर, भोपाल, पटना, रांची, चंडीगढ़, देहरादून, लुधियाना और कोच्चि सहित 17 शहरों में किया गया था। सेंपल साइज़ 18 -55 वर्ष के आयुवर्ग में लगभग 2500 था, जिसकी वार्षिक आय 2 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक की थी। इसके परिणामों पर बोलते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के चीफ़ मार्केटिंग ऑफ़िसर, आशीष तिवारी ने कहा- ग्रेट इंडियन वॉलेट अध्ययन हमारे लिए दिशादर्शक के रूप में काम करता है, जो हमें हर साल कंज़्यूमर के फ़ाइनैंशियल व्यवहार के जटिल परिदृश्य के ज़रिए मार्गदर्शन करता है। मूलभूत व्यवहार संबंधी रुझानों पर गौर करके, हम घरेलू फ़ाइनैंशियल स्थिरता और फ़ाइनैंशियल ट्रांज़ैक्शन में टेक्नॉलॉजी से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हैं। इस साल का अध्ययन मज़बूत आर्थिक विकास के कारण शहरी और अर्ध-शहरी कंज़्यूमर्स के बीच समग्र वित्तीय कल्याण में उछाल को दिखाता है, जो कंज़्यूमर भावनाओं, खर्च के पैटर्न और विभिन्न जनसांख्यिकी और खंडों के बीच बचत की आदतों में स्पष्ट अंतर्दृष्टि देता है।

### अंबाला में बस-ट्रक की टक्कर से सात लोगों की मौत

**अंबाला।** हरियाणा में अंबाला-दिल्ली-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के ट्रक और मिनी बस की टक्कर से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई तथा 20 से अधिक अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना अंबाला कैंट के पास मोहरा गांव में आज तड़के उस समय हुई , जब उत्तर प्रदेश से बस में सवार करीब 30 यात्री जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने मिनी बस को टक्कर मार दी, जिसमें एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गयी और 20 से अधिक घायल हो गये। घायलों को अंबाला कैंट सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कांस में सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टू नो ने जीता अवॉर्ड

**मुंबई।** कांस फिल्म फेस्टिबल में भारतीय फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टू नो ने सबसे बेहतरीन शॉट स्टोरी के लिए ला सिनेफ का पहला पुरस्कार जीता है। 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अब एक और खास पल को भारतीय ऑडियंस सेलिब्रेट कर रही है, क्योंकि एफटीआईआई की दूसरी बार किसी शॉट फिल्म ने कान्स में पुरस्कार जीता है। चिदानंद एस नाइक की फिल्म सनफ्लॉवर वेयर द फर्स्ट वन्स टू ने सबसे बेहतरीन शॉट स्टोरी के लिए ला सिनेफ का पहला पुरस्कार जीता है, जो भारत के लिए एक बहुत बड़ी जीत है।

### उत्तराखंड के चार धामों में अब तक 52 श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में दस मई से शुरू हुई गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बारह मई से शुरू हुई बदरीनाथ की यात्रा के लिए आए तीर्थयात्रियों में से 52 श्रद्धालुओं की विभिन्न कारणों से मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी मुख्यमंत्री सचिव और गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने शुक्रवार को दी। श्री पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही स्वास्थ्य सम्बन्धी एसओपी चौदह भाषाओं में जारी की जा चुकी है। जिसे विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवो को अपने नागरिकों को अवगत कराने के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि चार धाम यात्रा शुरू होने के बाद से आज तक गंगोत्री में तीन, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि अधिकांश मृतकों की आयु 60 वर्ष से अधिक है। साथ ही, उनकी मृत्यु का कारण हृदयाघात (कार्डियक अटैक) बताया गया है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य परीक्षण केंद्र स्थापित हैं। साथ ही, स्वास्थ्य मित्र भी कार्यरत हैं। स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रों में अनेक बार श्रद्धालु अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी इतिहास को छिपा लेते हैं।।

### गेहूं की सरकारी खरीद का आंकड़ा 262.48 लाख टन

**नयी दिल्ली।** रबी मार्केटिंग सीजन 2024-25 के दौरान देश के प्रमुख खरीदारी करने वाले राज्यों में गेहूं की खरीदारी सुचारू रूप से चल रही है। इस वर्ष अब तक केंद्रीय पूल में 262.48 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जो पिछले वर्ष की कुल 262.02 लाख मीट्रिक टन खरीदारी से अधिक है। रबी सीजन 2024-25 के दौरान कुल 22.31 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं और उन्हें कुल 59,715 करोड़ रुपए का न्यूनतम समर्थन मूल्य (डैच) मिला है। गेहूं की खरीदारी में मुख्य योगदान पांच खरीद करने वाले राज्यों यानी पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का रहा है, जहां क्रमशः 124.26 लाख मीट्रिक टन, 71.49 लाख मीट्रिक टन, 47.78 लाख मीट्रिक टन, 9.66 लाख मीट्रिक टन और 9.07 लाख मीट्रिक टन की खरीद की गई।

# कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते : ममता बनर्जी

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार बापी हलधर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ममता ने अपने संबोधन में सीधे तौर पर न्यायपालिका पर सवाल खड़ा किया। ममता ने कहा कि हम न्यायालयों और न्यायिक प्रणाली का बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते। एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है।

सीएम ममता की यह टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश चित्तरंजन दास के हालिया बयान को लेकर आई है। उन्होंने 20 मई को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के दिन अपने व्यक्तित्व को आकार देने का श्रेय आरएसएस को दिया था। इससे पहले, कलकत्ता हाईकोर्ट की एक पीठ ने बुधवार को एक आदेश जारी कर



पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश स्वीकार करने योग्य नहीं है। यह शर्मनाक है। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं करती और मैं हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ जाऊंगी। सीएम ममता ने पीएम मोदी की इस टिप्पणी के लिए उन पर निशाना भी साधा कि 'उनकी ऊर्जा जैविक नहीं है'। सीएम ने कहा कि अगर उन्हें भगवान ने भेजा है, तो उनके लिए मंदिर में रहना बेहतर है। मैं उस मंदिर के निर्माण की व्यवस्था करूंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि तृणमूल विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी। पूरी संभावना है कि इंडी गठबंधन सत्ता में आएगा और हम देश को नेतृत्व देंगे।

### यूएन ने फीफा के प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को दिया समर्थन

**जिनेवा।** फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्त है। विश्व फुटबॉल दिवस, जिसे बहरीन, लीबिया और ताजिकिस्तान द्वारा शुरू किया गया था और बाद में इस महीने की शुरुआत में महासभा में 170 देशों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया, वैश्विक स्तर पर इस तरह का समर्थन दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल की एकीकृत शक्ति और लोगों और देशों को एक साथ लाने की इसकी क्षमता का प्रमाण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 मई को वार्षिक विश्व फुटबॉल दिवस को ÷फुटबॉल की वैश्विक पहुंच और वाणिज्य, शांति और कूटनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव÷ के रूप में स्वीकार किया और यह माना कि फुटबॉल सहयोग के लिए जगह बनाता है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने 21-25 मई तक विश्व फुटबॉल सप्ताह शुरू करने का आह्वान किया और उनके प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र और ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑफ फुटबॉल ने समर्थन दिया।

# चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिए निगरानी समिति गठित : पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार धाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिए निगरानी समिति का गठन कर अधिकारियों को यात्रा मार्गों में तैनात रहने का निर्देश देते हुए कहा है कि कोई यात्री बिना पंजीकरण के किसी धाम पर पहुंचता है तो इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

श्री धामी ने यहां उत्तराखंड सदन से वर्चुअल आधार पर चार धाम यात्रा की समीक्षा की और शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह खुद फील्ड पर उतरे और यात्रा की संचालन की खुद निगरानी करें। उन्होंने यात्रा में सभी विभागों के अधिकारियों से यात्रा के संचालन में समन्वय तथा जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन करने का निर्देश दिया और कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यात्रा संचालन की निरंतर निगरानी की सख्त जरूरत बताते एसीएस आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि यात्रा के बेहतर संचालन के लिए यात्रा मार्गों पर शासन के उच्च अधिकारी एवं पुलिस के आईजी स्तर के अधिकारी फील्ड में बराबर तैनात रहें। उन्होंने कहा, मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन का समान समय मिले तथा रजिस्ट्रेशन एवं दर्शन में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देने के साथ ही ऋषिकेश, हरिद्वार एवं अन्य ठहराव वाले स्थानों से केदारनाथ, बदरीनाथ जा रहे वाहनों को अलग-अलग समय में छोड़ा जाये।

### उत्तराखंड हाईकोर्ट शिफ्टिंग को लेकर दिए आदेश पर रोक

**नयी दिल्ली/नैनीताल।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में उत्तराखंड उच्च न्यायालय की शिफ्टिंग को लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय की ओर से दिये गये आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही प्रतिवादियों से जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने विगत आठ मई को एक न्यायिक आदेश जारी कर प्रदेश सरकार को हाईकोर्ट शिफ्टिंग के लिये एक महीने के अदंर भूमि की व्यवस्था करने के आदेश दिये थे। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को इस मामले में सात जून तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपने को कहा था। उत्तराखंड उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन लगातार इस निर्णय का विरोध करती आ रही है। बार एसोसिएशन की ओर से उच्च न्यायालय के आदेश को विशेष अपील के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी। उच्चतम न्यायालय की अवकाशकालीन पीठ में इस मामले में आज सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने सभी पक्षकारों से जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। अब इस मामले में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विस्तृत सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की ओर से न्यायिक आदेश का विरोध किया गया।

### पीवी सिंधु चीन की हान यू को हराकर पहुंची सेमीफाइनल में

**कुआलालंपुर ।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु शुक्रवार को चीन की हान यू हराकर मलेशिया मास्टर्स 2024 बैडमिंटन महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गईं है। कुआलालंपुर के एक्सियाटा एरिना में खेले गये क्वार्टरफाइनल में पीवी सिंधु ने 55 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हान यू को 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। दूसरा गेम हारने के बावजूद पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु निर्णायक गेम में अपना संयम बनाए रखने में सफल रही। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने 16-13 की बढ़त के बाद लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम जीत लिया। हान यू ने दूसरे गेम की अच्छी शुरुआत की और एक समय पर 15-3 की बढ़त बना ली। हालांकि सिंधु ने इस अंत को कम करते हुए स्कोर को 18-13 तक ले जाने में सफल रहीं, लेकिन हान यू ने जल्द ही कुछ अंक हासिल करते हुए दूसरा गेम जीत लिया और सिंधु को निर्णायक गेम खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# तोहफा : एआई से लैस होगा दूरदर्शन

## डीडी किसान 26 को नए रंग-रूप व नए अंदाज में आएगा देश के किसानों के बीच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन 26 मई को एक और उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। नौ साल की अपार सफलता के बाद डीडी किसान 26 मई को नए रंग-रूप और नए अंदाज में देश के किसानों के बीच आ रहा है। यह जानकारी आज केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय की विज्ञप्ति में दी गई है। यह बदलाव देश के किसानों को सबसे बड़ा तोहफा होगा।

पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस युग में यह देश का पहला सरकारी टीवी चैनल बनने जा रहा है जहां एआई एंकर पर सभी की निगाहें रहेंगी। दूरदर्शन किसान दो एआई एंकर एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने जा रहा है। दोनों न्यूज एंकर एक कंप्यूटर हैं, जो हूबहू इंसान की तरह ही हैं और इंसानों की तरह ही काम कर सकते/सकती हैं। यह एंकर बिना रुके या फिर बिना थके 24 घंटे और 365 दिन न्यूज पढ़ सकते हैं। किसान दर्शक इन्हें कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के सभी राज्यों में देख पाएंगे। ये एआई एंकर देश-विदेश में हो रहे कृषि अनुसंधान, अनाज मंडियों में हो रही उठापटक या फिर मौसम की फेरबदल, हर आवश्यक जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे।

### डीडी किसान का मुख्य मकसद

1-डीडी किसान देश का एक मात्र टीवी चैनल है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने किसानों के लिए की गई। इस चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को की गई थी।
2-डीडी किसान चैनल की स्थापना का उद्देश्य था कि वह हमेशा सजग रहते हुए मौसम, वैश्विक बाजारों इत्यादि में होने वाले बदलावों से किसानों को अवगत कराता रहे, ताकि किसान पहले से ही उपयुक्त योजनाएं बना सकें और समय पर सही निर्णय ले सकें। डीडी किसान चैनल 9 साल से इन मापदंडों पर खरा उतर रहा है।
3-डीडी किसान चैनल प्रगतिशील किसानों के प्रयासों को सभी लोगों के सामने लाने का काम भी कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश में कृषि और ग्रामीण समुदाय की सेवा करना तथा उन्हें शिक्षित कर समग्र विकास का वातावरण बनाने का काम करना है।
4-डीडी किसान चैनल कृषि की त्रिआयामी अवधारणा जिसमें संतुलित खेती, पशुपालन और वृक्षारोपण शामिल हैं, को मजबूत कर रहा है।

### हनी ट्रैप में फंसाकर हुई थी बांग्लादेशी सांसद की हत्या

**कोलकाता।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या मामले की सीआईडी जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही हैं। अब पश्चिम बंगाल सीआईडी ने हत्या के पीछे हनी ट्रैप की आशंका जताई है। सीआईडी का दावा है कि हत्या से पहले बांग्लादेश के सांसद को हुश्न के जाल में फंसा कर बुलाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतारा गया। हालांकि, इससे पहले सीआईडी ने सांसद की हत्या के पीछे दोस्त का हाथ बताया था। सीआईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अनार को मारने के लिए दोस्त ने पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। गुरुवार शाम पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उससे रात भर पूछताछ हुई है। शुक्रवार को सीआईडी सूत्रों ने बताया है कि सांसद को एक महिला न्यू टाउन के एक फ्लैट में प्रलोभन देकर ले गई, जिसके बाद भाड़े के बदमाशों द्वारा उनकी हत्या की गई होगी।

# बीसीसीआई ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई से संपर्क नहीं किया : जय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन खबरों का खंडन किया है कि उन्होंने या भारतीय क्रिकेट की शीर्ष संस्था ने टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था।

भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद समाप्त होने वाला है। जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क करने की खबरें पूरी तरह से गलत% हैं। उन्होंने कहा कि भारत के मुख्य कोच के लिए घरेलू क्रिकेट की गहन जानकारी होना जरूरी है। जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा,÷न तो मैंने और न ही बीसीसीआई



ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया वर्गों में चल रही रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक सावधानीपूर्वक और गहन प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ है और टीम इंडिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे कोच को हमारे घरेलू क्रिकेट ढांचे की गहन जानकारी हो। जय शाह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की भूमिका सबसे प्रतिष्ठित होती है। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि मुख्य कोच की भूमिका के लिए उच्च स्तर की व्यावसायिकता की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच से अधिक प्रतिष्ठित कोई भूमिका नहीं है। टीम इंडिया के पास विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रशंसक आधार है, जिसे वास्तव में बेजोड़ समर्थन प्राप्त है। हमारा समृद्ध इतिहास, खेल के प्रति जुनून इसे बनाता है। यह दुनिया की सबसे आकर्षक नौकरियों में से एक है। इस भूमिका के लिए उच्च स्तर की व्यावसायिकता की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसमें दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को तैयार किया जाता है और एक अरब प्रशंसकों की आकांक्षाओं को पूरा किया जाता है यह एक बड़ा सम्मान है और बीसीसीआई सही उम्मीदवार को चुनेगा, जो भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने में सक्षम हो।